सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 6:56

आज का तापमान

शिमला	15.4 न्यू	24.5 अधि
धर्मशाला	15.1 न्यू	27.3 अधि

बाजार

सेंसेक्स	80242.24
निफ्टी	24334.20
सोना 98,040	चांदी 1,02, 943

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

गाबा पर तीसरे टेस्ट में मौका न मिलने पर किया था संन्यास का ऐलान: अश्विन

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 1 मई 2025 | 19 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 122, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स vs मुंबई इंडियंस

समय: रात 7:30 बजे (जयपुर)

न्यूज शॉर्ट्स

एनएसएबी ने पूर्व रॉ चीफ को बनाया चेयरमैन

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) का नए सिरे से गठन किया है। इस बोर्ड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देश की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के चीफ रहे पूर्व आईपीएस आलोक जोशी को सौंपी गई है। जोशी 2012 में तत्कालीन यूपीए सरकार में रॉ प्रमुख बने थे। केंद्र की मोदी सरकार ने जोशी को इससे पहले एनटीआरओ का भी चेयरमैन बनाया था।

बांग्लादेश हाईकोर्ट ने हिंदू नेता को रिहा करने का दिया आदेश

एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश उच्च न्यायालय की एक पीठ ने बुधवार को हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। उन्हें देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी ने कहा, ''दो न्यायाधीशों की पीठ ने अपने पहले के फैसले को बरकरार रखते हुए अधिकारियों से पूछा कि उन्हें जमानत क्यों नहीं दी जानी चाहिए।''

अमेरिका: गोलीबारी में तीन भारतीयों की मौत

एजेंसी, न्यूयॉर्क। अमेरिका के वाशिंगटन प्रांत में एक घर में गोलीबारी की घटना में भारतीय मूल के तीन लोगों की मौत हो गई। मीडिया में आई खबरों के अनुसार यह घटना 24 अप्रैल को वाशिंगटन प्रांत के न्यूकैसल शहर में घटी। सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान हर्षवर्द्धन किक्केरी (44), श्वेता पन्याम (41) और ध्रुव किक्केरी (14) के रूप में हुई है। खबर में किंग काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय के हवाले से कहा गया है कि पुलिस ने श्वेता और ध्रुव की मौत को हत्या माना है, जबकि हर्षवर्द्धन की मौत को खुदकुशी बताया है।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- भाजपा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बना रही निशाना: प्रेम कौशल पेज 2
- गंगथ में कैंडल मार्च निकाल पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि -पेज 4
- राष्ट्रपति दौरे में सुरक्षा व्यवस्था रखें चाक-चौबंद : डीसी -पेज 6
- बेसहारा पशुओं से धनोटू पुल पर लगा रहा जाम, चालक परेशान -पेज 9
- चंबाघाट-कंडाघाट वाया बसाल सड़क होगी चौड़ी -पेज 12

देश में आजादी के बाद पहली बार होगी जातिगत जनगणना

बिहार चुनाव से पहले केंद्र का फैसला, 2026-27 में जारी हो सकते हैं आंकड़े

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आम जनगणना के साथ-साथ जातिगत जनगणना कराने का निर्णय कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले केंद्र सरकार की ओर से खेला गया यह बड़ा दांव हो सकता है।

राहुल गांधी जातिगत जनगणना को लेकर जिस तरह लगातार आक्रामक रुख अपनाते आ रहे थे, 2029 के आम चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बन सकता था, लेकिन केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का वादा कर कांग्रेस के हाथ से यह मुद्दा छीन लिया है। जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सबसे अधिक मुखर रुख कांग्रेस ने ही अपनाया था। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भी पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात कही थी। कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में आई तो उसने वहां भी जातिगत सर्वे कराया। इस पर उसके अपने नेताओं में कुछ मतभेद अवश्य हैं, लेकिन कांग्रेस यह संदेश देने में सफल रही कि वह इस मुद्दे पर गंभीर है।

वहीं, कांग्रेस की तेलंगाना सरकार ने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में भी बढ़ोतरी कर दी है। इससे भी कांग्रेस यह संदेश देने में सफल रही है कि यदि वह केंद्र में सत्ता में आती है तो वह पूरे देश में जातिगत जनगणना कराएगी। वह जातिगत आरक्षण पर भी दबाव बनाने में सफल रही है। कांग्रेस का यह वादा तेलंगाना और कर्नाटक राज्य सरकारों के द्वारा उठाए गए कदमों के कारण जनता के बीच ज्यादा विश्वसनीयता प्राप्त कर सकता था। यदि विपक्ष इसको बड़ा मुद्दा बनाने में सफल रहता तो बिहार चुनाव के साथ-साथ आगामी आम चुनावों में इससे भाजपा को नुकसान हो सकता था। संभवत: यही कारण है कि केंद्र सरकार ने समय को भांपते हुए पहले ही जातिगत जनगणना कराने का निर्णय ले लिया।

गहलोत बोले-राहुल गांधी की मांग पर लगानी पड़ी 'मुहर'

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस फैसले को लेकर कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सामाजिक न्याय के लिए लगातार जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि देश का वास्तविक विकास, समावेशी विकास तभी हो सकता है जब दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और शोषितों को विकास में वैज्ञानिक तरीके से हिस्सेदारी मिलेगी इसलिए राहुल गांधी जातिगत जनगणना पर लगातार जोर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार की कैबिनेट को भी इस मांग पर मुहर लगानी पड़ी। अब 1931 के बाद करीब 94 साल बाद जातिगत जनगणना होगी।

यूपी के चुनाव परिणाम से भी हुआ था खतरे का एहसास

उत्तर प्रदेश को भाजपा ने गुजरात और मध्य प्रदेश के बाद अपना तीसरा सबसे मजबूत गढ़ मान लिया था, लेकिन पिछले आम चुनाव में अखिलेश यादव ने जैसे ही पीडीए के न्याय की बात की, भाजपा का किला ढह गया। कभी यूपी की 80 में 73 सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा इस चुनाव में केवल 36 सीटों पर सिमट कर रह गई। अखिलेश यादव अभी भी पीडीए के मुद्दे को पूरी मजबूती के साथ पकड़े हुए हैं। वह अभी भी इसी मुद्दे के सहारे भाजपा को यूपी के अगले विधानसभा चुनाव में पछाड़ने की रणनीति बना रहे हैं।

जातिगत मुद्दे पर आने को क्यों मजबूर हुई कांग्रेस

भाजपा ने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के मुद्दे से पूरे देश में जिस तरह अपनी पकड़ को मजबूत किया है, विपक्ष के पास कोई दूसरा ऐसा मुद्दा नहीं दिखाई दे रहा था, जिससे वह भाजपा के इस तिलिस्म को चुनौती दे सके। यही कारण है कि भाजपा लगभग अजेय होने की स्थिति में आ गई है, जबकि विपक्ष के पैर चुनाव दर चुनाव उखड़ते जा रहे थे। यही कारण है कि नब्बे के दशक का अनुभव लेते हुए कांग्रेस और विपक्ष ने जातिगत राजनीति को अपनी मुख्य रणनीति में शामिल कर लिया।

रिटायरमेंट पर कर्मचारियों को मिलती रहेगी 40 प्रतिशत एडवांस पेंशन : सुक्खू

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि अप्रैल माह में रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को कम्युटेशन के तहत मिलने वाली एडवांस पेंशन सुविधा नहीं रोकी जाएगी। 30 अप्रैल (बुधवार) को रिटायर हुए सभी 1500 कर्मचारियों को कम्युटेशन का लाभ मिलेगा, लेकिन भविष्य में कर्मचारियों को कम्यूटेशन देनी है या नहीं, इस पर आगामी कैबिनेट बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कम्युटेशन मामले पर सब कमेटी कैबिनट की बैठक हुई है। कमेटी ने कुछ सिफारिशें की हैं, जिसमें सरकारी कर्मचारियों को 40 फीसदी पेंशन एडवांस पर भी विचार करने की बात कही गई है और सब कमेटी ने कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली कम्युटेशन को बंद करने की सिफारिश की है। अब कैबिनेट में इस पर चर्चा होगी। सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने या न बढ़ाने को लेकर भी कैबिनेट में चर्चा होगी।

1500 कर्मचारी हो रहे सेवानिवृत्त, सभी को मिलेगा कम्युटेशन का लाभ

भविष्य में कम्युटेशन पर कैबिनेट की बैठक में लेंगे फैसला

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि कैबिनेट सब कमेटी ने कम्युटेशन से जुड़ी फाइल उन्हें भेज रखी है। इस पर फैसला लेने के लिए उन्हें ओर वक्त चाहिए और विचार विमर्श के बाद अंतिम फैसला कैबिनेट मीटिंग में लिया जाएगा।

डिप्टी सीएम की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब कमेटी ने आर्थिक संकट के दृष्टिगत कम्युटेशन को रोकने की सिफारिश की है। इसकी फाइल मुख्यमंत्री के पास पहुंच गई है। ऐसा करने से कर्मचारियों की रिटायरमेंट की वजह से सरकार पर पड़ने वाले बोझ को कुछ समय के लिए डेफर करने के लिए कम्युटेशन रोकी जा सकती है। इन चर्चाओं से प्रदेश का कर्मचारी वर्ग चिंता में है। खासकर जो रिटायरमेंट एज के आसपास पहुंच गए है। (अनंत ज्ञान)

रिटायरमेंट 58 से बढ़ाकर 59 साल करने पर सरकार गंभीर

कैबिनेट सब कमेटी ने रिटायरमेंट एज भी 58 से बढ़ाकर 59 साल करने का सुझाव मुख्यमंत्री को दिया है। ऐसा करने से सरकार रिटायर होने वाले कर्मचारियों की वजह से देनदारियां एक साल तक टाल सकती है। मगर एक साल बाद ऐसा करने से बोझ डबल हो जाएगा और बेरोजगारी की समस्या ज्यादा गंभीर हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिटायरमेंट एज बढ़ाने का मामला भी सरकार के विचाराधीन है।

प्रदेश में अलग-अलग छात्र-छात्राओं वाले स्कूल एक जगह होंगे मर्ज

प्रदेश के अंदर शिक्षा में गुणात्मक सुधार की दिशा में अब एक और कदम के तहत छात्र व छात्राओं वाले स्कूलों को मर्ज कर सह शिक्षा वाला बनाया जाएगा। मई माह से इसकी शुरूआत होगी। शिक्षा विभाग इस प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा करने की तैयारी कर चुका है। पहले चरण में कक्षा-11वीं व 12वीं का समायोजन कर सह शिक्षा वाला बनाया जाएगा। यानी यदि किसी एक ही स्थान पर अलग-अलग स्कूल हैं, उसे भी मर्ज कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्कूल है, उसे भी मर्ज किया जाएगा।

इससे पहले स्कूलों के युक्तिकरण की शुरुआत भी उन्होंने अपने विस क्षेत्र से ही की थी। इसको लेकर विभागीय स्तर पर प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग का तर्क है कि स्कूल मर्ज होने से छात्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और तीनों संकाय के पूरे शिक्षक भी वहां उपलब्ध होंगे। फिलहाल कैबिनेट की मुहर लगना बाकी है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा की गई है। अब सिर्फ कैबिनेट की मुहर लगना बाकी है। दूसरे चरण में कक्षा 6 से 10वीं तक छात्र व छात्राओं के स्कूलों को भी मर्ज कर दिया जाएगा। इसके लिए जनप्रतिनिधि, विधायक व क्षेत्र के अन्य लोगों से भी सुझाव मांगे जाएंगे। विभाग का तर्क है कि 200 से 500 मीटर की दूरी पर ये स्कूल हैं। इनमें विद्यार्थियों की संख्या काफी कम है। विभाग ने छात्र व छात्राओं के स्कूल को मर्ज करने के लिए कक्षा 6 से 10 तक विद्यार्थियों की संख्या 500 तय की गई है। यदि इससे कम संख्या होती है तो दोनों स्कूलों को मर्ज कर एक ही रखा जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसको लेकर विभाग को निर्देश दिए थे।

गंगोत्री और यमुनोत्री के खुले कपाट, चारधाम यात्रा शुरू

एजेंसी, देहरादून। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही करीब 6 महीने तक चलने वाली चार धाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई। गंगोत्री में एक हजार से ज्यादा और यमुनोत्री में 3 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहले दिन दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

सबसे पहले बुधवार सुबह मां गंगा की डोली मुखबा से गंगोत्री धाम पहुंची। राजपूताना राइफल्स के बैंड की धुनों के बीच गंगा की पूजा-अर्चना की गई। हेलिकॉप्टर से मंदिर पर फूल बरसाए गए। गंगोत्री के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 11.55 बजे खोले गए। इससे पहले यमुना की उत्सव डोली यमुनोत्री धाम पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद यमुनोत्री के कपाट खोले गए। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी गंगोत्री-यमुनोत्री धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। गंगोत्री-यमुनोत्री के बाद अब 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे।

हरियाणा : कार हादसे में हिमाचल के 3 युवकों की मौत

अनंत ज्ञान, नाहन

हरियाणा के यमुनानगर में साढौरा-कालाअंब रोड पर मंगलवार देर रात असगरपुर गांव के पास अनियंत्रित डंपर ने शिलाई नंबर (एचपी85-1824) की ऑल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर चालक गाड़ी सहित फरार हो गया। साढौरा पुलिस ने तीनों शवों और दोनों घायलों को जगाधरी के अस्पताल भेज दिया। घटना मंगलवार रात की है।

मृतकों की पहचान शिलाई इलाके के अनिकेत पुत्र जगत सिंह, जबकि चंबा जिले के विशाल व 22 वर्षीय अतुल के रूप में हुई है, जो हिमालयन कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। गंभीर रूप से घायल युवकों की पहचान हरिपुरधार निवासी 30 वर्षीय महेंद्र और 22 वर्षीय प्रवीण पुत्र मनीराम के रूप में हुई है।

डॉक्टरों के अनुसार महेंद्र की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक पांचों युवक हिमाचल प्रदेश से अपने एक साथी को साढौरा छोड़ने आए थे। लौटते समय सैनी ढाबा के पास हादसा हो गया।

एचपीटीडीसी का हेड ऑफिस कांगड़ा होगा स्थानांतरित : बाली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन रघुवीर सिंह बाली ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के हेड ऑफिस को राजधानी शिमला से जिला कांगड़ा स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि 1972 से एचपीटीडीसी का हेड ऑफिस शिमला के मॉल रोड स्थित एक किराए की बिल्डिंग में चल रहा है। वर्षों से हमें उसे खाली करने के नोटिस मिल रहे थे। साथ ही, सीएम सुक्खू ने कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल घोषित किया है। इसलिए, बुधवार को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एचपीटीडीसी का हेड ऑफिस अब कांगड़ा जिले में स्थानांतरित किया जाए।

हेड ऑफिस शिफ्ट करने का मतलब है कि निगम के आला अधिकारी, जिसमें एमडी, जीएम, डीजीएम, सारा ऑफिस स्टाफ धर्मशाला में कार्यरत होगा। धर्मशाला की नगर निगम ने भी खाली सरकारी भवनों की पेशकश की है, जिन्हें हम इवैल्यूएट करेंगे। उन्होंने बताया कि निगम में वर्षों से पेंडिंग पड़े रिटायर्ड कर्मचारियों के लाभों को प्राथमिकता देते हुए 41 करोड़ रुपए की राशि बीते दो वर्षों में वितरित की।

बंद होटलों के फिर खुलेंगे ताले

उन्होंने बताया कि निगम के तहत 56 होटल हैं, जिनमें से कई वर्षों से बंद पड़े थे या उन्हें मरम्मत की ज़रूरत थी। हमने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) फंडिंग के तहत रेनोवेशन की प्रक्रिया शुरू की है। कई होटलों के टेंडर पहले ही जारी कर दिए गए हैं। कुछ होटल्स की फिज़िबिलिटी जांच और रोडमैप तैयार करने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति की जा रही है। वहीं, उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से बंद पड़े प्रोजेक्ट दोबारा शुरू होंगे।

कोलकाता : होटल में लगी आग, 15 की मौत

एजेंसी, कोलकाता। कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल की चौथी मंजिल में शॉट सर्किट से आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरुष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया कि आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8.15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है।

पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां कीं खाली

एजेंसी, लाहौर। पहलगाम हमले के 8 दिन बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्टें खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्टें खाली की गई हैं। पाकिस्तानी सेना एलओसी पर लगातार सीजफायर वॉयलेशन कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पहली बार इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी सीजफायर तोड़ा, जिसका भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। भारत और पाकिस्तान के मिलिट्री ऑपरेशन के महानिदेशकों ने हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी।

सेब के बाद अब गर्म जलवायु में एवोकाडो उगाने के करीब हरिमन

नीरज शर्मा, घुमारवीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री अवार्ड प्राप्त करने वाले बिलासपुर के पनियाला गांव के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा गद्गद् हैं। सेब प्रजाति एचआरएमएन-99 के जनक हरिमन शर्मा से 'अनंत ज्ञान' ने विशेष बातचीत की। उन्होंने बताया कि वह अब बिलासपुर की गर्म जलवायु में एवोकाडो, खुमानी, प्लम और कॉफी जैसी फसलों की खेती की दिशा में विशेष कार्य करेंगे। एवोकाडो पर वह पिछले करीब डेढ़ साल से कार्य कर रहे हैं और वह कामयाबी के लगभग करीब हैं।

पद्मश्री हरिमन शर्मा

अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

वह हिमाचल की सीमाओं से बाहर निकलकर भी गर्म जलवायु में फलदार पौधों की नई किस्में उगाने पर प्रयोग करेंगे और किसानों-बागवानों को प्रशिक्षित भी करेंगे। उनका कहना है कि बिलासपुर में तापमान अधिक होता है, लेकिन तकनीकी विधियों और सही प्रबंधन से यहां भी सारी फसलें उगाई जा सकती हैं। 'अनंत ज्ञान टीवी' आने वाले समय में हरिमन शर्मा के इन प्रयोगों और उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी पेश करेगा।

पद्मश्री सम्मान मिलने पर उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ एक सम्मान नहीं, बल्कि बागवानी में नए प्रयोग और नवाचारों की ओर बढ़ने की जिम्मेदारी है।

दिल्ली में उनकी प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उनसे विशेष तौर पर अनुरोध किया कि एचआरएमएन-99 प्रजाति के सेब उन्हें भेजे जाएं। इस पर हरिमन ने तुरंत हामी भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को जल्द ही सेब भेंट करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री मेरे उगाए सेबों में रुचि रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

सरोकार | चार साल से जगा रहीं शिक्षा की अलख, पहली से दसवीं तक के 18 बच्चे कर रहे शिक्षा प्राप्त

स्लम बच्चों में ज्ञान की ज्योति जगा रही कुल्लू की निशा

कमलेश वर्मा, कुल्लू

गली मोहल्ले, बाजारों में रोजी रोटी की तलाश में घूमते नन्हे बच्चों की जिंदगी बदलने का संकल्प लेकर काम करने वाले कई लोग हैं, इसमें कुछ लोग ऐसे हैं जो अपने कामकाज से समय निकालकर इस नेक कार्य को करते हैं।

ऐसी ही एक बेटी कुल्लू जिले की भी है, जो एक स्टाफ नर्स है और अपने काम से समय निकालकर वह कुल्लू में झुग्गी-झोपड़ी में ज्ञान की ज्योति जगा रही है। जीवन में यह एक लक्ष्य बनाकर गरीब व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित कर समाज का अहम हिस्सा बनाने में लगी निशा लोगों के लिए प्रेरणा बन रही है। हालांकि, झुग्गियों में शिक्षा का सपना देखना आज भी एक चुनौती है, लेकिन यदि इसी निशा की तरह लोग इन बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रयासरत रहेंगे, तो एक न एक दिन यह सपना जरूर पूरा होगा।

सनद रहे कि आज भी झुग्गियों के बच्चे शिक्षा के अपने अधिकार व शिक्षा से वंचित हैं। पारिवारिक समस्याओं, आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य कारणों के चलते कई बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। ऐसे में इन बच्चों को शिक्षित करने और उनमें शिक्षा का महत्व जगाने का कार्य निशा ठाकुर कर रही हैं। उनका यह प्रयास न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज को एक नई दिशा देने वाला है। लिहाजा, निशा के प्रयासों से स्लम बस्तियों में शिक्षा से वंचित बच्चे आज शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। निशा पेशे से नर्स है और पार्ट-टाइम काम करती है। साथ ही वे अपने आगामी एग्जाम्स की तैयारी भी कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

झुग्गी झोंपड़ी के बच्चों को पढ़ाते हुए निशा।

सोसायटी कर रही सहयोग

निशा के इस नेक कार्य में कुल्लू की ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी उनकी मदद कर रही है। यह सोसायटी बच्चों को किताबें, कॉपियां और कपड़े प्रदान करती है। इन संसाधनों की उपलब्धता से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। नई पेंसिल, कॉपी, और किताबें बच्चों के लिए न केवल पढ़ाई का माध्यम हैं, बल्कि उनके जीवन में खुशी और उम्मीद की एक नई किरण भी हैं।

युवा पीढ़ी को प्रेरणा

निशा का मानना है कि अगर हर युवा अपने समय का कुछ हिस्सा सामाजिक कार्यों में लगाए, तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उनका यह संदेश हर उस व्यक्ति के लिए है, जो समाज में सुधार लाने की इच्छा रखता है। उनका यह प्रयास दिखाता है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ी सकारात्मकता ला सकते हैं।

नर्सिंग प्रोफेशन में रहकर आई सेवा की भावना

बकौल निशा सेवा की भावना उनमें नर्सिंग प्रोफेशन में रहकर आई और इसी भावना के चलते वह इन बच्चों के साथ समय बिताने और इन्हें पढ़ाने पिछले चार साल से हर रोज आती हैं। निशा हर दिन अपने व्यस्त कार्यक्रम से डेढ़ घंटा इन बच्चों को पढ़ाने के लिए निकालती हैं। उनका मानना है कि शिक्षा एक ऐसा साधन है जो बच्चों को गरीबी और अज्ञानता से बाहर निकाल सकता है।

खुले आसमान के नीचे लगती क्लास

निशा की क्लास खुले आसमान के नीचे लगती है। कुल्लू बस अड्डे के समीप बनी झुग्गियों में रहने वाले बच्चों के पास पढ़ाई के लिए कोई स्थायी जगह नहीं है। शुरुआत में उनकी क्लास में करीब 40 बच्चे आते थे। हालांकि, समय के साथ यह संख्या घटकर 18 रह गई। इन 18 बच्चों में फर्स्ट क्लास से लेकर दसवीं तक के बच्चे हैं, जिनमें तीन बच्चे ऐसे हैं जो स्कूल नहीं जाते और यहीं पढ़ाई का पहला कदम रखते हैं। अक्षर लिखने और पढ़ने का ज्ञान प्राप्त करने वाले ये बच्चे निशा की मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं।

न्यूज ब्रीफ

आप की प्रदेश स्तरीय बैठक 5 को हमीरपुर में

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक 5 मई को हमीरपुर में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

श्रद्धालुओं को अक्षय तृतीया का महत्व बताया

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुरली मनोहर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। मंदिर प्रबंधक रवि नंदन अवस्थी ने श्रद्धालुओं को अक्षय तृतीया का महत्व बताया। उन्होंने कहा, इस दिन चार धाम यात्रा की शुरुआत होती है। यज्ञोपवीत, विवाह और अन्य तीज-त्योहारों के लिए यह दिन शुभ माना जाता है। मुरली मनोहर मंदिर परिसर में कथा का आयोजन हुआ इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सभी को प्रसाद वितरित किया गया व विशेष भंडारे का आयोजन भी किया गया।

वीना सहायक रजिस्ट्रार के पद से हुई सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन निवासी वीना भाटिया हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव सोसायटी हमीरपुर से सहायक रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर सहायक रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी हमीरपुर के कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के भाग लिया। उसके बाद वीना भाटिया मातृ सदन पहुंची, जहां परिजनों व रिश्तेदारों ने उनका जोरदार स्वागत किया व सभी ने उन्हें बधाई दी।

कुलदीप का गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान, भोरंज। जीवन बीमा निगम हमीरपुर कार्यालय से उच्च श्रेणी सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए कुलदीप चंद पटियाल का उनके गृह ग्राम बेरी भट्टा पंचायत भुक्कड़ में भव्य स्वागत किया गया। कुलदीप चंद पटियाल ने एलआईसी में 35 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दीं और सेवानिवृत्ति के उपरांत जब वे अपने गांव लौटे, तो ग्रामीणों और परिजनों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। गांव पहुंचने पर उनके स्वागत के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गांव के गणमान्य व्यक्तियों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने भाग लिया।

डॉ. अजायब को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल 32 वर्ष के सकुशल कार्यकाल को संपूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। उनकी इस भावभीनी विदाई समारोह को बड़े धूमधाम से मनाया गया। उनके साथ आए हुए सभी सगे-संबंधियों का अभिनंदन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल को स्नेह-स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर, शॉल एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी आशिमा बन्याल को भी सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल आगामी जीवन के लिए समस्त कॉलेज परिवार की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गईं।

सिल्वरजोन ओलंपियाड में रहा शानदार प्रदर्शन

शशि सोनल, नादौन। सिल्वरजोन इंटरनेश्नल ओलंपियाड गणित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में पुरस्कृत किया। इसमें कक्षा द्वितीय से सिया ने स्वर्ण पदक, विवान ने रजत पदक व युवराज ने कांस्य पदक हासिल किया। कक्षा चौथी से यास्मीन ने स्वर्ण पदक, देवांशी ने रजत पदक व लक्ष परमार ने कांस्य पदक हासिल किया। कक्षा पांचवीं से कुलनंदन ने स्वर्ण पदक, अनिका ने रजत पदक व आशवी ने कांस्य पदक हासिल किया। सातवीं से संस्कृति कौंडल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने बताया कि इसी तरह सिल्वरजोन इंटरनेश्नल ओलंपियाड विज्ञान प्रतियोगिता में दूसरी कक्षा से रेयांश भारद्वाज और रिजुअल परिहार स्वर्ण पदक, तनिष्क ने रजत पदक व अक्षित ने कांस्य पदक हासिल किया। दसवीं कक्षा से मौली ने स्वर्ण पदक, वंशिका ने रजत पदक व अनीश ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्यारहवीं कक्षा से अंकिता ने स्वर्ण पदक, मिताशी ने रजत पदक व भुवनेश डोगरा ने कांस्य पदक हासिल किया। बारहवीं से सान्या कटोच ने साईंस ओलंपियाड में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर प्रिंसीपल आरती कटोच ने कहा कि राज्य भर में स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक प्राप्त करना हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है।

राजेंद्र के छोटे बेटे के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नेचुरल डिसएबल संगठन के प्रधान राजेंद्र सिंह सिपहिया के छोटे बेटे मंजीत निवासी गांव खनसरा लोहड़र, विकासखंड बिझड़ी के असमय निधन की सूचना ने संपूर्ण क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। यह एक अपूरणीय क्षति है, जो अत्यंत पीड़ादायक है। नेचुरल डिसएबल संगठन, जिला हमीरपुर की ओर से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की।

छबील प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का माध्यम : सुभाष

अनंत ज्ञान, रंगस। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म में एक विशेष और शुभ दिन माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन किए गए कार्य फलित होते हैं और अक्षय फल प्रदान करते हैं। अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान पूरे साल आपको पुण्य और फूल फल देता है। जानकारी देते हुए शक्तिधाम श्रीराम मंदिर (न्याटी) रंगस के पुजारी सुभाष चंद ने बताया कि छबील एक ऐसा पेय पदार्थ होता है, जो आमतौर पर ठंडा और मीठा होता है। इसे अक्षय तृतीया के दिन धार्मिक और सामाजिक उद्देश्यों से लोगों को वितरित किया जाता है। कई जगहों पर छबील लगाने की परंपरा है। यह परंपरा लोगों के बीच प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का एक माध्यम है। अक्षय तृतीया के दिन दान-पुण्य को भी बहुत महत्व दिया जाता है। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिले में कई स्थानों पर छबील लगाकर लोगों को मीठा व ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाया गया। छबील लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को ठंडा पेय पदार्थ उपलब्ध करवाना और आपसी प्रेम-भाईचारा बढ़ाना है।

24 साल बाद टिककर-डेरा सड़क का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा के गांव डेरा टिककर का सड़क कार्य आज लगभग 24 साल बाद शुरू हुआ है। विधायक कै. रणजीत सिंह इस कार्य को शुरू करवाने के लिए खुद गांव में पहुंचे। गांव वासियों द्वारा विधायक का गरमजोशी के साथ स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि मैं 4-5 महीने पहले इस गांव में आया था, जहां-जहां दिक्कत आ रही थी उन सभी के घरों में बैठकर बातचीत की और आज हमारी मेहनत रंग लाई। सड़क का कार्य विधिवत रूप से शुरू करवा दिया है। इसके लिए गांव वासियों ने विधायक कै. रणजीत सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया।

शिविर में 35 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, नादौन। संयुक्त कार्यालय भवन नादौन के सम्मेलन कक्ष में रेडक्रॉस यूनिट नादौन एसडीएम राकेश शर्मा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मेडिकल कालेज हमीरपुर की तरफ से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदान संबंधित भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर में संदीप रैना, कृष्ण पाल, काका, जितेंद्र, नवीन कुमार, अक्षित, नागेश पाल, अजय कुमार, राजीव कुमार, राम स्वरूप, जितेंद्र पाल, अरूण कुमार सहित 35 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है। इससे किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि किसी की जान बचाई जा सकती है।

निलंबित करना तानाशाही मानसिकता का प्रमाण : राकेश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भाजपा जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार, जिसने झूठे वादों और दिखावटी घोषणाओं के बल पर सत्ता प्राप्त की थी, आज हर वर्ग के कर्मचारियों और व शिक्षकों के साथ अन्याय और उत्पीड़न कर रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जो शिक्षक और कर्मचारी लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे, उन्हें निलंबित करना सरकार की तानाशाही मानसिकता का प्रमाण है। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अपने अधिकारों के समर्थन में धरना दिया था, लेकिन सरकार ने संवाद और समाधान की बजाय दमन का रास्ता चुना है। यह न केवल कर्मचारियों का अपमान है, बल्कि लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला है। राकेश ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्री-नर्सरी से प्लस टू तक एकल निदेशालय बनाने से क्या प्राथमिक शिक्षा, जो कि हमारी शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है, पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

जैविक विविधता का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में एक्सटेंशन लेक्चर की श्रृंखला को जारी रखते हुए सहायक प्रोफेसर तनुजा धीमान द्वारा व्याख्यान दिया गया। उनके व्याख्यान का विषय जैव विविधता की हानि, कारण और परिणाम रहा। उन्होंने बताया कि हमारे पर्यावरण में बहुत सी जैविक विविधता पाई जाती है और इस विविधता को धीरे-धीरे हानी पहुंचाई जा रही है। जैव विविधता पारिस्थितिकी तंत्र की उन्नति के लिए उपयोगी है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन जलवायु परिवर्तन और भारतीयों के दोहन कृत्यों से कई पौधे और जानवर विलुप्त होने की कगार पर हैं। वन्य जीव अधिनियम के तहत 253 प्रजातियों का उल्लेख है जिनको पर्याप्त संरक्षण की जरूरत है। जैविक विविधता को बनाए रखने के लिए हमें पुख्ता कदम उठाने की जरूरत है, ताकि पौधों, जानवर, कवक और सूक्ष्मजीवों जैसे जैविकों को बचाया जा सके।

मेले में गैस सिलेंडर में लगी आग

एसके शर्मा, जाहू

जाहू मेवा उत्सव मेले में दुकान में लगे सिलेंडर को आग लगने से मेले में अफरा-तफरी मच गई। मेले में जाहू पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य अवीव नहीं होते, तो लगभग 70 से अधिक दुकानें जलकर राख हो जाती और एक बहुत बड़ा हादसा हो जाता। मेले में छोले-भटूरे की दुकान के गैस सिलेंडर के खत्म हो जाने पर जैसे ही दुकानदार ने दूसरा सिलेंडर लगाया, उससे गैस लीक होने लगी।

दुकानदार द्वारा काउंटर पर धूप जलाया गया था, जिससे आग लग गई। सिलेंडर में आग लगने से चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई और मेले में आए लोग व दुकानदार इधर-उधर भागने लगे। मेले में जाहू पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य अवीव के द्वारा एकदम दूसरी दुकान से गर्म कंबल उठाया और पानी में गीला कर सिलेंडर के चारों तरफ लपेट दिया और उसके उपर पानी फेंकना शुरू कर दिया, जिससे गैस सिलेंडर में लगी आग बुझ गई। दुकानदारों का कहना है कि अगर अवीव नहीं होते, तो सिलेंडर के ब्लॉस्ट हो जाने से बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। अवीव ने बताया कि वह मेले में सामान खरीदने आए था, तो अचानक सिलेंडर में आग लगने की घटना घटित हो गई।

कोई भी सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का प्रयास नहीं कर रहा था और सभी लोग सिलेंडर में लगी आग से डर रहे थे। उन्होंने बताया कि मैने एक दुकान से गर्म कंबल उठाया और पानी से गीला कर सिलेंडर पर लगा दिया, अगर दो-तीन मिनट सिलेंडर में आग नहीं बुझती, तो सिलेंडर ब्लॉस्ट हो जाता। (अनंत ज्ञान)

4 दिन खड़ा रहा अग्निशमन का वाहन

जाहू मेवा उत्सव के दौरान जितनी भी सांस्कृतिक संध्याएं हुई, उस दौरान अग्निशमन विभाग का वाहन मेले में खड़ा रहा, जैसे ही सांस्कृतिक संध्याएं समाप्त हुई विभाग ने वाहन को वहां से हटा लिया। लोगों का कहना है कि मेले में यह किस तरह का आग की घटना का इंतजाम है। मेले में अग्निशमन विभाग का वाहन मेला समाप्त होने तक वहीं रहना चाहिए था। जाहू पंचायत की प्रधान व मेवा उत्सव कमेटी की प्रधान अनुराधा शर्मा ने बताया कि मेले की एक दुकान में सिलेंडर में आग लगने पर जाहू पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य अवीव ने सूझबूझ का परीचय देते हुए गैस सिलेंडर की आग को बुझा दिया। उन्होंने सभी दुकानदारों से आह्वान किया कि गैस सिलेंडर को पूरी तरह से जांच के बाद ही लगाएं।

बेटियों को उच्च शिक्षा दें अभिभावक: देशराज

अनंत ज्ञान, जाहू। उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में बुधवार को प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में 7वीं कक्षा की छात्रा ईशिता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सहपाठियों ने जन्मोत्सव पर केक काट कर खुशी मनाई। स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में बेटियों की अहम भूमिका रहती है, क्योंकि बेटियां परिवार की पालनहार है इसलिए अच्छे समाज के निर्माण के लिए समस्त अभिभावकों को बेटियों के अच्छे पालन-पोषण के साथ उच्च शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि भूक्कड़ स्कूल के बेटी जन्मोत्सव को प्रमुखता से मनाने का निर्णय लिया गया है। इससे साथ ही गुणात्तक शिक्षा दी जा रही है। स्कूल में बेटों से बेटियां आगे निकल रही हैं। कार्यक्रम में इशानवीं, पीयूष, सक्षम, शिवांश, विशाल, अंशिका, पवन रांगड़ा अर्थशास्त्र प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

जाइका समीक्षा मिशन ने किसानों को 1.4 किलोमीटर लंबा कृषि पहुंच मार्ग सौंपा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश जाइका कृषि परियोजना के दौरे के तीसरे दिन बुधवार को दो सदस्यीय जाइका समीक्षा मिशन ने मंडी जिले में कटली नाला उपपरियोजना के कृषक विकास संघ (केवीए) को 1.4 किलोमीटर लंबे कृषि पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया।

समीक्षा मिशन में परियोजना निर्माण सलाहकार इनागाकी युकारी विकास विशेषज्ञ निष्ठा वेंगुर्लेकर शामिल हैं, जबकि परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान परियोजना क्षेत्र के दौरे के दौरान मिशन टीम के साथ रहे। जाइका समीक्षा मिशन 1010 करोड़ रुपए की हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2, जाइका-ओडीए की प्रगति जानने के लिए चार दिवसीय दौरे पर हैं, जिसे जुलाई 2021 में लांच किया गया था। यह परियोजना सभी 12 जिलों में 306 सिंचाई योजनाएं विकसित कर रही है, जिससे 8,000 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जा रहा है, जिससे 25,000 किसान परिवारों को लाभ मिल रहा है। जाइका समीक्षा मिशन ने लाभार्थी किसानों द्वारा आयोजित स्थानीय किसान मेले में भाग लिया तथा आधुनिक कृषि मशीनरी, कृषि उपज तथा किसानों व स्वयं सहायता समूहों के साझा हित समूहों द्वारा लाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। कटली नाला से ननवाहन पपलेहरा उप-परियोजना जिला मंडी की पंचायत मराठू में स्थित है। इस सिंचाई उप-परियोजना का निर्माण 1,29,91,226 रुपए की लागत से किया गया है, जिससे 23.90 हेक्टेयर कमांद क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिली है तथा इसके निर्माण से 38 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं।

अभिषेक गर्ग ने संभाला एडीसी का कार्यभार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश कैडर के 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अभिषेक कुमार गर्ग ने बुधवार को जिला हमीरपुर में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) के पद का कार्यभार संभाल लिया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अभिषेक कुमार गर्ग ने इससे पूर्व बिलासपुर उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) के रूप में सेवाएं प्रदान की हैं। अभिषेक कुमार गर्ग बोकारो झारखंड के रहने वाले हैं। कार्यभार ग्रहण करते हुए अभिषेक गर्ग ने कहा कि जिला हमीरपुर में प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को तीव्र गति से क्रियान्वित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही, ग्रामीण विकास अभिकरण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया जाएगा। एडीसी ने कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शिता, दक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा।

त्रिशा कॉलेज के प्रशिक्षु अध्यापकों ने हिडिंबा, त्रिलोकीनाथ मंदिर में किए दर्शन

सुनील कुमार, हमीरपुर

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में बीएड चतुर्थ व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों की शैक्षिक यात्रा मनाली और त्रिलोकीनाथ के लिए रवाना हुई थी।

इसका आयोजन चंपा ठाकुर ने बड़े उत्साह पूर्वक प्रशिक्षु अध्यापकों को मनाली में हिडिंबा मंदिर के दर्शन करवाए तथा उसके बाद त्रिलोकीनाथ मंदिर में प्रशिक्षु अध्यापकों को भ्रमण करवाया। कॉलेज छात्रों ने इस शैक्षिक भ्रमण का खूब आनंद लिया तथा खुशी प्रकट करते हुए कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा का तहे दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इससे लड़कियां आत्मविश्वासी बनती हैं और अपने फैसले खुद ले सकती हैं। प्रशिक्षु अध्यापकों ने इस शिक्षा यात्रा में बहुत ही आनंद लिया तथा समय पर अपने-अपने घर लौटे। (अनंत ज्ञान)

पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी नवाजे

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से निरीक्षक राज कुमार, मानक सहायक उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह, मानक सहायक उपनिरीक्षक सोम दत्त तथा मानक मुख्य आरक्षी अजमेर सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में पुलिस लाइन हमीरपुर में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उपपुलिस अधीक्षक हमीरपुर नितिन चौहान, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी प्रताप सिंह ठाकुर नादौन तथा उपपुलिस अधीक्षक (एलआर) हरीश गुलेरिया तथा पुलिस कर्मी तथा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारियों के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन हमीरपुर में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी।

गसोता महादेव मंदिर में अक्षय तृतीया महोत्सव की रही धूम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सीनियर सिटीजन काउंसिल के तत्वावधान में गीता प्रचार-प्रसार संस्थान हमीरपुर की ओर से गसोता महादेव मंदिर में अक्षय तृतीया महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वदेव पूजन, परशुराम पूजन और शिव चालिसा, भजन-कीर्तन, विष्णु सहस्त्रनामों का पाठ किया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल ने गसोता महादेव कमेटी के प्रधान, उपप्रधान और सचिव को टोपी, पटका और गीता की प्रति देकर सम्मानित किया। वहीं, अक्षय तृतीया महोत्सव पर मंदिर कमेटी द्वारा सभी श्रद्धुलओं को गसोता महादेव का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। इसी के साथ पांच विद्वान ब्राह्मणों की पूजा-अर्चना कर उन्हें धोती, गढ़वी, मिठाई और छाते दिए। गीता प्रचार प्रसार संस्थान के महासचिव भगवान दास शास्त्री और भूमिदेव शास्त्री ने इस महोत्सव का कार्यक्रम पूरी विधि विधान से संपन्न करवाया। पूजा के बाद हवन किया और मंदिर की ओर प्रीतिभोज भी भक्तों को दिया गया।

भाजपा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बना रही निशाना : प्रेम कौशल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

कहा-भारत के विषय में भाजपा व पाकिस्तान दोनों का एजेंडा लगभग एक समान

भारत के विषय में भाजपा और पाकिस्तान दोनों का एजेंडा लगभग एक समान ही, पाकिस्तान आतंकियों के माध्यम से मासूम और निर्दोष हिंदू धर्म से संबंधित देशवासियों को मौत के घाट उतार कर भारत में धार्मिक हिंसा फैलाने का षड्यंत्र करता है।

वहीं, भाजपा भी अपनी कार्यप्रणाली तथा नीतियों से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को निशाना बनाकर और उनके प्रति बहुसंख्यक समुदाय में नफरत पैदाकर धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति को अंजाम देने की नीति के ऊपर कार्य करती है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि पहलगाम घटना के उपरांत कांग्रेस पार्टी तथा देश के तमाम विपक्षी दलों ने उग्रवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी निर्णय लेने के लिए सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है, लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में उनके स्वयं शामिल होने की बजाए ऐसे समय में चुनावी सभा को संबोधित करने को लेकर सवाल करना तथा संसद का विशेष सत्र बुलाकर पाकिस्तान के खिलाफ सामूहिक रूप से एक प्रस्ताव पारित करने की विपक्ष की मांग में भाजपा को क्या गलत लगता है। भाजपा इसे स्पष्ट करें। कौशल ने कहा कि पहलगाम की घटना सरकार की नालायकी और चूक के कारण ही संभव हो पाई है, यदि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होते, तो उग्रवादी और पाकिस्तान कभी भी निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारने के अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होते।

तन्मय व रूद्रा ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में अंतर सदनीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में आर्याभट्ट सदन, भावा सदन, बोस सदन व रमन सदन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने रिबन काटकर किया। इस प्रतियोगिता में बोस सदन के छात्रों तन्मय, रूद्रा, नवजोत व सक्षम ने प्रथम स्थान व आर्याभट्ट के छात्रों आदि वर्मा, राजवीर, अंकुश व शिवांश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रमन सदन की छात्राओं क्षीरिन, तनुप्रिया, आकृति व राधिका ने प्रथम स्थान, आर्यभट्टा सदन की छात्राओं श्रन्या, शान्वी, यस्मिन व खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य शशि बाला ने शारीरिक शिक्षकों रेणु बाला, सुनील कुमार, राकेश कुमार, जितेंद्र व हिमांशु को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आईटीआई बीहड़ू ने हासिल किए मेडल

विजेता खिलाड़ियों का चमन आईटीआई बीहड़ू में पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

एसके ठाकुर, बड़सर

आईटीआई रैल में संपन्न हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चमन आईटीआई बीहड़ू के छात्रों ने वॉलीबाल में प्रथम स्थान हासिल कर अपने संस्थान का नाम रोशन किया है।

वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में संस्थान के छात्र खिलाड़ी शिवा ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड तथा वरुण ने ब्रांज मेडल हासिल किया। इसी क्रम में डिस्कस थ्रो में शिवा ने प्रथम और चंदन बन्याल ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, ट्रिपल जंप में चमन आईटीआई के छात्र वरुण ने प्रथम तथा अंकुश शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में चमन आईटीआई के छात्र शिवा बेस्ट एथलीट चुने गए। विजेता टीम का आईटीआई में पहुंचने पर प्रबंधक एडवोकेट कमलनयन शर्मा एवं समस्त स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संस्थान के प्रबंधक कमल नयन शर्मा ने समस्त स्टाफ अभिभावकों, बच्चों को इस जीत पर बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण परेशान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। दड़ूही पंचायत में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। ये कुत्ते हर किसी राहगीर पर हमला कर रहे हैं व पालतू पशुओं के लिए भी बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों और खुद ग्राम पंचायत प्रधान उषा बिरला द्वारा जब इस समस्या की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की, तो संबंधित विभाग द्वारा शिकायत दर्ज करने से ही मना कर दिया गया। इस पर ग्रामीणों में आक्रोश है और वे प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। प्रधान उषा बिरला ने बताया कि पंचायत स्तर पर इस तरह की समस्या से निपटने के लिए न तो कोई विशेष प्रावधान है और न ही कोई प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने प्रशासन व सरकार से अपील की है कि इस गंभीर समस्या का संज्ञान लिया जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण सुरक्षित रूप से खेतों में काम कर सकें और अपने पशुओं की रक्षा कर सकें। गांव के लोगों की मांग है कि पशु पालन विभाग या प्रदेश सरकार की ओर से टीम भेजी जाए।

कार्यक्रम डीसी ने सभी जिला वासियों से की रैफरल ड्रॉ में भाग लेने की अपील

पहचान संस्था के विशेष बच्चे निकालेंगे रैफरल ड्रॉ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि 8 मई को अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और रैफरल ड्रा भी निकाला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस और रैफरल ड्रा की तैयारियों को लेकर डीसी ने बुधवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तय की।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर हमीरपुर में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा तथा स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस की लैब को दोबारा शुरू किया जाएगा। इसके लिए अलग से एक कमेटी गठित की गई है। डीसी ने रेडक्रॉस दिवस पर सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 2 मई को मिनी सचिवालय बड़सर, 3 मई को डिग्री कॉलेज कन्जयाण, 5 मई को सुजानपुर में रक्तदान शिविर लगाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि अधिक बार रक्तदान करने वाले तथा रेडक्रॉस में अधिक दान देने वाले दानवीरों को सम्मानित किया जाएगा। रैफरल ड्रॉ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी ने बताया कि इस रैफल ड्रॉ की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स को खरीदने के लिए लोग बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं। अभी तक जिले भर में लाखों की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स बिक चुकी हैं। बुधवार सुबह तक रैडक्रॉस के खाते में लगभग 17 लाख रुपए जमा भी हो चुके हैं। रैफरल ड्रॉ पहचान संस्था के विशेष बच्चों के हाथों से निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रैफरल ड्रॉ का एकमात्र उद्देश्य जिला रेडक्रॉस सोसायटी के लिए अधिक से अधिक फंड जुटाना है, ताकि इस धनराशि से अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके। डीसी ने कहा कि 100-100 रुपए की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स खरीदकर आम लोग जहां रैफरल ड्रॉ में भाग लेकर बड़े ईनाम जीत सकते हैं। वहीं, उनकी नेक कमाई में से यह छोटा सा अंशदान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जाएगा तथा किसी गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्ति के काम आएगा। उन्होंने कहा कि इस रैफरल ड्रॉ में पहले पुरस्कार के रूप में हुंडई की लग्जरी गाड़ी क्रेटा रखी गई है।

इसके अलावा द्वितीय पुरस्कार के रूप में रॉयल एनफील्ड मोटर साइकल, तृतीय पुरस्कार में 2 होंडा एक्टिवा स्कूटियां, चौथे पुरस्कार में एलजी की 55 इंच की 3 एलईडी, पांचवें पुरस्कार में एलजी की 4 ऑटोमैटिक वाशिंग मशीनें, छठे पुरस्कार के रूप में सैमसंग ए16 के 5 मोबाइल फोन, सातवें पुरस्कार में 7 माइक्रोवेव ओवन और आठवें पुरस्कार के रूप में 10 स्मार्ट वॉच रखी गई हैं। डीसी ने सभी जिलावासियों से भी इस रैफरल ड्रॉ में भाग लेने की अपील की। बैठक में एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त अनुपम ठाकुर, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश सांख्यान आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

हिमाचल प्राथमिक शिक्षक संघ की हड़ताल जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का क्रमिक अनशन जारी है। पांच दिन से यह क्रमिक अनशन टूटने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के बाहर शिक्षक हड़ताल पर बैठे हैं। शिक्षक पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक शिक्षा के विभिन्न विभागों के गठन की मांग कर रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग ने 26 अप्रैल को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 10 शिक्षकों को निलंबित कर दिया था। इससे शिक्षक संघ में भारी रोष है और वह अपना क्रमिक अनशन तोड़ने को तैयार नहीं है। वह शिमला स्थित प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठकर सरकार के आगे ना झुकने का दावा कर रहा हैं, जबकि सरकार बातचीत के लिए तैयार नहीं दिख रही है। उसकी तरफ से अभी तक कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

नौंहगी में दिखे नकाबपोश, लोगों में दहशत

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन उपमंडल की नौंहगी पंचायत के गांव रूहाल में तीन नकाबपोश संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं जिससे क्षेत्र में दहशत का महौल है। मिली जानकारी के अनुसार रूहाल गांव की कमला देवी पत्नी राजेन्द्र पाल अपने खेतों में घास लेने गई थी कि अचानक तीन 5.6 फुट लंबे संदिग्ध व्यक्ति दिखे जो उसके नजदीक आ रहे थे। जब कमला देवी की नजर न पर पड़ी तो वे देखकर डर गई कि इन तीनों ने मुंह पर काला कपड़ा लपेट रखा था। महिला ने स्थिति को भांपते हुए अपने पोते को आबाज लगाई और उसे आने को कहा। महिला की आबाज लगाते ही तीनों संदिग्ध व्यक्ति दबे पांव रास्ते की बजाए खेतों से होते हुए भाग गए। पुष्टि करते हुए पंचायत नौंहगी के उप प्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि उन्हें देरी से इस मामले की खबर मिली फिर भी उन्होंने चारों ओर फोन किए लेकिन तब तक वे संदिग्ध व्यक्ति भाग चुके थे। उन्होंने बताया कि महिला ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए अपने पौत्र को समय रहते आबाज लगाई जिसके चलते संदिग्ध व्यक्तियों को भागना पड़ा। ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि बीती रात उनकी पंचायत के ही गांव कुठियाणा में एक मकान पर पत्थराव किया गया जिससे लोग सहमे हुए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने गांव या आस पास के क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो वे बिना समय गंबाए इसकी सूचना पंचायत व पुलिस को दें ताकि समय रहते उनकी धर पकड़ की जा सके। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे सर्तक रहकर सुरक्षित रहें। पुलिस थाना नादौन के प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है फिर भी क्षेत्र में ग्रस्त की जाएगी।

प्रदेश में कर्मचारियों के बीच भेदभाव नहीं होगा

पुष्पेंद्र, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि नियुक्ति की तारीखों के आधार पर समान स्थिति वाले कर्मचारियों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल ढुआ ने प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्ति के आधार पर समान स्थिति वाले कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान का लाभ न देने को भेदभावपूर्ण ठहराया। कोर्ट ने कहा कि 3 जनवरी 2022 और 6 सितंबर 2022 की अधिसूचनाओं के तहत स्वीकार्य वित्तीय लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से याचिकाकर्ताओं को उनके अपने बैचमेट्स और जूनियर्स से अलग करने की कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं सहित 151 पदाधिकारियों की सेवाओं को नियमित करने वाले 30.12.2021 के सामान्य आदेश के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि सभी कर्मियों को नियमित कर्मचारी के रूप में शामिल होने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था।

टोका नगला में 15 लीटर अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पांवटा साहिब क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने टोका नगला गांव से एक व्यक्ति को 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पुरूवाला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जसपाल सिंह, निवासी टोका नगला, अवैध रूप से शराब तैयार करने और बेचने का कार्य कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर छापेमारी की जिसमें आरोपी के कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

हिमाचल में छह दिन बारिश, आंधी और बिजली गिरने का येलो अलर्ट

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश में तापमान में हो रही बढ़ोतरी के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेगा और लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार राज्य में पहली मई से एक ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है।

इसके कारण छह दिनों तक आंधी, बिजली गिरने और बारिश का दौर चलेगा। मौसम विभाग ने आगामी सात दिनों के लिए जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार 1 मई से 6 मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा तूफान

पूर्वानुमान के मुताबिक 1, 2, 3 और 4 मई को राज्य के कुछ इलाकों में आंधी और तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की संभावना है। 1 से 3 मई तक कुछ क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 4 और 5 मई को 'फेयरली विडस्प्रेड शोवर्स' यानी अपेक्षाकृत व्यापक बारिश होने की चेतावनी दी गई है। इन दोनों दिनों के लिए विभाग ने विशेष अलर्ट भी जारी किया है। हालांकि 4 से 6 मई तक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घण्टे की गति से हवाएं चलने का अंदेशा है।

आंधी के समय खेतों में काम करने से करें परहेज

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश, आंधी व बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर किसानों और आम लोगों को सलाह दी है कि वे मौसम की स्थिति पर नजर रखें और खराब मौसम के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें। विशेष रूप से तेज हवाओं और आंधी के समय खुले स्थानों से दूर रहें और खेतों में काम करने से परहेज करें।

राज्य के कुछ क्षेत्रों में चलीं तेज हवाएं

राज्य के कुछ इलाकों में तेज हवाएं चलीं। इनमें शिमला जिला के कुफरी में 65, कोटखाई में 48, लाहौल स्पीति के ताबो में 46, किन्नौर के रिकांगपिओ में 46 और बजौरा में 43 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं रिकॉर्ड की गईं। हालांकि कहीं भी हीटवेव या गरज के साथ बारिश जैसी स्थिति दर्ज नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि अप्रैल के अंतिम दिनों में हिमाचल में गर्मी ने अपना असर दिखाया है। मैदानी इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया था। बीते 28 अप्रैल को ऊना में सीजन के सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अब बारिश के आसार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

ढीले पड़े गर्मी के तेवर, ऊना 38.6

हिमाचल में बुधवार को मौसम के तेवर ज्यादा तीखे नहीं रहे। शिमला का अधिकतम तापमान 24.5, सुंदरनगर, 34.3, भुंतर 33.3, कल्पा, 25.3, ऊना 38.6, नाहन 32.3, केलांग 19.9, सोलन 31, मनाली 26.6, कांगड़ा 33.9, मंडी 33, बिलासपुर 34.2, चंबा 30.7, डलहौजी 22.2, जुबड़हट्टी 27.6, कुफरी 20.1, नारकंडा 21.4, भरमौर 27.6, रिकांगपिओ 29.8, सेऊबाग 30.1, धौलाकुआं 33.2, बरठीं में 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, कसौली में 23.7, ताबो 20.8 जबकि बजौरा का तापमान 30 डिग्री रहा।

स्थानीय पर्यटन मार्गों में हॉपऑन और हॉपऑफ लग्जरी बसें संचालित करने के निर्देश

एचपीटीडीसी का वार्षिक कारोबार 100 करोड़ रुपए के पार: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश सरकार के प्रयासों के कारण हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने पहली बार 100 करोड़ रुपए से अधिक का ऐतिहासिक लाभांश अर्जित कर मील पत्थर हासिल किया है। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एचपीटीडीसी और पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान निगम के 78 करोड़ के वार्षिक लाभ की तुलना में वर्तमान प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदा जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद 107 करोड़ रुपए का लाभ हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि निगम के होटलों और रेस्तरां के प्रभावी प्रबंधन, नियमित रखरखाव और परिसंपतियों के सर्वोत्तम उपयोग के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीटीडीसी द्वारा अर्जित लाभ के फलस्वरूप निगम पिछले अढ़ाई वर्ष के दौरान पेंशनभोगियों को 41 करोड़ जारी किए हैं जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने पांच वर्षों के दौरान केवल 26 करोड़ वितरित किए थे।

उन्होंने अधिकारियों को निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में और अधिक सुधार लाने तथा उपयोग में नहीं लाई जा रही निगम की संपतियों को संचालन व मुरम्मत आधार पर निजी क्षेत्र में लीज पर देने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री सुक्खू एचपीटीडीसी और पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 2415 करोड़ का निवेश

प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 2415 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है जिससे बेहतर पर्यटन अधोसंरचना, वे-साइड एमीनिटिज और अन्य साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने पर्यटन विभाग को स्थानीय लोगों को फूड वेन उपलब्ध करवाने और राज्य में स्थानीय पर्यटन मार्गों पर हॉपऑन, हॉपऑफ लग्जरी बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए।

हेलीपोर्ट संचालन के निर्देश

मुख्यमंत्री ने विभाग को मंडी जिला में शिवधाम के निर्माण कार्य तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए रेणुका झील क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के कार्य को शीघ्र पूरा करने पर बल दिया। पर्यटन क्षेत्रों के लिए हवाई संपर्क सुविधा के लिए हेलीपोर्ट का शीघ्र संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

हवाई अड्डों के विस्तार की परियोजनाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने कांगड़ा, शिमला और भुंतर हवाई अड्डों की विस्तार परियोजनाओं की भी समीक्षा की। ताकि राज्य में पर्यटकों को बेहतर हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध हो। एचपीटीडीसी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली, विधायक सुरेश कुमार, प्रधान सचिव देवेश , निदेशक पर्यटन विवेक भाटिया, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस नेताओं के बयान दुखद: जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रेस कांफ्रेंस करते प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर।

हिमाचल प्रदेश में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस नेताओं के बयान दुखद है। ऐसा महसूस हो रहा है कि कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान के पक्ष में है। बुधवार को शिमला के आशियाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में जयराम ने कहा कि सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणियां की जा रही हैं। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस नेताओं को पूरी जानकारी दी गई है, फिर भी बाहर आकर गलत बयान दिए जा रहे हैं।

जयराम ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसी बयानबाजी से बाज आना चाहिए और इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से बचना चाहिए। प्रतिपक्ष के नेता ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और धनीराम शांडिल का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि प्रदेश के दो मंत्री ऐसे हैं, जो मनमर्जी करते हैं। हैरानी जनक पहलू यह है कि देश की भावनाओं के खिलाफ व सेना के खिलाफ लगातार बयान दिए जा रहे।

मंत्री को देश की सुरक्षा का नहीं ख्याल

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाईकमान से अपील है कि ऐसे मंत्री को अभिलंब पद से हटाया जाए। मंत्री को देश की सुरक्षा का भी ख्याल नहीं है। बेशर्मी से बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के कैंडल मार्च में कई नेता भारत का उल्टा झंडा लेकर घूम रहे थे।

जगत सिंह नेगी बेतुकी बातों के लिए मशहूर

जयराम ने आरोप लगाया कि जगत नेगी को सदन के अंदर और बाहर बेतुकी और अर्थहीन बयानबाजी के लिए जाना जाता है। जयराम ने कहा कि आतंकी हमले के जवाब में कुछ बड़ा होने वाला है। प्रधानमंत्री ने संकेत दे दिए हैं।

चूड़धार में रास्ता भटके पर्यटकों का किया रेस्क्यू

अनंत ज्ञान, राजगढ़/सोलन। जिला सिरमौर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चूड़धार की दुर्गम यात्रा के दौरान रास्ता भटके दो पर्यटकों को पुलिस और स्थानीय लोगों की सूझबूझ व तत्परता से सुरक्षित बचा लिया गया। चंडीगढ़ से आए युवकों के दल में शामिल एक युवक और एक युवती मंगलवार देर रात लापता हो गए थे। इन्हें शिमला जिला की चौपाल व सिरमौर जिला की नौहराधार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के तहत बुधवार तड़के खोज निकाला गया।

मंगलवार देर रात चौपाल थाना पुलिस को 112 हेल्पलाइन के माध्यम से एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने खुद को धीरज निवासी चंडीगढ़ बताया। सूचना मिलते ही चौपाल पुलिस हरकत में आई और तुरंत एक टीम को घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। रातभर चले सर्च अभियान के बाद बुधवार सुबह चौपाल थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि दोनों लापता पर्यटकों को सुरक्षित खोज लिया गया है।

कांग्रेस नेताओं की पाकिस्तान परस्ती नीति उजागर: बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कहा-हमेशा पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं, सही तथ्य तोड़मरोड़ कर पेश किए जा रहे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण देशविरोधी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कड़े निर्णय लिए हैं, वह पूरे देश की भावनाओं के अनुरूप हैं और आम जनमानस ने उनका जोरदार स्वागत किया है। सिंधु जल समझौते की समीक्षा हो, पाकिस्तान से हर प्रकार के संबंधों को समाप्त करने का निर्णय शामिल है।

डॉ. बिंदल ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जब से देश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर का रास्ता दिखाने की बात चली है, कांग्रेस नेताओं की हालत वैसी हो गई है जैसे उनके घर का कोई सदस्य पाकिस्तान भेजा जा रहा हो। यह वही कांग्रेस है जो हमेशा पाकिस्तान की भाषा बोलती रही है।

उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के लोगों को पानी मिले या न मिले, इसकी कांग्रेस को कोई चिंता नहीं। लेकिन पाकिस्तान को जाने वाले पानी पर रोक की बात होती है, इन्हें बेचैनी घेर लेती है।

घुसपैठियों को तत्काल बाहर किया जाए

डॉ. बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की कि इस दिशा में त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को पूरे हिमाचल में अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर इन सभी घुसपैठियों को तत्काल बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।

रक्तदान से नहीं आती कमजोरी: डॉ. कंचन सिंह

प्रदेश के एकमात्र मातृ-शिशु कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) शिमला की मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज **डॉ. कंचन सिंह** से रक्तदान की महता और मिथक को लेकर अनंत ज्ञान ने विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी बात बेबाकी से रखी। पेश हैं टीवी रिपोर्टर **गायत्री गर्ग** के साथ हुई विशेष बातचीत के मुख्यांश।

सवाल : आपके ब्लड बैंक में रोजाना कितने यूनिट रक्त सेव होता है?

जवाब : हमारे कमला नेहरू ब्लड सेंटर में लगभग दो से सात यूनिट की रिक्वायरमेंट डेली रहती है। हमारे यहां हर तरह के ग्रुप का ब्लड उपलब्ध रहता है।

सवाल : ऐसे कितने मरीज होते हैं जिनको सबसे ज्यादा ब्लड की जरूरत पड़ती है?

जवाब : यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसको क्या प्रॉब्लम है, लेकिन हमारे इंडिया में जैसे कि आप जानते हैं खून की कमी वाले मरीज खासकर महिलाएं ज्यादा होती हैं। लिहाजा, डिलीवरी केसों में खून की ज्यादा रिक्वायरमेंट्स होती है।

सवाल : रेयर ब्लड ग्रुप वालों के लिए ब्लड कैसे अरेंज करते हैं?

जवाब : वैसे तो कोशिश यही होती है कि हमारे पास सारे ब्लड ग्रुप्स अवेलेबल रहें, लेकिन कई बार कुछ पर्टिकुलर ग्रुप के ज्यादा पेशेंट्स एडमिट हो जाते हैं। इसके लिए हम ब्लड डोनेशन कैंप लगाते हैं या फिर ऑन कॉल किसी डोनर को अरेंज करते हैं। हजार लोगों में कोई एक ग्रुप होता है जो नेगेटिव होता है। नेगेटिव ग्रुप्स वालों के लिए हम ब्लड स्पेशली अरेंज करके रखते हैं।

जो लोग ब्लड देने से डरते हैं उनको कैसे जागरूक करें?

आज के समय की जरूरत है कि नए लोग रक्तदान के क्षेत्र में जुड़ें। इसका तरीका यही है कि जो रक्तदानियों के शिविर लगते हैं उसमें वो पक्का आएं। दूसरों को रक्तदान करते हुए देखकर अपने आप ही रक्तदान की इच्छा जागृत हो जाएगी।

डॉ. कंचन सिंह, मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज, कमला नेहरू अस्पताल

अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

सवाल : ऐसे कौन-कौन से मिथक हैं जो ब्लड देने से रोकते हैं?

जवाब : यह बात सच है कि रक्तदान को लेकर लोगों में अक्सर भय देखा जाता है खासकर पहली बार रक्तदान करने वालों में। मैं यह बताना चाहती हूं कि रक्तदान से कोई कमजारी नहीं आती। यह एक मिथक है जब जब हम ब्लड लेते हैं जो हम नीडल यूज करते हैं और उससे कोई संक्रमण हो सकता है। हम हमेशा संक्रमण रहित नीडल यूज करते हैं।

सवाल : ब्लड बैंक की सभी जरूरी जांच मशीनें क्या यहां उपलब्ध हैं?

जवाब : हां जी, हमारे केएनएच में जैसे कि मैंने बताया होल ब्लड अवेलेबल होता है। हमारे ब्लड सेंटर में उससे रिलेटेड सारे इक्विपमेंट उपलब्ध हैं।

लाखों की साइबर ठगी के मामले में मध्य प्रदेश से तीन आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन पुलिस ने 8.5 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में मध्यप्रदेश से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक धर्मपुर निवासी ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इन्हें 11 नवंबर, 2024 को टेलीकॉम ऑफिस से किसी व्यक्ति का फोन आया कि उनका मोबाइल नंबर आधे घंटे के लिए बंद होने की बात कही। उसने कहा कि यह नंबर आपके आधार कार्ड पर खरीदा गया है तथा इस नंबर पर एफआरआई भी रजिस्टर है। इन्होंने एक व्यक्ति संदीप राव जिसने खुद को मुंबई पुलिस अधिकारी बताया से बात की जिसने इनसे सारी जानकारी पूछी।

उक्त व्यक्ति ने कहा कि इस नंबर पर 17 शिकायतें दर्ज की गई है, जिस पर यह घबरा गया तथा जैसा वे लोग बोलते रहे यह वही करते रहे। उक्त व्यक्ति ने लिंक भेजा जिसको खोलने पर लिखा था कि वह इनके बैंक अकाउंट से पैसे निकलेंगे और जांच के दौरान उनके खिलाफ कुछ नहीं निकला तो वह 3 दिन के अंदर उनके पैसों को वापस कर देंगे। जिस पर इन लोगों ने उन्हें अपने अकाउंट नंबरों के बारे में पूरी जानकारी दे दी तथा गूगल पे के माध्यम से इन्होंने 50,000 रुपए बंधन बैंक के अकाउंट नंबर पर डाल दिए जिसकी उन्होंने रसीद भेजी। रसीद देखकर इन्हें उन पर यकीन हो गया था उसके बाद खातों में 8,00,000 निफ्ट के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए जो इन्होंने कुल 8,50,000 अलग-2 बैंक खातों में ट्रांसफर किए। उसके बाद उन लोगों ने फोन बंद कर दिए। इन्हें बाद में पता चला कि इनके साथ साइबर धोखाधड़ी हुई है। जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत किया गया।

तीन आरोपियों महेश पाटीदार पुत्र राम पाटीदार म.प्र., रोहित करे पुत्र नरेंद्र जिला इंदौर म.प्र. व श्याम कुमार पुत्र अखिलेश पाटीदार निवासी सहारा परिसर जिला इंदौर म.प्र. को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश करके 4 दिन का पुलिस हिरासत डिमांड हासिल किया गया।

व्यवस्था | ग्रामीण विकास परियोजनाओं में अब घटिया स्तर के निर्माण पर रहेगी निगाह

कृषि परियोजनाओं की गड़बड़ी पर शिकंजा

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

ग्रामीण विकास परियोजनाओं में अब घटिया स्तर के निर्माण पर पैनी नजर रहेगी। कृषि एवं उससे संबंधित किसी भी तरह की योजनाओं में गड़बड़ी पाई गई, तो सरकार उसे तय नियम के तहत दंडित करेगी। बाकायदा, राज्य पंचायतीराज विभाग ने गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र लागू करने की तैयारी कर ली है, जिसके तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं में वितरित की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता जांच करने के लिए यूजीसी-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और प्रमाणित प्रयोगशालाओं से बोलियां आमंत्रित करते हुए एक अधिसूचना जारी की है। इनमें उर्वरक, जैव उर्वरक और हिम इरा-ब्रांडेड खाद्य और स्वास्थ्य उत्पाद शामिल हैं, जिनका विकास और आजीविका पहल के हिस्से के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय कई जिलों और ब्लॉकों से मिली रिपोर्टों के जवाब में लिया गया है, जिसमें सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में मिलावटी सामग्री-विशेष रूप से उर्वरकों-और घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की ओर इशारा किया गया है। इस मुद्दे ने स्थानीय मीडिया का ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहां किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों ने इनपुट की खराब गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की है, जिससे विकासात्मक परिणामों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

पैनल में शामिल करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

प्रदेश आजीविका मिशन, जो ग्रामीण उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ने भी प्रतिष्ठित और पंजीकृत प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और कंपनियों को पैनल में शामिल करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करके इस प्रयास में भाग लिया है।

उत्पादों की घटिया गुणवत्ता की होगी जांच

इन संस्थाओं के पास ग्रामीण योजनाओं के तहत आपूर्ति किए उत्पादों की माइक्रोबियल, रासायनिक और मिलावट की जांच करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा होना चाहिए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी सभी सामग्रियां शुद्ध, सुरक्षित हों और एफएसएसएआई मानदंडों का अनुपालन चयन प्रक्रिया में वरीयता उन संस्थानों को दी जाएगी, जिनके पास सरकारी विभागों के लिए इसी तरह के काम करने का पूर्व अनुभव है।

घटिया सामग्री की डंपिंग रोकने पर कड़ी निगाह

बोलियों का मूल्यांकन दो चरणों वाली प्रक्रिया का पालन करेगा, जिसमें तकनीकी योग्यता से शुरुआत होगी और उसके बाद वित्तीय बोली लगाई जाएगी। केवल वे बोलीदाता जो तकनीकी मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें वित्तीय दौर के लिए विचार किया जाएगा। पंचायती राज विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा गांवों में घटिया सामग्री के बड़े पैमाने पर डंपिंग को रोकना है। मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से पारदर्शी गुणवत्ता सत्यापन प्रणाली शुरू करके, विभाग किसानों के हितों की रक्षा करने और विश्वसनीयता को मजबूत करने की उम्मीद करता है।

शिमला से कई सरकारी दफ्तर धर्मशाला होंगे स्थानांतरित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

सीएम सुक्खू ने दिए संकेत जल्द होगी औपचारिकताएं पूरी

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जनसंख्या दबाव और बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ते खर्च को कम करने के लिए कई कार्यालयों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों में इसको लेकर अंदरखाते विरोध हो रहा है। दूसरी तरफ सरकार के इस फैसले का धर्मशाला के लोग स्वागत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पिछले दिनों कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी के नेतृत्व में धर्मशाला से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से शिमला सहित विभिन्न स्थानों पर किराए के मकानों में चल रहे सरकारी कार्यालयों को धर्मशाला में खाली पड़े सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ कम करने के साथ कुछ शहरी क्षेत्रों में भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) व वन निगम के कार्यालय को धर्मशाला शिफ्ट करने निर्णय ले चुकी है। हालांकि इस पर अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है। इसके अलावा पर्यटन निगम का कार्यालय भी शिमला से शिफ्ट किया जाएगा।

सरकार ने अभी ये निर्णय लिए हैं लेकिन इन्हें अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। राज्य कौशल विकास निगम, राज्य ट्रांसमिशन निगम व राज्य ऊर्जा निगम को भी दूसरे स्थान पर भेजने की चर्चा है।

मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित संसाधन सृजन समिति ने भी राजधानी शिमला से उन विभागों के कार्यालयों को कहीं और शिफ्ट करने की सिफारिश की है जो किराए के भवनों में चल रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग निजी भवन में चल रहा था, जिसे अब एशियन डिवेलपमेंट बैंक की फंडिंग से बनी टूरिज्म की बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है।

न्यूज ब्रीफ

टांडा में डॉ. विवेक ने संभाला एमएस का कार्यभार

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में नए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विवेक बनियाल ने कार्यभार संभाला लिया है। इससे पहले वह हमीरपुर में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि टांडा में सबसे पहले उनकी प्राथमिकता अस्पताल को सुचारु रूप से चलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो भी कार्य यहां पर चल रहे हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। कुछ दिन पूर्व अनंत ज्ञान समाचार पत्र द्वारा टांडा अस्पताल में हड्डी रोग ओपीडी में साफ-सफाई व रोगियों की समस्या को लेकर खबर प्रकाशित की थी जिस पर उन्होंने कहा कि मैंने अभी ज्वाइन किया है और यह मामला आपके ध्यान से संज्ञान में आया है। इस पर त्वरित कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले किसी भी रोगी या उनके साथ आए तिमारदारों को कोई भी समस्या आती हैं तो वह सीधे आकर उनसे मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं समय-समय पर अस्पताल में स्थिति तमाम ओपीडी व अस्पताल परिसर का दौरा कर ऐसी समस्यायों को गंभीरता से लेते हुए इनका समाधान करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

पंजाब के दो युवक 22 ग्राम चिट्टे सहित काबू

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय पुलिस ने मलां चौक पर नाके के दौरान एक सफेद रंग की गाड़ी पीबी 46 एडी 6218 ग्रांड 110 में सवार प्रिंसपाल (30) पुत्र हरदीप सिंह गली नंबर 4 फतेचक तहसील जिला तरनतारन, पंजाब, हरनूरतुली (20) पुत्र पवनदीप निवासी वार्ड नंबर 18 गली डॉक्टर परमात्मा सिंह वाली मोहल्ला जसेवाला तहसील व जिला तरनतारन से 22 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस पर प्रिंसपाल तथा हरनूरतुली के खिलाफ एनडीपी एस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आगामी छानवीन जारी है। इसकी पुष्टि डीएसपी अंकित शर्मा ने की है।

10वीं में अस्तित्व ने प्राप्त किए 96.4 फीसदी अंक

अनंत ज्ञान, गगल। माउंट कार्मल स्कूल गगल का आईसीएससी दसवीं का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। दसवीं के छात्र अस्तित्व ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के फादर मैथ्यू और जॉनसन ने बताया कि दसवीं कक्षा में कुल 122 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर स्कूल का नाम ऊंचा किया है। 45 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 26 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जागोरी संस्था सम्मानित

अनंत ज्ञान, गगल। जागोरी संस्था जो हर स्थान पर अपना बेखुबी से हर पंचायत में हर लोगों को न्याय दिलाने का कार्य कर रही है । जागोरी संस्था गरीब परिवारों की आवाज को ऊपर तक पहुंचाती है उन्हीं के चलते आज उनकी सेवाओं को देखकर स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने उनके प्रयासों को देखकर जैसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में किए गए निरंतर कार्यों और समुदाय में जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है के कार्यों को देखकर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विकास खंड कार्यालय में जागोरी टीम को विधायक ने सम्मानित किया।

खटेहड़ स्कूल में मनाया अक्षय तृतीया दिवस

अनंत ज्ञान, गगल। महर्षि विद्या मंदिर खटेहड़ धर्मशाला में आज अक्षय तृतीया का पर्व सहस्त्र पुरुपामंडल के बैनर तले प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा के दिशा निर्देश में धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य ने बताया की वैदिक परंपरा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गुरु पूजन द्वारा किया गया गुरु पूजन के उपरांत सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा दस भावातीत ध्यान के निरंतर अभ्यास स्वास्थ्यवर्धक आहार और तंदुरुस्त रहकर अक्षय विश्व की स्थापना के लिए शफत ग्रहण की । इसके बाद प्रधानाचार्य ने अक्षय तृतीया पर कुछ विचार प्रकट करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। अक्षय तृतीया का को आखा तीज भी कहते हैं इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है अक्षय तृतीयाभगवान परशुराम की के जन्मदिन के रूप में भी बनाया जाता है।

आईपीएल : 8 सेक्टरों में बांटा धर्मशाला

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सर्विलांस व होटलों की चेकिंग सहित जांच-पड़ताल के कार्य शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल मैचों के दौरान क्षेत्र को 8 सेक्टरों में बंटा गया है। साथ ही क्रिकेट स्टेडियम को भी चार सेक्टरों में बांटा जाएगा। मैचों के दौरान जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान जिला एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि धर्मशाला को आठ सेक्टर में बांटा गया है। इस बार मुंबई इंडियंस की टीम मैक्लोडगंज के धर्मकोट में ठहरेगी। ऐसे में एक नया सेक्टर बनाकर व्यवस्था की गई है।

मैक्लोडगंज के धर्मकोट में रुकेगी मुंबई की टीम

मैच दिन के दौरान सड़क के किनारे वाहन पार्किंग नहीं हो पाएगी। बेतरतीब पार्किंग पर कार्रवाई होगी। पार्किंग पुलिस मैदान धर्मशाला, सचिवालय, दाड़ी मेला मैदान, जोरावर मैदान, चिलगाड़ी रोड व डीआईजी कार्यालय में रहेगी। दर्शकों के लिए शट्टल बसों की व्यवस्था भी की गई है। इनमें डिस्प्ले भी किया गया है। स्टेडियम सुरक्षा को चार सेक्टर में बांटा गया है। चेकिंग के बाद ही दर्शकों को प्रवेश दिया जाएगा, जबकि स्टेडियम के बाहर पुलिस विभाग की ओर से निगरानी रहेगी। मैच में किसी भी प्रकार के ज्वलन पदार्थ, खाद्य सामग्री, श्लोगन, आपत्तिजनक श्लोगन, फ्लैग जिनका ऑब्जेक्शन है व अन्य चीजें ले जाने पर पांबदी रहेगी, जबकि मात्र मोबाइल को जांच के लिए ले जाता है। टीमों की मूवमेंट के समय ट्रैफिक को होल्ड किया जाएगा।

धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में जानकारी देतीं एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री।

सर्विलांस व होटलों की चेकिंग सहित अन्य जांच पड़ताल के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। पैराग्लाइडिंग भी मैचों के दौरान बंद रहेगी। आईपीएल मैचों की सुरक्षा के लिए 900 के करीब जवान तैनात किए जाएंगे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वन-वे व्यवस्था भी की जाएगी। सुबह 9 या 11 बजे तक वन-वे कर दिया जाएगा। एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि धर्मशाला में तीन मैच करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चार मई को धर्मशाला में नीट का एग्जाम भी है, तो उसके तहत ही व्यवस्था बनाई गई है। नीट छात्रों के लिए किसी भी प्रकार सड़क मार्ग से सेंटर में पहुंचने से नहीं रोका जाएगा।

एसएसपी ने बताया कि पीजी कॉलेज धर्मशाला और अन्य संस्थानों में पार्किंग नहीं होगी, हालांकि उन्हें ड्रॉप करके वाहनों को बाहर ही पार्क कर पाएंगे। मैच के दौरान 25 से 30 हजार के करीब लोगों की अवाजाही रहेगी। इसके लिए जिला प्रशासन व एसपीसीए के साथ बैठकें हो रही हैं। प्रसारण का फीड पुलिस कंट्रोल रूम में भी रहेगा। कंट्रोल रूम स्टेडियम व एसपी ऑफिस में भी चल रहा है। 280 कैमरे शहर के लाइव फीड भी दे रहे हैं। टीमों की मूवमेंट के समय ट्रैफिक को होल्ड किया जाएगा। इसके लिए पांच से दस मिनट तक ट्रैफिक को रोका जाएगा।

आईपीएल मैच के दौरान ये मार्ग होंगे वन-वे

मटौर से चैतड़ू वाया बगली धर्मशाला आने के लिए ट्रैफिक को वन-वे किया जाएगा, जबकि धर्मशाला जाते हुए शीला-ढगवार रोड वन-वे किया जाएगा। पालमपुर व कांगड़ा को यहीं से गाड़ियां जाएंगी। सुबह नौ या ग्यारह बजे से वन-वे व्यवस्था शुरू की जाएगी। टैक्सी चालक कचहरी चौक में ही यात्री छोड़ सकेंगे। इसके आगे स्टेडियम तक यात्रियों को पैदल जाना होगा। बीमार व बुजुर्ग लोगों को पुलिस सहयोग करेगी।

डाडासीबा में दो दिन में चंदन के तीन पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। क्षेत्र में चंदन की अवैध तस्करी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बीते दो दिनों में चोर गिरोह ने डाडासीबा में तीन चंदन के पेड़ों को निशाना बनाया है। तस्करों की हिम्मत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अब पंचायत प्रतिनिधियों की निजी भूमि में लगे चंदन के पेड़ों को भी नहीं बख्शा। पहली घटना एक दिन पूर्व सामने आई थी, जब एक निजी भूमि से चंदन का पेड़ काटा गया। उस घटना में अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ताजा घटना मंगलवार रात की है, जब अज्ञात चोरों ने सोहन लाल और पंचायत उपप्रधान परमेश्वरी दास की मलकियती भूमि में लगे दो चंदन के पेड़ों को काट डाला। इनमें से एक पेड़ को चोर मौके से ले गए, जबकि दूसरा पेड़ अधकटे हाल में वहीं छोड़ गए। सोहन लाल का पेड़ उनके घर के समीप स्थित था, जिसकी सुरक्षा के लिए उन्होंने लोहे की तारबंदी कर रखी थी। अनुमान है कि चोरों ने पहले तारों को काटा और फिर कुल्हाड़ी से पेड़ को गिराया। यह घटना न केवल चोरी, बल्कि लोगों की निजी सुरक्षा को भी चुनौती दे रही है। सूचना मिलते ही डाडासीबा वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि छानबीन जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

गंगथ में कैंडल मार्च निकाल पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के गंगथ में कैंडल मार्च निकालते विधायक मलेंद्र राजन व अन्य।

अशोक ठाकुर, इंदौरा

पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से बुधवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के गंगथ में एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस कैंडल मार्च का नेतृत्व इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने किया। इस कैंडल मार्च में लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि ऐसे कायराना हमले देश की भावना को तोड़ नहीं सकते। उन्होंने कहा कि पूरा देश इन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। कैंडल मार्च के दौरान 'भारत माता की जय', 'आतंकवाद मुर्दाबाद' जैसे नारे गूंजते रहे और क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला। कैंडल मार्च में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दविंदर सिंह मनकोटिया, कार्यकर्ता मनोहर, कुलदीप शर्मा, विशाल ठाकुर, सुरिंद्र शर्मा, नरेश शर्मा एवं असलम खान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

पेंशनर महासंघ नगरोटा बगवां की कार्यकारिणी का गठन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला कांगड़ा के उपमंडल नगरोटा बगवां इकाई की त्रैवार्षिक कार्यकारिणी का गठन 30 अप्रैल को बाबा बड़ोह में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स परिवहन कल्याण मंच के पूर्व अध्यक्ष एवं महासंघ के प्रदेश मुख्य संरक्षक बलराम पुरी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष ब्रह्मानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या की पुरजोर निंदा की गई तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में पेंशनर्स के लंबित वित्तीय देय लाभों पेंशन-डीए एरियर व चिकित्सा बिलों की अदायगी पर विस्तृत चर्चा कर उनके भुगतान करने की सरकार से पुरजोर मांग की गई। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रीतम चंद, महासचिव जितेंद्र चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल धीमान, कोषाध्यक्ष विशन दास, उपाध्यक्ष अश्वनी डढ़वाल, उपसचिव पवन चौधरी, संगठन सचिव मुंशी राम, जोगिंद्र सिंह को प्रेस सचिव बनाया गया है।

डीएवी स्कूल तियारा में छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन

सुम्मुख हेड ब्वॉय, शायना चुनी हेड गर्ल

आशीष दमीर, कांगड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न पदभार सौंपे गए। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि सुम्मुख को हेड ब्वॉय, शायना को हेड गर्ल, राजवीर को डिसिप्लिन हेड ब्वॉय, आशिमा डिसिप्लिन हेड गर्ल, अतीक गुलेरिया एवं कशिश वाईस डिसिप्लिन हेड बॉय, गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन सुहैल, नंदिनी, ईको क्लब कप्तान सानिया, सांस्कृतिक कप्तान सेजल शर्मा, सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी कप्तान वंशिका, मनप्रीत, सदन प्रभारी- महात्मा हंस राज सदन, स्वामी दयानंद सदन, महात्मा आनंद स्वामी सदन, गुरुदत्त सदन के कप्तान हर्षित, हर्षित गुलेरिया, अर्पित, अरियान, आशीष पठानिया, अमित धलोरिया, अनिकेत जामवाल, आयुष भाटिया को चुना गया। इसके अलावा सदन प्रभारी- दीपिका, नीलम, रचना और साहिल को चुना गया। इसके अलावा स्कूल में प्रशासन को जुटाने के लिए डिसिप्लिन प्रोफेक्टस भी चुने गए जो कि पीयूष, अक्षरा, वैभव, अक्षिता, आरुषि, कनव, पलक, वेदांत, अर्णव मनकोटिया, संचवी, खनक, लोकेश, यश, सक्षम, संकेत, नलिन, अभिनंदन, आर्यन, आर्यन संकरिया रहे। प्रधानाचार्या एकता अत्तरी ने विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारी बताई और अध्यापक कुलभूषण ने शपथ दिलाई। इस समारोह में अध्यापक यसिंदर, नरेश, मीनाक्षी, अनिता, संजय, मानव, प्रशांत और राकेश भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

डीएवी स्कूल तियारा में विभिन्न पदों पर चुने गए विद्यार्थी प्रिंसिपल के साथ।

अनंत एजुकेशन / करियर

Job Opportunity अनंत ज्ञान

हरियाणा में स्कूल प्रवक्ता बनने का मौका

पीजीटी कंप्यूटर विज्ञान
- कुल 1700 प्लस पद
- आवेदन करने की अंतिम तिथि: 2 मई, 2025
- न्यूनतम योग्यता: बीटेक/बीई डिग्री के साथ बीएड होना अनिवार्य या कंप्यूटर साइंस में एमएससी की डिग्री या कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/आईटी में बीई/बीटेक की डिग्री के साथ बीएड।
- अतिरिक्त योग्यता: हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा या स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा पास होना भी अनिवार्य

आवेदन करें : hpsc.gov.in

राजस्थान पुलिस में बनें सिपाही

कांस्टेबल
- कुल 9617 पद
- आवेदन की शुरुआत: 28 अप्रैल, 2025 से
- अंतिम तिथि: 17 मई, 2025
- न्यूनतम योग्यता: 12 वीं पास

आवेदन करें : recruitment w.rajasthan.gov.in

आंध्र में शिक्षक बनने का सुनहरा मौका

शिक्षक
- कुल 16347 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि: 15 मई, 2025
- न्यूनतम योग्यता: बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन
- न्यूनतम योग्यता: स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा

आवेदन करें : apdsc.apcfss.in

बिहार में इंजीनियरों के लिए भर्ती

सहायक अभियंता
- कुल 1024 पद

पदों का विवरण
सहायक अभियंता (असैनिक) 984
सहायक अभियंता (यांत्रिक) 36
सहायक अभियंता (विद्युत) 04

- ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि : 30 अप्रैल 2025
- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 28 मई 2025
- न्यूनतम योग्यता: सिविल, मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री
- न्यूनतम आयु: 21 वर्ष

आवेदन करें : www.bpsc.bihar.gov.in

रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इच्छित सफलता पाने के लिए चुकाना पड़ता है अपेक्षित मूल्य

जीवन के किसी भी क्षेत्र में अपना करियर और लक्ष्य चुनने वाले व्यक्ति हमेशा अपने स्तर और क्षमता के अनुसार भरपूर प्रयास करते हैं, ताकि इच्छित सफलता को प्राप्त किया जा सके। व्यक्ति जितनी एकाग्रता और समर्पण के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करता है सफलता उतनी ही उत्कृष्ट होती है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए आलस्य का त्याग, कार्य को टालने की भावना से दूर रहना और किसी भी प्रकार के बाधक तत्वों से बचना अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू होता है। हमें जीवन में कोई भी चीज हासिल करने के लिए उसका मूल्य चुकाना पड़ता है, यही नियम लक्ष्य प्राप्ति में सफलता प्राप्ति के लिए भी लागू होता है। सफलता कोई संयोग नहीं होती, बल्कि यह निरंतर प्रयास, समर्पण और बलिदान का परिणाम होती है। यह दृढ़ इच्छाशक्ति और अध्यवसाय का परिणाम होती है.प्रत्येक व्यक्ति जीवन में कुछ बड़ा प्राप्त करना चाहता है-चाहे वह शिक्षा में उत्कृष्टता हो, करियर में ऊंचाई या व्यक्तिगत विकास। परंतु यह सब यूं ही नहीं मिलता। इसके लिए एक अपेक्षित मूल्य चुकाना पड़ता है।

विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

सफलता मांगे संपूर्ण समर्पण

यह मूल्य केवल पैसों या संसाधनों का नहीं होता, बल्कि समय, परिश्रम, अनुशासन और कभी-कभी व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का होता है। विद्यार्थी को अच्छे अंक लाने के लिए खेल, मोबाइल या सोशल मीडिया जैसी चीजों से दूरी बनानी पड़ती है। आत्मसंयम का विकास करना पड़ता है, ताकि सफलता के लिए संपूर्ण क्षमता, समय और ऊर्जा का भरपूर उपयोग किया जा सके। वास्तव में सफलता का मूल्य वही चुका सकता है, जिसके भीतर आत्म-प्रेरणा, आत्मानुशासन और स्पष्ट लक्ष्य हो। जिस प्रकार कोई किसान अच्छी फसल की उम्मीद में कड़ी मेहनत करता है, जमीन तैयार करता है, बीज बोता है और धैर्यपूर्वक परिणाम की प्रतीक्षा करता है, उसी प्रकार सफलता भी संपूर्ण समर्पण की मांग करती है। सफल व्यक्तियों के जीवन से यही शिक्षा मिलती है कि उन्होंने अपनी इच्छित सफलता के लिए अपेक्षित मूल्य चुकाया। उन्होंने संघर्ष किया, असफल हुए, परंतु असफलता से वे हताश व निराश नहीं हुए और कुछ न कुछ सबक सीख कर पुनः लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए और थक कर या हार कर नहीं बैठे अपितु और अधिक क्षमता से प्रयासरत हुए। अतः यदि आप भी सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचना चाहते हैं, तो तैयार रहिए वह मूल्य चुकाने में जो सफलता आपसे मांगती है। सफलता आपके कदमों में होगी।

स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी के लिए ऐसे करें तैयारी

हिमाचल में शिक्षा और रोजगार की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। बच्चे यदि रोजगार के अवसरों का सामना करने के लिए अच्छे से तैयार हों, तो वे अपने भविष्य को पढ़ाई के साथ साथ उज्ज्वल बना सकते हैं। रोजगार के लिए तैयारी करना सिर्फ एक अच्छे शैक्षिक परिणाम से अधिक है, इसमें कौशल, मानसिकता, और भविष्य की आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता भी जरूरी है। बच्चों को केवल स्कूल तक सीमित न रहकर आगे की शिक्षा भी प्राप्त करनी चाहिए।

तकनीकी शिक्षा : राज्य में स्कूलों की संख्या बढ़ी है, लेकिन अधिक बच्चों को विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थानों में दाखिला लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

व्यावसायिक पाठ्यक्रम : बच्चों को अब पारंपरिक शिक्षा के अलावा व्यावसायिक शिक्षा (जैसे कि कंप्यूटर, डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट, वेब डेवलपमेंट, आदि) की दिशा में भी बढ़ना चाहिए, ताकि वे किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञ बन सकें।

शैक्षिक संस्थान : हिमाचल में सरकारी और निजी संस्थान दोनों मौजूद हैं। बच्चों को अपनी रुचियों के हिसाब से सही कॉलेज और कोर्स का चयन करना चाहिए, क्योंकि एक अच्छा कदम आपका भविष्य संवार सकता है।

कौशल विकास: आजकल के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा के साथ-साथ कौशल भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। बच्चों को तकनीकी, सॉफ्टवेयर और अन्य व्यावसायिक कौशल में दक्ष बनाना आवश्यक है।

डिजिटल तकनीकी कौशल : बच्चों को डिजिटल तकनीक, इंटरनेट, कंप्यूटर और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए।

संचार कौशल : किसी भी नौकरी के लिए अच्छा संवाद कौशल जरूरी है। बच्चों को अपनी भाषा कौशल, अंग्रेजी ज्ञान और संवाद क्षमता को बेहतर बनाने के लिए कार्यशालाओं का हिस्सा बनाना चाहिए।

प्रेरणादायक कार्यशालाएं : सरकारी और निजी संस्थान विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की पेशकश करते हैं। बच्चों को ऐसे प्रशिक्षणों में हिस्सा लेना चाहिए, जो उनकी क्षमताओं को बढ़ाएं।

नई शिक्षा नीति और इसके उद्देश्य

10+2+3 की जगह अब 5+3+3+4 शिक्षा पद्धति

भारत की शिक्षा व्यवस्था को काफी लंबे समय से बदलने की मांग होती रहती थी, लेकिन किसी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान मोदी सरकार ने अपने वादे को निभाते हुए शिक्षा व्यवस्था में कमियों को दूर करते हुए नई शिक्षा नीति को अंगीकृत किया। शिक्षा के बिना मनुष्य अपना संपूर्ण विकास नही कर सकता। यह बात तो हुई अनिवार्य शिक्षा की, लेकिन शिक्षा जब तक संतुलित व व्यवहारिक न हो, तब तक उस शिक्षा का कोई औचित्य नहीं है। यही हाल भारतीय शिक्षा पद्धति का था। भारतीय शिक्षा पद्धति में अव्यवहारिक शिक्षा व अंसतुलित शिक्षा का बोध होता है, जिसका संतुलन बिठाने के लिए सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को लाया गया है। यह बात स्पष्ट है कि शिक्षा मनुष्य के लिए बहुत ही महत्वता रखती है। इसकी महत्ता को इस कथन से अधिक समझा जा सकता है 'विद्याहीन मनुष्य बिना पूंछ व सींग के पशु की समान है' और यह सत्य भी है वर्तमान का युग आधुनिकता का युग है, जिसमें सभी चीजों का ज्ञान होना आवश्यक है।

नई शिक्षा नीति 2020 को समझना आवश्यक हो जाता है कि किस प्रकार की यह नई शिक्षा नीति लागू की गई है, जिससे देश में एक सकारात्मक बदलाव आएगा। नई शिक्षा नीति में सबसे पहले तो मैकेले की शिक्षा नीति 10+2+3 की जगह अब 5+3+3+4 शिक्षा पद्धति को अपनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत सबसे पहले बच्चो की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी तथा नई शिक्षा नीति के अनुसार प्राथमिक शिक्षा अब स्थानीय क्षेत्रीय भाषा में करवाना अनिवार्य होगा तथा जिस प्रकार पहले अंग्रेजी को थोपा जाता था अब वैसा नही होगा बल्कि अंग्रेजी को भी अन्य विषयों की तरह एक विषय के रूप में ही पढाया जाएगा। ऐसी व्यवस्था होने से कही ना कही विद्यार्थीयों से कुछ बोझ कम होगा तथा बच्चे एक संतुलित शिक्षा हासिल कर पाएंगे। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अब केवल बारहवीं कक्षा में ही बोर्ड की परिक्षाएं होगी, जबकि दसवीं के बोर्ड को हटा दिया जाएगा तथा 9वीं से 12वीं तक अब सेमेस्टर सिस्टम के तहत पढ़ाई करवाई जाएगी। यह बात तो हुई स्कूली स्तर में नई शिक्षा नीति के बदलाव की, लेकिन साथ में ही उच्च शिक्षा में भी नई शिक्षा नीति के आने से उच्च शिक्षा का रंगरूप पूर्ण रूप से बदल जाएगा अब स्नातक स्तर में स्नातक को तीन अलग भागों में विभक्त किया जाएगा। एक वर्ष दो वर्ष व तृतीय वर्ष तथा जो हायर एजुकेशन में जाएगे उनके लिए चार वर्ष। इस स्तर पर सबसे बड़ा देखने को यह मिलेगा कि अब मल्टी एंटरी तथा मल्टी एग्जिट व्यवस्था होगी यानी विद्यार्थी कभी भी अपनी स्नातक छोड़कर कोई दूसरा कोर्स कर सकता है तथा दोबारा फिर वहीं से शुरू भी कर सकता है। साथ में अगर बात स्नातकोतर स्तर की करे तो अब एमफिल को हटा दिया जाएगा अब पीएचडी एमए के बाद सीधे की जा सकेगी



प्रो. मनोज डोगरा
हमीरपुर

प्राचीन समय से ही ज्ञान का केंद्र रहा है भारत

भारत प्राचीन समय से ही शिक्षा व ज्ञान का केंद्र रहा है। यहां पूरे विश्व से शिक्षा ग्रहण करने लोग आते थे। भारत की शिक्षा पूरे विश्व में प्रचलित थी। भारत को ज्ञान की भूमि कहा जाता था, लेकिन बीच के कुछ सालों में भारतीय शिक्षा पद्धति उस प्राचीन शिक्षा पद्धति के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पाई। अंग्रेजों ने जबरन अपनी अंग्रेजी शिक्षा भारतीयों पर थोपनी चाही, परिणामस्वरूप लॉर्ड मैकेले की शिक्षा पद्धति 10+2+3 को अपनाया गया, जिसमें अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा दिया गया, लेकिन बुनियादी शिक्षा को दरकिनार किया गया फलस्वरूप बच्चो में मौलिक शिक्षा का अभाव था। इसको देखते हुए बहुत पहले से देश की शिक्षा नीति में बदलाव और नई शिक्षा नीति को लागू करने की आवाजें बुलंद की जा रही थीं, जिसे देखते हुए देश में 35 साल बाद नई शिक्षा नीति को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी गई।

ज्ञान की बात

- हाल ही में पद्मश्री सम्मान से नवाजे गए बागवान हरिमन शर्मा हिमाचल के किस जिले से संबंध रखते हैं ? - बिलासपुर
- हिमाचल प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी कौन सी है ? - शिला
- हिमाचल प्रदेश के किस क्षेत्र को शीत मरुस्थल के नाम से जाना जाता है ? - स्पीति
- भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारत ने फ्रांस से कितने राफेल लड़ाकू विमान (नौसेना) खरीदने की डील की है ? - 26 विमान
- आईपीएल सीजन-2025 में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज का नाम -वैभव सूर्यवंशी
- हाल ही में खोजे गए 'मिनी-मून' का नाम क्या है, जो लगभग दो महीने तक पृथ्वी ग्रह की परिक्रमा करेगा ? -2024पीटी5
- हाल ही में किस मंत्रालय ने पीपल्स प्लान कैंपेन (जन योजना अभियान) शुरू किया ? -पंचायतीराज मंत्रालय

न्यूज ब्रीफ

योल में नर्सिंग की छात्राओं ने निकाली रैली

अनंत ज्ञान, योल। गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय ऑफ नर्सिंग की छात्राओं व स्टाफ ने भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में योल बाजार से होते हुए धिहारी पुल और वापस महाविद्यालय तक विशाल रैली निकाली। छात्राओं के हाथों में बैनर व तख्तियां थीं, जिन पर भारत माता की जय, आतंकवाद मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लिखे थे। रैली में महाविद्यालय के प्रबंधन अधिकारी वीएन रैना, ललित शर्मा, डॉक्टर राजीव, संदीप मराठा तथा प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर पठानिया भी उपस्थित रहे।

तोतारानी, बल्ह और आसपास आज पावर कट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विद्युत उपमंडल मैकलोड़गंज के सहायक अभियन्ता अभिषेक कटोच ने बताया कि 1 मई को 33/11 केवी सब-स्टेशन तोतारानी में विद्युत लाइनों के रखरखाव हेतु तोतारानी, बल्ह, बरनेट, सतोबरी, नड्डी, डल झील, धीयाल, चन्दमारी, टैंगलवुड, फोरसिथगंज, सैरी, भागसू नाग, धर्मकोट आदि क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

दुकान से 4500 मिली. देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पुलिस थाना पालमपुर के तहत झिकली आरठ में रवि कुमार निवासी झिकली आरठ डाकघर आरठ की दुकान से 4500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आईटीआई बड़ोह में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। आईटीआई बड़ोह (सरोत्री) में 17वीं जिला स्तरीय आईटीआई महिला वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने किया। उन्होंने मार्च पास्ट की सलामी ली तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या वंदना कुमारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला की लगभग 300 छात्राएं भाग लेंगी। खेलकूद प्रतियोगिता के अतिरिक्त सांस्कृतिक गतिविधियां का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर जिला खेल परिषद के पदाधिकारी तथा विभिन्न संस्थानों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे। सांस्कृतिक गतिविधियों के अवलोकन व निष्पक्ष निर्णय हेतु 30 अप्रैल को सुदेश प्राशर, 1 मई को संदेश चौधरी तथा 2 मई को संजय मस्ताना जज के रूप में भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव बाली ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश के सभी जिला न्यायलयों व अधीनस्थ न्यायलयों में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक से संबंधित, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, चैक बाऊसिंग, पूर्व मुकदमेबाजी व लंबित मामले सुने जाएँगे। यदि कोई व्यक्ति मुकदमे से पहले संबंधित व्यक्ति या विभाग से समझौता करने का इच्छुक है तो वह संबंधित कोर्ट में आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए कोई भी व्यक्ति - विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01892-222370, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति धर्मशाला 01892-222018, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति कांगड़ा 01892-264808, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति देहरा 01970-233599, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति पालमपुर 01894-231614, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति नूरपुर 01893-220770, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति बैजनाथ 01894-262477, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति ज्वाली 01893-264307 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति इंदौरा के दूरभाष नंबर 01893-241210 पर सम्पर्क कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति अपनी समस्या ऑनलाइन भेजना चाहता है तो वह राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण न्यू दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है या हेल्पलाईन के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर सकता है। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया है कि वह बढ़ चढ़कर आगामी 10 मई की लोक अदालत में हिस्सा लें।

भूकंप से बचाव के लिए भवनों की रेट्रोफिटिंग बहुत जरूरी : उपायुक्त

डीसी बोले, प्रारंभिक चरण में अस्पतालों और स्कूलों पर रहेगा फोकस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि भूकंप से नुकसान को कम करने के लिए इमारतों की रेट्रोफिटिंग जरूरी है तथा इसी दिशा में प्रारंभिक तौर पर विद्यालयों तथा अस्पतालों की इमारतों को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से रेट्रोफिटिंग का प्रयास आरंभ किया गया है। बुधवार को धौलाधार होटल में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सिविल इंजीनियरों के लिए भूकंप रेट्रोफिटिंग और मरम्मत तकनीकों पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ करने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए यहां के घरों और इमारतों को भूकंप रेट्रोफिटिंग की आवश्यकता है। यह तकनीक भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करती है। भूकंप रेट्रोफिटिंग से इमारतों में रहने वाले लोगों की जानमाल की सुरक्षा होती है।

उन्होने बताया कि कांगड़ा जिला में अभी तक 10 इमारतों की रेट्रोफिटिंग के लिए राज्य आपदा प्रबन्धन ने पैसे जारी किए हैं। इन 10 इमारतों में अस्पताल और स्कूल शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के लिए 30 इमारतों का चयन किया गया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निदेशक डीसी राणा ने कहा कि राज्य सरकार भी आपदा प्रबंधन को लेकर उच्च स्तर पर कार्य रही है। इस बावत आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि हिमाचल में भूकंप जैसी आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत के सबसे अधिक भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में संरचनात्मक सुरक्षा को बढ़ाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पहचानते हुए, हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) पूरे राज्य में सुरक्षित निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। आपदा जोखिम में कमी के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। इसी के दृष्टिगत एचपीएसडीएमए, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद - केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की के सहयोग से, इमारतों की संरचनाओं के लिए भूकंप रेट्रोफिटिंग और मरम्मत तकनीकों पर एक राज्य स्तरीय क्षमता निर्माण पर कार्यशाला आयोजित कर रहा है, ताकि विभिन्न विभागों के इंजीनियर्स रेट्रोफिटिंग और मरम्मत तकनीकों के बारे में जानकारी ले सकें। इस अवसर पर एडीएम शिल्पी बेक्टा ने कार्यशाला में मुख्यातिथि सहित सभी प्रतिभागियों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान से एसके नेगी, डॉ. अजय चौरासिया, ई. सुगम प्रजापति, ई आशीष कपूर, ई. जालाज पराशर सहित राज्य भर से विभिन्न विभागों के इंजीनियर्स उपस्थित थे।

विधायक ने पीड़ित को दी 15000 रुपए की फौरी राहत

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। धरेड़ क्षेत्र में रोशन लाल पुत्र धर्म चंद के घर में हुए गैस सिलेंडर विस्फोट की गंभीर घटना को लेकर बुधवार को विधायक किशोरी लाल ने घटनास्थल का दौरा किया। उनके साथ एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर भी गए। विधायक ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने पीड़ित परिवार को 15000 रुपए की फौरी राहत दी। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि इस दुखद समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राहत एवं मुआवजे की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है

सालगिरह मुबारक

सुंदरनगर के कपिल और शीतल को शादी की 10वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

सात आरोपियों को 73 .50 ग्राम हेरोइन 4770 रुपए ड्रग मनी सहित किया काबू

अशोक ठाकुर, पठानकोट

पंजाब सरकार एवं पुलिस महानिदेशक, पंजाब के दिशा-निर्देशानुसार नशा उन्मूलन के लिए ड्रग-फ्री पंजाब अभियान के तहत पठानकोट पुलिस द्वारा नशा तस्करों/तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के संबंध में प्रेस मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए दलजिंदर सिंह ढिल्लों, पीपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पठानकोट ने बताया कि उक्त विशेष अभियान के दौरान पठानकोट पुलिस ने नशा तस्करों और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की और कुल 6 एफआईआर दर्ज की गईं, जिसमें 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए। इनसे 73.50 ग्राम हेरोइन की बरामदगी की गई। इसके अलावा ड्रग मनी के रूप में 4770 रुपए, 2 मोटरसाइकिल तथा एक मोबाइल बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि पठानकोट पुलिस नशीली दवाओं की बिक्री, तस्करी या अन्य अवैध कारोबार में शामिल दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। कोई भी मादक पदार्थ तस्कर पुलिस की नजर से बच नहीं सकेगा। पुलिस अपने नागरिकों की सुरक्षा करने और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनता से अनुरोध है कि वे किसी भी संदिग्ध मादक पदार्थ संबंधी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष, पठानकोट को 87280-33500 पर दें। (अनंत ज्ञान)

एक मामले में पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

एनडीआरएफ जवानों ने क्रिकेट स्टेडियम में जांची सुरक्षा व्यवस्था

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल के तीन मैच खेले जाने हैं, इसको लेकर बुधवार को एनडीआरएफ के जवानों ने धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मॉक ड्रिल की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एनडीआरएफ के जवानों ने रिहासिल की कि मैच के दौरान धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में अगर कोई आपातकालीन स्थिति बनती है तो उस स्थिति से कैसे निपटा जाए और उस आपातकालीन स्थिति में कैसे घायल लोगों को सुरक्षित स्टेडियम से रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि इस बार धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों का पहुंचने का अंदेशा लगा जा रहा है और ऐसे में माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश सहित जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा आदि साथ लगते प्रदेशों से काफी संख्या में लोग इन आईपीएल मैचों को देखने के लिए धर्मशाला पहुंचने वाले है। इन क्रिकेट प्रेमियों की सुरक्षा को देखते हुए ही आज धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बता दे कि इस बार क्रिकेट मैच के दौरान धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पुलिस के साथ एनडीआरएफ के जवान भी तैनात रहेंगे। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दो एंबुलेंस को भी स्टैंड बई पर रखा जाएगा।

किशोरी लाल ने जंडपुर में लोक मित्र केंद्र का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

बैजनाथ विधान सभा क्षेत्र के जण्डपुर में विधायक किशोरी लाल ने 5 लाख रुपए की लागत से बनने बाले लोक मित्र केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर किशोरी लाल ने कहा कि जंडपुर गांव में लोक मित्र केंद्र की स्थापना से स्थानीय ग्रामीणों को अब सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं का लाभ घर के पास ही मिल सकेगा। इस केंद्र के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, बिजली बिल भुगतान, रोजगार पंजीकरण जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक ने कहा कि लोक मित्र केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल समावेशन को सशक्त बना रहे हैं। यह केंद्र स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बोले, अब ग्रामीणों को घर-द्वार मिलेंगी डिजिटल सेवाएं

उन्होंने कहा कि विकास निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है और इसकी कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और लोगों की मांग तथा जरूरत के अनुरूप विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। किशोरी लाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज से पहले किसी भी सरकार ने नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नियमों में बदलाव कर व्यवस्था में परिवर्तन कर रही है और कड़े फैसले ले रही है, जिसके आने वाले समय में सुखद परिणाम सामने आयेंगे। इस अवसर पर उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान व पूरी लग्न से कार्य करने के निर्देश दिए।

सांसद इंदु गोस्वामी ने कांगड़ा में हिमालयन सोलर सर्विस कार्यालय का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

कांगड़ा में बुधवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हिमालयन सोलर सर्विस कार्यालय का शुभारंभ किया गया। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कांगड़ा के विधायक पवन काजल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी और विधायक पवन काजल का कांगड़ा पहुंचने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने रिबन काटकर हिमालयन सोलर सर्विस कार्यालय का शुभारंभ किया। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोग अपने घरों में सोलर पैनल लगवाकर बिजली के भारी-भरकम बिलों से राहत पा सकते हैं। सरकार इस योजना के तहत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी पर्यावरण प्रदूषण से बचाव और बिजली संरक्षण का एक बेहतरीन साधन है।

सांसद इंदु गोस्वामी हिमालयन सोलर सर्विस कार्यालय का शुभारंभ करती हुईं।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा: कृष्ण

अनंत ज्ञान, जवाली। जवाली ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी कृष्ण भारद्वाज ने प्रदेश में कांग्रेस संगठन को लंबे समय से भंग रखने पर दुख एवं चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है। पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के संगठन में कोई अहमियत न होने के कारण सरकार पर विपक्ष के आए दिन हो रहे हमलों का कोई माकूल जवाब नहीं दे रहा है तथा न ही सरकारी नीतियों का प्रचार प्रसार हो रहा है। जहां एक तरफ सता ओर संगठन में तालमेल की बात की जाती है तो वहीं प्रदेश में लंबे समय से संगठन ही नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में संगठन वह सीढ़ी है जो नेताओं को सत्ता की मंजिल तक ले जाती है, परंतु प्रदेश में संगठन का न होना आने वाले पंचायत चुनावों में पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है।

अधिकारियों को बिजली व्यवस्था सुधारने के निर्देश

विधायक मलेंद्र राजन ने विद्युत बोर्ड के अधिकारियों के साथ की विशेष बैठक

अनंत ज्ञान, इंदौरा

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने बुधवार को क्षेत्र में बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर विद्युत बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त लो वोल्टेज, ट्रिपिंग और अनियमित बिजली आपूर्ति जैसी समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की और इनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मलेंद्र राजन ने कहा कि गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

विद्युत बोर्ड के अधिकारियों के साथ विशेष बैठक करते इंदौरा के विधायक राजन।

उन्होंने कहा कि हाल ही में क्षेत्र में तूफानों के कारण बिजली की तारों में शार्ट सर्कट होने की वजह से कई स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुई हैं, जो अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से फील्ड में जाकर जनता की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित समाधान करें। विधायक ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में विद्युत ढांचे को सुदृढ़ करने, नई लाइनों के निर्माण और ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को बिजली सुधार कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

नगरोटा सूरियां खंड के 9 प्राथमिक स्कूल हो सकते हैं बंद

शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां

प्रदेश सरकार के नए कानून के तहत जिन प्राइमरी स्कूलों में पांच या पांच से कम बच्चे हैं, उन स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जिसके कारण नगरोटा सूरियां खंड प्राथमिक शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले करीब 9 प्राइमरी स्कूलों पर गाज गिर सकती है। प्राइमरी स्कूल सपड़ू कटोरा, भिहाल, दर्गीयाह, संमलोटा, भडियाटा, वरियाल, जलख है बंद हो सकते हैं, क्योंकि इन सभी स्कूलों में पांच से कम बच्चे पढ़ रहे हैं, जबकि एक दो स्कूलों में तो में बच्चे ही नहीं है। इन सभी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नजदीक के स्कूलों में दाखिला मिलेगा, इसके लिए विभाग ने खंड कर्यालय से कितनी कितनी दूरी है नजदीक के स्कूलों में जानकारी मांगी हैं। उधर, हाई स्कूल कटोर का भी दर्जा अब कम हो जाएगा और यह मिडिल स्कूल हो जाएगा। इस स्कूल में भी पांच के करीब बच्चे हैं। स्कूल में 9वीं और 10वीं क्लासें हैं। नगरोटा सूरियां खंड के तहत मिडिल स्कूल कदरेटी, सपड़ू, डडोली भी बंद हो सकते हैं। इन स्कूलों में भी पांच बच्चे ही स्कूल में है तथा बच्चों की संख्या कम होने के कारण सरकार में सभी स्कूलों बंद करने का निर्णय लिया है। इन सभी स्कूलों के बंद होने के कारण अध्यापकों के तबादले अब दूसरे स्कूलों में हो जाएंगे। इन स्कूलों के बंद होने से बहुत से अध्यापक जो इन स्कूलों में हैं, उन्हें तबादले का डर सता रहा है तथा इन्हें दूसरे ब्लॉक में लगाया जा सकता है। बता दें कि कुछ स्कूलों के अध्यापकों ने पंचायत प्रतिनिधियों के मिलकर गांव-गांव में जाकर अभिभावकों को बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करने के लिए प्रेरित किया है। (अनंत ज्ञान)

पपरोला में 14 ब्राह्मण कुमारों का किया यज्ञोपवीत संस्कार

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। भगवान श्री परशुराम जंयती एवं अक्षय तृतीया पर्व पर ब्राह्मण कल्याण परिषद उपमंडल बैजनाथ द्वारा श्री परशुराम भवन मझेरन रोड पपरोला में उपमंडल बैजनाथ के 14 ब्राह्मण कुमारों के यज्ञोपवीत संस्कार की शुरुआत हुई। यज्ञोपवीत एवं आरती के पश्चात उपमंडल बैजनाथ के ब्राह्मण-परिवारों के लिए धाम का आयोजन भी किया गया है। ब्राह्मण कल्याण परिषद उपमंडल बैजनाथ के सचिव चमन लाल एवं प्रेस सचिव अनुज आचार्य के अनुसार 30 अप्रैल बुधवार को भगवान श्री परशुराम की भव्य झांकी सुबह 10 बजे बैजनाथ-पपरोला की नगर परिक्रमा करके परशुराम भवन पहुंचेगी।

जातीय जनगणना को मंजूरी ऐतिहासिक कदम : काजल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में जातीय जनगणना करवाने को मंजूरी देने के फैसले को ऐतिहासिक और जनहितैषी करार दिया है। काजल ने कहा देश में 1931 के बाद लंबे अरसे लगभग 94 साल बाद जातीय आधार पर जनगणना होगी। जिससे नई सिरे से जातियों को आरक्षण की सुविधा भी मिलेगी। काजल ने कहा कांग्रेस में जातियों को हमेशा वोट बैंक के आधार पर यूज कर पिछड़ा वर्ग साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सेवा को खुली छूट देने से देश में आतंकवाद और अलगाववाद का विनाश होगा। काजल ने कहा हिमाचल में कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है उन्होंने कहा युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, वहीं महिलाओं को चुनावी वायदे अनुसार प्रति महीना 1500 रुपए की आ जाएगी अभी तक नहीं की जा रही है। काजल ने प्रदेश सरकार पर कांगड़ा जिले के साथ भेदभाव करने का भी आरोप लगाया है।

दिव्यांगता को मात देकर छात्रा आकृति ने स्पेशल ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदक

मनोज चंदेल, योल

दिव्यांग छात्रा आकृति, जो पुराना कांगड़ा के गांव की रहने वाली हैं, वर्तमान में सूर्य उदय वोकेशनल सेंटर फॉर स्पेशल नीड चाइल्ड, खनियारा में पढ़ाई कर रही हैं। हाल ही में आकृति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इटली में एथलेटिक्स खेलों में हिस्सा लिया और क्रॉस कंट्रीज, 100 मीटर और 50 मीटर दौड़ में ब्रोंज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया।

आकृति ने विशेष बातचीत में कहा कि वह अपने खेल सफर पर गौरवान्वित महसूस करती हैं और यह सब संभव हुआ है उसके माता-पिता, अध्यापकों और खासकर मेघा मैडम के सहयोग से, जो नहान से हैं और उनकी कोच रही हैं। आकृति ने 2022 में इस खेल को शुरू किया था और इसके बाद ओलंपिक कैंप नारकंडा में तीन बार प्रशिक्षण लिया। आकृति के पिता संजय कुमार, जो पुराना कांगड़ा गांव में दुकान चलाते हैं, अपनी अपनी बेटी की सफलता पर गौरवान्वित हैं। उन्होंने बताया कि पहले आकृति किसी को भी गाली-गलौज कर देती थी और कभी पूरा दिन किसी से बात नहीं करती थी। डीएवी स्कूल में पढ़ाई के दौरान जब स्कूल वालों ने कहा कि वह पढने के काबिल नहीं है, तो पूरा परिवार मायूस हो गया, लेकिन फिर उन्हें सूर्य उदय वोकेशनल सेंटर के बारे में पता चला और उन्होंने आकृति को वहां भेजा। संजय कुमार ने कहा हमने तो सपने में भी नहीं सोचा था की आकृति किसी खेल में इस देश के बाहर इटली जैसे शहर में जाएगी। इस सेंटर में पढने के बाद आकृति में जिम्मेदारी की भावना आई है। वह अब समाज के लिए भी समझदारी भरी बातें करती है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को संदेश दिया कि वे अपने बच्चों की मदद के लिए सक्रिय रहें, क्योंकि इससे बच्चों का विकास और सफलता संभव है। सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट स्कूल एंड वोकेशनल सेंटर 2017 से दिव्यांग बच्चों के साथ काम कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

आधारशिला गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ना प्रदेश की सुक्खू सरकार की प्राथमिकता : केवल सिंह पठानिया

विधायक ने ललेटा-वणु महादेव मार्ग का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान, शाहपुर

सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आर्थिक समृद्धि की भाग्य रेखाएं होती हैं और प्रदेश सरकार राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए युद्ध स्तर पर सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य कर रही है। यह बात उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बुधवार को टुंडू में नाबार्ड के तहत 11 करोड़ 83 लाख रुपए से निर्मित होने वाली ललेटा-वणु महादेव सड़क का शिलान्यास एवं चंबी खड्ड पर 50 मीटर स्पेन पुल सहित निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए कही।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सम्पर्क मार्ग के बनने से लगभग 5 गांव धनोटू, टुंडू, ललेटा, वणु महादेव, ठारु के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होनें कहा कि डढ़म्ब- दुर्गेला सड़क का साइट विकास कार्य 10 लाख रुपए की लागत से पूरा हो चुका है और निर्माण के लिए 8 लाख की लागत का एस्टीमेट भेजा गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें न केवल परिवहन का माध्यम हैं बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास का भी आधार हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में बेहतर सड़कए स्वास्थ्य तथा शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधान सभा क्षेत्र की पंचायतों में विकास कार्यों के लिए किसी भी स्तर पर धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। कहा कि वर्तमान सरकार ने आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम आरंभ किए हैं। इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक पात्र लोगों तक पहुंचे इस के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधान सभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और हर व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे।

ललेटा-वणु महादेव मार्ग का किया शिलान्यास करते केवल सिंह पठानिया।

उपमुख्य सचेतक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं

केवल सिंह पठानिया ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा उनके त्वरित निदान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एससी लोक निर्माण विभाग वीएम ठाकुर, अधिशासी अभियंता अंकज सूद, तहसीलदार दीक्षांत ठाकुर, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग अमित डोगरा, अधिशासी अभियंता बिजली विभाग अमित शर्मा, एसडीओ लोक निर्माण विभाग बलबीत सिंह,एसडीओ जलशक्ति विभाग रन्जाक मोहम्मद,आरओ फॉरेस्ट सुमित शर्मा,मीडिया सलाहकार विनय ठाकुर, ठारू प्रधान सपना देवी, उप प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, पूर्व बीडीसी मीनाक्षी धीमान, अध्यक्ष युवा ब्लॉक कांग्रेस दिव्यांश कटोच, उपाध्यक्ष युवा ब्लॉक कांग्रेस राहुल शर्मा महिला मंडल प्रधान ललेटा सुलेखा, नवनीत शर्मा, सुशील शर्मा, अजय बबली, सुनील बलौरिया और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने फागु स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयरहाउस का हर माह नियमित निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने बताया कि ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण में सभी चीजें व्यवस्थित पाई गई हैं। इसके साथ ही वहाँ पर सुरक्षा की दृष्टि से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, उपमंडलाधिकारी (ना.) ठियोग डॉ मेजर शशांक गुप्ता तथा नायब तहसीलदार निर्वाचन संजीव शर्मा भी उपस्थित रहे।

तीसरी बार अध्यक्ष बने जिला सिंह नेगी

दशमी रावत, रोहड़ू। शिक्षा खंड रणसार जांगला में प्राथमिक शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक चुनाव 2025-28 के लिए चुनाव सर्वसहम्मति से हुए। जिसमें रणसार खंड के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार जिला सिंह नेगी को नियुक्त किया गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर परमेश्वर शर्मा, महासचिव पद पर रविंद्र गंगटवान, कोषाध्यक्ष नंद किशोरी शर्मा व महालेखाकार पद पर रिबन लाल मेहता को सर्व सम्हमति से चुना गया। महिला विंग की अध्यक्ष पार्वती कायथ को चुना गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बलवंत चौहान, उपाध्यक्ष यशवंत कल्याण, कोषाध्यक्ष गोपी चंद सुनवान विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस के अतिरिक्त जिला शिमला से पर्यवेक्षक के रूप में मनोज, प्रेम भारद्वाज, प्रदीप व बलवंत नेगी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। इस प्रक्रिया में रणसार खंड के 70 के करीब अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

सीमा कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) में 30 अप्रैल को करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल व बीवॉक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेंटम वर्क स्किल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव विभिन्न क्षेत्रों में 750 रिक्त पदों को भरने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय सीमा के बीवॉक, बीसीए, बीबीए, बीकॉम, बीएससी., बीए, पीजीडीसीए, फैशन डिजाइनिंग व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों सहित राजकीय महाविद्यालय संजौली, सरस्वती नगर एवं रामपुर से लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों को उनके कौशल और क्षमताओं के आधार पर 18 हजार रुपये से 30 हजार रुपये प्रतिमाह तक का वेतन प्रस्तावित किया गया। इस अवसर पर क्रॉसलैंड एजुकेशन करियर, बारबेक्यू नेशन, रामाडा, विद्या ज्योति एजुवर्सिटी, ग्लोबल डिजाइन एरीना, अवांते इंटरनेशनल, वेब हॉप्पर, प्यूमा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईबीएम और इंफोसिस जैसी विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

फाइनल खेलने वाली दोनों टीमें बनीं संयुक्त विजेता

अनंत ज्ञान, सुन्नी। संडे कप-40 प्लस संडे क्रिकेट कप टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला करयाली के खेल मैदान में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में क्षेत्र की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। टीमों में कोटि घाट, मोगड़ा, धरोगड़ा, क्याळू, हिमरी, करयाली, भराड़ा व चोथा परगना की टीमों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जेओएसडी भराड़ा व रायल ब्रदर्स मोगड़ा की टीम के मध्य खेल गया। मुकाबला बिना हार जीत के ही समाप्त हो गया और फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति खेम कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

जिला परिषद की साधारण बैठक 3 मई को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला परिषद शिमला की साधारण बैठक 3 मई को प्रातः 11 बजे बचत भवन उपायुक्त कार्यालय शिमला में आयोजित की जाएगी। जिला परिषद शिमला सचिव ने कहा कि इस बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की अभिपुष्टि और गत बैठक के लंबित विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही जिला की ग्राम पंचायतों की मनरेगा की शैल्फों को पारित करना तथा अन्य विषयों पर भी बैठक में विचार विमर्श किया जाना है। इस बैठक में समस्त जिला परिषद सदस्य एवं जिला भर से विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे।

देश गम में डूबा था और जयराम डाल रहे थे नाटी : सुक्खू

सीएम बोले-कांग्रेस पार्टी का इतिहास देशभक्ति भरा, नेता प्रतिपक्ष कर रहे भ्रामक प्रचार

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि जब देश आतंकवादी हमले की वजह से गमगीन था, तब जयराम ठाकुर नाटी डाल रहे थे और झूम-झूम कर नाच रहे थे। इसलिए वह कांग्रेस पार्टी को देशभक्ति ना सिखाएं। पार्टी का इतिहास रहा है कि उनके नेताओं ने आजादी के लिए सैकड़ों वर्ष तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर राष्ट्रभक्ति की बात करते हैं और खुद राष्ट्रीय शोक के दौरान नाच रहे थे। आतंकी हमले के बाद पूरा देश गम में डूबा था और वे तब नाटी डाल रहे थे।

सुक्खू ने कहा कि जिस विचारधारा ने देश को मजबूती प्रदान की है और जिस विचारधारा के दो प्रधानमंत्रियों ने देश की एकता व अखंडता के लिए बलिदान दिया, जयराम उस पार्टी की विचारधारा पर सवाल उठा रहे हैं। इस प्रकार की बात उठाना जयराम को अच्छा नहीं लगता। सीएम ने कहा कि जयराम को मीडिया फीवर हो गया है। वह मीडिया के बगैर नहीं रह सकते, उन्हें आदत पड़ गई हैं, ऐसे बयान देने की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हिमाचल के संसाधनों को जयराम ने मुख्यमंत्री रहते लुटाया है, उसके लिए पूरा प्रदेश उन्हें याद रखेगा। (अनंत ज्ञान)

देशहित के फैसले को लेकर पीएम के साथ खड़ी कांग्रेस

सुक्खू ने कहा कि राहुल गांधी ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्र की सुरक्षा में, जो भी फैसला केंद्र सरकार लेगी, कांग्रेस उसके साथ खड़ी है। इस संकट की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी देश के प्रधानमंत्री के साथ है, वह जो भी फैसला देश हित में करेंगे। कांग्रेस पार्टी उसका समर्थन करेगी।

शिक्षक महासंघ की मांगों पर होगा सहानुभूति पूर्वक विचार : मुख्यमंत्री

हिमाचल शिक्षक महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की तथा महासंघ की विभिन्न मांगों के बारे में उन्हें अवगत करवाया। उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित अन्य वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

ढली टनल के पास आवारा कुत्तों ने स्कूल जाते बच्चे को किया लहूलुहान

अनंत ज्ञान, शिमला

शिमला के उपनगर ढली टनल के पास आज सुबह के वक्त एक स्कूली बच्चे पर सात से आठ आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। इससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद परिजन बच्चे को इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला उपचार के लिए ले गए।

इस घटना के बाद घायल बच्चे के पिता कर्मचंद भाटिया नगर निगम मेयर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए, क्योंकि शिमला शहर में आवारा कुत्तों के साथ साथ बंदरों की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कर्मचंद ने बताया कि उनके बच्चे को कुत्तों ने लहूलुहान किया कर दिया है। वह आईजीएमसी में उपचाराधीन है। उन्होंने बताया कि स्कूल जाते वक्त ढली टनल के पास उनका बच्चा गेंद को उठा रहा था, इस दौरान सात-आठ कुत्तों ने बेटे पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि साढ़े आठ साल के मेरे बच्चे को यदि वहां मौजूद सफाई कर्मचारी नहीं बचाते तो उनके जीने का सहारा हमेशा के लिए छिन जाता। उन्होंने नगर निगम से आवारा कुत्तों के साथ साथ बंदरों की समस्याएं से भी स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

मेयर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पिता

कुत्ते व बंदरों के काटने के आए 2700 मामले

बता दें कि बीते एक साल के दौरान शिमला शहर के अलग-अलग अस्पतालों में कुत्तों व बंदरों के काटने के 2700 से ज्यादा मामले आ चुके हैं। इससे खासकर बच्चे व महिलाएं शिमला में घरों में कैद होकर रह गई हैं। वहीं प्रदेश सरकार और नगर निगम शिमला मूक दर्शक बनकर बैठा है। इससे कुत्ते व बंदर रास्ते में चलते लोगों पर झपट जाते हैं। घरों को सामान ले जाना मुश्किल हो गया है।

लूहरी परियोजना के प्रभावित परिवारों से दावे व आक्षेप आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। अतिरिक्त जिला दडाधिकारी शिमला ज्योति राणा ने बताया कि महाल निरथ, नरोला व भद्राश जिला शिमला में 00-38-92 हेक्टेयर (5 बीघा 3 बिस्वा) भूमि लूहरी जल विद्युत परियोजना (210 मेगावाट) के निर्माण के लिए अर्जन हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त महालों के प्रभावित परिवारों के लिए धारा 16 भूमि अर्जन पुनर्वासन व पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधिकार अधिनियम नियम 2016 के अंतर्गत स्कीम तैयार की है। इस योजना में वे सब भू मालिक सम्मिलित किये गये हैं जो पूर्व में तैयार ड्राफ्ट योजना में से छूट गये थे। इस अनुपूरक ड्राफ्ट योजना को प्रचार व प्रसार के लिए एसडीएम रामपुर के कार्यालय में रखा गया है। ड्राफ्ट योजना को अंतिम रुप देने से पूर्व प्रभावित लोगों के दावे एवं आक्षेप आमंत्रित हैं, जोकि एसडीएम रामपुर के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

राष्ट्रपति दौरे में सुरक्षा व्यवस्था रखें चाक-चौबंद: डीसी

5 से 9 मई तक राष्ट्रपति निवास में रुकेंगी, कल्याणी हेलिपैड से द रिट्रीट तक सड़क मार्गों को करें दुरुस्त

अनंत ज्ञान, शिमला

राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के प्रस्तावित शिमला दौरे को लेकर प्रशासनिक अमले ने मोर्चा संभाल लिया है। जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने आरंभिक तैयारियों के संदर्भ में एक बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कि राष्ट्रपति का प्रवास जिला प्रशासन के लिए बेहद अहम गतिविधि है। सभी विभाग जरूरी समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि हर प्रकार की व्यवस्था में कोई कमी ना रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 से 9 मई तक शिमला आ रही हैं और इस प्रस्तावित दौरे के दौरान वह शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में रुकेंगी। लोक निर्माण निर्माण विभाग को कल्याणी हेलिपैड से द रिट्रीट तक व जहां से राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा, उन मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इन मार्गों पर बिजली की तारों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निगम शिमला को दी रिट्रीट और आसपास के क्षेत्र में व्यापक साफ़ - सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने एसजेपीएनएल को दी रिट्रीट के लिए पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने बैठक का संचालन किया और क्रमवार मदों को प्रस्तुत किया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिमला नवदीप सिंह एवं रतन नेगी, उपमंडल दंडाधिकारी शिमला ग्रामीण मंजीत सिंह, उपमंडल दंडाधिकारी शिमला शहरी ओशिन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति दौरे को लेकर जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप आवश्यक बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

राष्ट्रपति दौरे को लेकर कानून व्यवस्था दुरुस्त रखें

जिला दंडाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति दौरे को लेकर तैयारियों में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर सम्बंधित अधिकारी एडीएम (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा से सीधे संपर्क कर सकते हैंऔर पूरी तैयारी के साथ कानून व्यवस्था दुरुस्त रखें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर शिमला में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की विभिन्न स्थानों पर तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त शिमला के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी।

द रिट्रीट व अन्य स्थानों पर फायर ऑडिट करने के निर्देश

अनुपम कश्यप ने अग्निशमन विभाग को दी रिट्रीट और अन्य स्थानों का फायर ऑडिट करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी अपने पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

ढली, संजौली से सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाएं

डीसी ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के दौरान शहर के ढली, संजौली व अन्य क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने के निर्देश दिए। यहां पर मौजूदा समय में हजारों वाहन सड़कों के दाएं बाएं खड़े हैं, जिन्हें हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया है।

बिलासपुर की संगीता सोनी को चुना वीनस मिसेज इंडिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

वीनस फिल्म एंड इवेंट्स द्वारा आयोजित वीनस मिस एंड मिसेज इंडिया-2025 का सीजन-4 जयपुर में 27 अप्रैल को अजमेर रोड स्थित एक रिजॉर्ट्स में आयोजित किया गया। वीनस फिल्म एंड इवेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर जेजे कश्यप ने बताया कि वीनस मिस एंड मिसेज इंडिया के 3 सीजन गोवा, इंदौर, बेंगलुरु में आयोजित किए जा चुके हैं। सीजन 4 जयपुर में 27 अप्रैल को आयोजित किया गया। कॉन्टेस्ट में एक कैटेगरी मिस की और 2 कैटिगरी मिसेज की रहीं। 21 से 40 साल के विवाहित प्रतिभागियों ने क्लासिक कैटिगरी में परफॉर्म किया। वहीं 41 से 55 साल के विवाहित प्रतिभागियों ने प्रीमियम कैटिगरी में परफॉर्म किया। इसमें बिलासपुर की संगीता सोनी को वीनस मिसेज इंडिया 'हिमाचल प्रदेश' 2025 चुना गया। लाडली फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष शालू जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट, लाडली फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष एवं हेल्पिंग हैंड बिलासपुर के प्रधान नीलम सूद निर्मला राजपूत, सुमन, मोनिका, शालिनी इत्यादि लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारीयों ने कहा कि संगीता सोनी ने जिला बिलासपुर का नाम पूरे हिमाचल प्रदेश तथा भारत देश में रोशन किया। लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं हेल्पिंग हैंड्स एनजीओ द्वारा रविवार को बिलासपुर पहुंचने पर संगीता सोनी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

वीनस मिसेज इंडिया चुनी गईं संगीता सोनी व अन्य।

पद्मश्री हरिमन शर्मा का भव्य स्वागत

राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलने से परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

नीरज शर्मा, घुमारवीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बिलासपुर जिला के घुमारवीं से संबंध रखने वाले सेब सम्राट हरिमन शर्मा को बागवानी के क्षेत्र में नवीनतम प्रयोग करने पर पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। हरिमन शर्मा को मिले इस सम्मान से उनके परिजनों व क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। उनका बिलासपुर लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं, हरिमन शर्मा ने पदमश्री अवॉर्ड मिलने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताते हुए इस अवॉर्ड के लिए उनका चयन किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए बागवानी के क्षेत्र में आगे भी लागातर इसी तरह काम करते हुए एवोकाडो, खुमानी, पलम व कॉफी की पैदावार के लिए विशेष कार्य करने की बात कही है। अवॉर्ड मिलने के पश्चात अशोका हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हरिमन शर्मा की मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा एचरएमन-99 सेब के फल भेजने को कहा गया तो हरिमन शर्मा ने जल्द ही इस वादे को पूरा करते हुए सेब पहुंचाने की प्रधानमंत्री से बात कही है। गौरतलब है कि हरिमन शर्मा को सेब सम्राट के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें बागवानी में नए-नए प्रयोग करने के लिए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं। अब इन ईनामों की कड़ी में पद्मश्री सम्मान भी जुड़ गया है। (अनंत ज्ञान)

हरिमन शर्मा ने घुमारवीं को देशभर में पहचान दिलाई : गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री सम्मान लेने के बाद प्रगतिशील किसान हरिमन शर्मा का घुमारवीं लौटने पर पर भव्य स्वागत हुआ। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रगतिशील किसान हरिमन शर्मा को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में पद्मश्री अवॉर्ड केवल हरिमन शर्मा का नहीं, पूरे हिमाचल का सम्मान है। हरिमन शर्मा ने घुमारवीं को देशभर में पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के पनियाला से संबंध रखने वाले प्रगतिशील किसानहरिमन शर्मा ने वो कर दिखाया जो सोच से परे था। एचआरएमएन -99 सेब की वह किस्म है जो कम ठंडे इलाकों में भी उगाई जा सकती है। उनके इस नवाचार ने हजारों किसानों की किस्मत बदल दी है। यह पद्मश्री उनके समर्पण और सृजनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले के रहने वाले हरिमन शर्मा वही किसान हैं, जिन्होंने पारंपरिक खेती छोड़ कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सेब की नई किस्म तैयार की। आज देश के कई राज्यों सहित विदेशों में भी उनकी तैयार की गई सेब की किस्म के पौधे लहलहा रहे हैं। कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और युवा शामिल रहे।

पद्मश्री हरिमन शर्मा को सम्मानित करते पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग।

नाबालिग से दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला थाना में दर्ज शिकायत में 16 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान उसकी जान-पहचान एक युवक से हुई थी। आरोपी ने उसे विश्वास में लेकर बहला-फुसलाया और 2 अलग-अलग मौकों पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वहां पर एक जान-पहचान के युवक ने उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया तथा इसके बाद उसके दोस्त ने भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दूसरी घटना गत मार्च में सामने आई, जब तीन युवकों ने उसे फिर उसी स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार इस दौरान एक आरोपी ने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्डिंग भी की और चुप रहने की धमकी दी। घटना से डरी पीड़िता ने पहले किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन हाल ही में हिम्मत जुटाकर अपनी मां को सारी बात बताई। इसके बाद महिला थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी युवकों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

जिला मेडिकल डिसेबिलिटी बोर्ड की बैठक कल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला मेडिकल डिसेबिलिटी बोर्ड की बैठक 2 मई को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक कमरा नंबर 203, न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, क्षेत्रीय अस्पताल, बिलासपुर में होगी, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों की चिकित्सीय जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इस संबंध में गठित जिला मेडिकल डिसेबिलिटी बोर्ड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ डॉ. निशांत आचार्य (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. भूपेंद्र (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. प्रशांत शर्मा (सर्जन), डॉ. कुलदीप कुमार (औषधि विशेषज्ञ), डॉ. निशांत वर्धन (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ. नरेश चौहान (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. आयुष शर्मा (मानसिक रोग विशेषज्ञ) और डॉ. ज्योत्सना गौतम (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) भी बोर्ड में शामिल रहेंगे। मेडिकल बोर्ड में दिव्यांगजन अपनी चिकित्सीय जांच करवाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति का आकलन कर आवश्यक दस्तावेज जारी करेगी। लाभार्थी संबंधित दस्तावेज साथ लाएं, ताकि प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की जा सके।

शुभकामनाएं आशीर्वाद समारोह में बच्चों को तिलक लगाकर नीट परीक्षा के लिए दीं शुभकामनाएं

हीरे की चमक कभी नहीं जाती : राकेश

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं में नीट परीक्षा को आत्मविश्वास से देने के लिए एक आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मिनर्वा स्टडी सर्किल के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने तिलक लगाकर बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा परीक्षा में धैर्य बनाए रखने की सलाह दी। स्टडी सर्किल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप हमारे हीरे हैं, हीरे की चमक कभी नहीं जाती। हमें भरोसा है कि सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत की है और मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, जिंदगी में जरूर सफलता हासिल होगी। उन्होंने कहा कि हमेशा अपने ऊपर विश्वास बनाये रखें। कोई भी परीक्षा हमारे जीवन का केवल हिस्सा है, इसमें कोई सफल होगा कोई असफल होगा लेकिन पढ़ाई हमेशा जीवन मे काम आती है।

मिनर्वा संस्थान के संस्थापक प्रवेश चंदेल ने कहा कि जीवन में कई राहें हैं, पढ़ने वाला बच्चा किसी भी स्थान पर जा सकता है। पढ़ाई एक ऐसी चीज है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। अक्सर देखा जाता है कि पढ़ाई के दौरान कई बच्चे टूट जाते हैं। प्रतिस्पर्धा का दौर है हो सकता है जिस चीज़ को आप हासिल करना चाहते हैं वह आपको न मिले लेकिन ऐसा भी नहीं है कि जिंदगी के सभी दरवाजे बंद हो जाएंगे। अच्छी शिक्षा आपको उच्च स्थान पर पहुंचाती है। बुधवार को नीट के सभी मापदंडों का अनुसरण करते हुए परीक्षा का आयोजन किया गया। राकेश चंदेल ने बताया कि इस परीक्षा को करवाने का उद्देश्य प्रवेश परीक्षा से पहले बच्चों का परीक्षा में उत्साह व संयम बनाए रखने में सहायता प्रदान करेगा। इसके बाद आत्मविश्वास से परीक्षा देने के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। एमडी स्वदेश चन्देल ने बताया कि नीट 2024 में भी मिनर्वा स्टडी सर्कल के 53 छात्रों का चयन हुआ था और इस वर्ष भी बेहतर परिणाम की संभावना है। संस्थान में नीट 2026 के लिए बैच 12 मई से शुरू हो रहा है और जेईई मेंस का बेच भी चल रहा है। इस मौके पर आरती चंदेल, प्रशांत चंदेल आदि मौजूद रहे।

बता दें कि मिनर्वा स्टडी सर्किल में कोचिंग के लिए बच्चों को खास ऑफर रखे गए हैं। जमा दो कक्षा में 85 से 88.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को टयूशन फीस में 15 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 90 से 94.99 प्रतिशत अंक वाले बच्चे को 25 प्रतिशत छूट, 95 से 98.99 अंक प्राप्त करने वाले को 50 प्रतिशत छूट व 99 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले को ट्यूशन फीस में 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान रखा गया है।

आशीर्वाद समारोह में मौजूद स्टडी सर्किल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल व अन्य।

डियारा सेक्टर में दो गुटों में हिंसक झड़प, महिला और किशोर घायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर के डियारा सेक्टर में मंगलवार रात को दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। झगड़े में दोनों ओर से हथियार लहराए गए और रॉड, डंडों के साथ तलवारें तक निकल आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 10 बजे डियारा सेक्टर के दो परिवारों के बीच अचानक तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों परिवारों के बीच पहले से कोई पुराना विवाद चल रहा था, जो उस रात फिर से भड़क गया। देखते ही देखते बहस हिंसक झगड़े में बदल गई और दोनों पक्षों से आए लोगों ने राड, डंडे और धारदार हथियार निकाल लिए। मारपीट के दौरान एक महिला को सिर में गंभीर चोट आई, वहीं करीब 14 वर्षीय एक किशोर के पेट में चोट लगी है। दोनों को तुरंत बिलासपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना इतनी अचानक और उग्र थी कि आसपास के लोग डरकर अपने घरों में बंद हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों गुटों के लोग तितर-बितर हो चुके थे। पुलिस ने दोनों पक्षों को सीटी चौकी बुलाकर पूछताछ शुरू की। साथ ही घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि झगड़े की शुरुआत किसने की और किसने पहले हमला किया।

पुलिस थाना बिलासपुर प्रभारी हरनाम सिंह ने जानकारी दी कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से मारपीट, हथियार लहराने और शांति भंग करने की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। घटना के बाद डियारा सेक्टर में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की मांग की है।

दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज

दलजीत अध्यक्ष, सुशील उपाध्यक्ष निर्वाचित

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता बार एसोसिएशन का चुनाव रोमांचक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें दलजीत सिंह चन्देल अध्यक्ष और सुशील कुमार शर्मा उपाध्यक्ष चुने गए। वहीं, महासचिव के लिए पुनीत नड्डा और सहसचिव के लिए परवेश कुमार को सर्वसहमति से चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी 1 मई 2025 से अपना कार्यभार संभालेगी। चुनाव प्रक्रिया में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सर्वजीत सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता और सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए हुए जोरदार मुकाबले ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन अंत में सहमति और एकता ने जीत हासिल की। महासचिव और सहसचिव पदों पर बिना किसी विवाद के सर्वसम्मति से चयन ने बार की एकजुटता को और मजबूत किया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष दलजीत सिंह चन्देल ने अपनी जीत को सभी सदस्यों के सहयोग का परिणाम बताया और कहा कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और बार की गरिमा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने भी विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बार के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि यह चुनाव बार एसोसिएशन की एकता और परिपक्वता का प्रतीक है। उन्होंने नई टीम से अधिवक्ताओं के कल्याण के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों पर ध्यान देने की अपील की।नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से बार के सदस्यों और स्थानीय अधिवक्ताओं को बड़ी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि यह नई टीम बार एसोसिएश

लकड़ी के पुल से गुजरने को मजबूर ग्रामीण

सधारी गांव की डूबती पुलिया बनी जीवन रेखा की जंग, विधायक डॉ. जनक राज ने सरकार की निष्क्रियता पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान, पांगी

पांगी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शूण के सधारी गांव में सिंधारी नाला पर बनी जर्जर पुलिया अब सैकड़ों ग्रामीणों के लिए जानलेवा संकट बन चुकी है। बरसात के मौसम में पानी का लगातार बढ़ता स्तर इस पुलिया को हर दिन डुबो रहा है। हालात इतने खराब हैं कि स्थानीय ग्रामीण अब लकड़ी से बनी अस्थायी पुलिया से जान जोखिम में डालकर गुजरने को तैयार हैं, क्योंकि उनके पास कोई और विकल्प नहीं बचा है।

यह स्थिति केवल एक बुनियादी सुविधा की कमी नहीं, बल्कि सरकार की नीतिगत विफलता और संवेदनशील क्षेत्रों की उपेक्षा का प्रतीक बन चुकी है। भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार की चुप्पी और लापरवाही पर तीखा प्रहार किया। डॉ. जनक राज ने कहा कि सिंधारी नाला की यह पुलिया अब केवल एक संरचना नहीं, बल्कि पांगी क्षेत्र की डूबती उम्मीदों और सरकार की अनदेखी का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। उन्होंने चेताया कि पूंजीगत व्यय (Capital E&penditure) की भारी कमी का सबसे गहरा असर उन्हीं क्षेत्रों पर पड़ रहा है जो पहले से ही दुर्गम, सीमावर्ती और उपेक्षित हैं।

विधायक डॉ. जनक राज।

ये हैं मुख्य मांगें

- सधारी गांव की डूबती पुलिया को आपातकालीन स्थिति घोषित किया जाए।
- तत्काल बजट जारी कर इसका स्थायी पुनर्निर्माण शुरू किया जाए।
- पूंजीगत व्यय के अंतर्गत पांगी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाए।
- संवेदनशील गांवों के लिए विशेष योजना बनाकर वास्तविक जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए।

'व्यवस्था परिवर्तन' के वादे के साथ सत्ता में आई सरकार ने पांगी जैसे क्षेत्रों को विकास की सूची से बाहर कर दिया है। लोग रोज अपनी जान हथेली पर रखकर, यहां तक कि लकड़ी के बने अस्थायी पुलों से गुजरने को मजबूर हैं। ये हालात किसी भी दिन एक बड़े हादसे में बदल सकते हैं।

लकड़ी से बनी अस्थायी पुलिया से जान जोखिम में डालकर गुजरते लोग।

घुमारवीं में कश्मीरी मूल के व्यक्तियों की पंजीकरण दस्तावेजों को लेकर पुलिस कर्मी के साथ हुई बहस

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

बुधवार शाम पुलिस थाना घुमारवीं के अधीन शहर के दकड़ी चौक में स्थिति उस समय संवेदनशील हो गई, जब कुछ कश्मीरी मूल के व्यक्तियों और एक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी के बीच पंजीकरण दस्तावेजों को लेकर बहस शुरू हुई और बचाव करने पहुंचे कुछ स्थानीय लोगों के साथ इन कश्मीरी लोगों के साथ कहासुनी शुरू हुई और मामला मारपीट तक जा पहुंचा।

जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि जब वह दकड़ी चौक पर ड्यूटी दे रहा था तभी वहां पर संदेहास्पद रूप से घूम रहे कुछ व्यक्तियों से उनके पहचान और पंजीकरण दस्तावेज दिखाने को कहा। इस पर उन व्यक्तियों ने सहयोग न करते हुए पुलिसकर्मी से बहस शुरू कर दी। पुलिसकर्मी का आरोप है कि उक्त व्यक्तियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया व उनके पास कुल्हाड़ी भी मौजूद थी, जिसे दिखाकर डराने की कोशिश की गई। स्थिति को बिगड़ते देख स्थानीय लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए और इन कश्मीरी की स्थानीय लोगों के साथ बहसबाजी शुरू हो गई। उसके बाद नौबत मारपीट तक जा पहुंची।

पुलिस कर्मी ने मारपीट का लगाया आरोप

सूचना मिलते ही थाना घुमारवीं से पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया। संबंधित व्यक्तियों को पुलिस थाना लाया गया जहां मामले की जांच शुरू कर दी गई। विवाद का दूसरा पक्ष सामने आने पर इन कश्मीरी मूल के व्यक्तियों ने बताया कि वे अपना कार्य समाप्त कर वापस लौट रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। वे स्वयं को पीड़ित बता रहे हैं और उनके अनुसार इस झगड़े में उन्हें शारीरिक चोटें भी आई हैं। वहीं प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इन व्यक्तियों के पास जो पंजीकरण कागजात मौजूद थे। उनकी वैधता जनवरी 2024 में समाप्त हो चुकी थी। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे जनवरी में वापस कश्मीर गए थे और हाल ही में दो-तीन दिन पहले ही लौटे हैं, लेकिन उन्होंने वापसी के पश्चात नया पंजीकरण करवाना आवश्यक नहीं समझा। पुलिस ने संबंधित पुलिसकर्मी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

सरकार सभी विभागों में रिक्त पड़े बैकलॉग पदों की श्रेणीबद्ध सूची करे सार्वजनिक : राही

अनंत ज्ञान, चबा

अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा का एक प्रतिनिधिमंडल, संस्था के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर के नेतृत्व में प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य विजय डोगरा से उनके चंबा प्रवास के दौरान मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी गंभीर मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर अंबेडकर मिशन सोसायटी के महासचिव अनूप राही ने बताया कि वर्षों से प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति वर्ग के बैकलॉग पद भरे नहीं जा सके हैं। उन्होंने आग्रह किया कि सरकार सभी विभागों में रिक्त पड़े बैकलॉग पदों की श्रेणीबद्ध सूची सार्वजनिक करे, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सके।

इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मुद्दा उठाया कि एससी/एसटी उपयोजना के तहत राज्य सरकार द्वारा बजट आवंटन में गंभीर अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि जहां अनुसूचित जाति की जनसंख्या के अनुपात में 33 प्रतिशत बजट निर्धारित होना चाहिए, वहां मात्र 4 प्रतिशत ही आवंटित किया जा रहा है और वह भी इस समुदाय के विकास पर व्यय न होकर अन्य कार्यों में उपयोग हो रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से मांग की कि वह एससी/एसटी उपयोजना अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए हस्तक्षेप करे और सरकार से बैकलॉग पदों की भरपाई के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करवाए। अंबेडकर मिशन सोसाइटी ने आयोग से इस संवेदनशील मुद्दे पर गहन संज्ञान लेने और सभी आवश्यक विभागीय कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा ने प्रदेश एससी आयोग के सदस्य को सौंपा मांग पत्र।

छतराड़ी में कुत्ते ने तीन बच्चों को बनाया शिकार

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर के छतराड़ी में कुत्ते ने 3 बच्चों को अपना शिकार बनाया है। कुत्ते के पागल हो जाने के बाद यहां पर लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह ही पागल कुत्ते ने तीन बच्चों को अपना शिकार बनाया है जिसमें एक बच्चा सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराड़ी में पढ़ाई कर रहा है। कुत्तों के इस तरह से काटने के चलते यहां के लोग बुरी तरह से सहम गए हैं। लोगों ने यहां पर प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आवारा कुत्तों की वैक्सीनेशन करवाई जाए और पागल कुत्तों की पहचान कर उनसे लोगों को बचाया जाए। अभिभावकों व बच्चों में डर का माहौल बैठ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9:00 बजे एक भूरे रंग के कुत्ते ने तीन लोगों को अपना शिकार बनाया है। हैरानी की बात यह है कि पागल कुत्ता छोटे बच्चों को अपना शिकार बन रहा है। पागल कुत्ते के आतंक के चलते यहां पर लोगों का घर से बाहर निकाला मुश्किल हो गया है

हर दुर्गम गांव तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ : डोगरा

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य ने की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान, चंबा

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा ने जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय चंबा में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं की गहराई से समीक्षा की और दुर्गम क्षेत्रों तक योजनाओं के लाभ सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से जुड़ी योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। विजय डोगरा ने अधिकारियों को कहा कि सरकार द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं को केवल कागज़ों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि जमीनी स्तर पर इनका प्रभाव दिखना चाहिए, विशेषकर उन गांवों में जहां अब तक योजनाओं की पहुंच नहीं हो पाई है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार में सहयोगी बनाने के निर्देश दिए, ताकि लाभार्थियों को योजनाओं की पूरी जानकारी मिले और वे समय पर लाभ उठा सकें।

विजय डोगरा ने बताया कि राज्य अनुसूचित जाति आयोग जून माह में चंबा जिला का दौरा करेगा, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को बीते तीन वर्षों में योजनाओं के लाभार्थियों की सूची, बजट आवंटन, वास्तविक व्यय और प्रगति रिपोर्ट तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों, संवेदनशील संस्थाओं के सक्रिय पदाधिकारियों की सूची भी आयोग को भेजने को कहा ताकि स्थानीय स्तर पर प्रभावी संवाद और क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले ज़िला कल्याण अधिकारी चमन शर्मा ने विजय डोगरा का शाल व टोपी भेंट कर स्वागत किया। बैठक में ज़िला प्रबंधक सुनाभ शर्मा, सहायक प्रबंधक अखलाख खान, तहसील कल्याण अधिकारी अक्षय कुमार, महिला एवं बाल विकास अधीक्षक राजेश राय और ज़िला समन्वयक मनोहर नाथ मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

रहस्यमय परिस्थितियों में युवक की मौत

अनंत ज्ञान, मंडी। शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर गांव ढुढर में एक युवक की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत होने की सूचना है। मृतक की उम्र 35 वर्ष के आसपास बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में मृतक बेटा वह बाप दो ही लोग रहते थे। वर्षों पूर्व उसकी माता का देहांत हो चुका है। मृतक अभी तक अविवाहित ही था। बाप सरकारी सेवा से रिटायर है जो कि अपना इलाज चंडीगढ़ में करवाने के बाद लौटा था।

गागल में कल मनाया जाएगा गुरु पर्व

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल द्वारा 2 मई को परम पूज्य सदगुरु सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव पर दो मई को हर्षोल्लास के साथ बनाया जाएगा। यह आयोजन हिमाचल धाम आश्रम गागल में प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने सभी श्रद्धालुओं को परिवार सहित पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गणेश वंदना, भजन संकीर्तन, स्वाध्याय, आरती, प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

लंबित कार्यों को समय पर करें पूराः नेगी

राजस्व मंत्री ने रामपुर में राजस्व से संबंधित कार्य की समीक्षा की

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर

राजस्व, बागवानी जनजातीय एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने विश्राम गृह विद्युत रामपुर में राजस्व विभाग रामपुर के लंबित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि राजस्व विभाग के कार्यों से किसी भी आम जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। कोई भी आम नागरिक राजस्व विभाग से संबंधित कार्य के लिए उनके पास आता है तो उसे समय रहते कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

राजस्व मंत्री ने अपनी समस्याओं को लेकर उससे मिलने आए लोगों की समस्या भी सुनी और शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके उन्होंने जल शक्ति विभाग व विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। कुछ देर विश्राम के बाद वे किन्नौर के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता जल शक्ति रसवीर नेगी, अधिशाषी अभियंता विद्युत काकू शर्मा, नायब तहसीलदार सुरेश, प्रताप नेगी व संजय मेहता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

उपायुक्त ने किया 'अपराजिता' कैलेंडर का विमोचन

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को मिलेगी नई उड़ान : मुकेश रेपसवाल

अनंत ज्ञान, चंबा

बेटियों के सम्मान, सशक्तिकरण और शिक्षित भविष्य को समर्पित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को चंबा में नई पहचान मिली है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में तैयार किए गए प्रेरणादायक कैलेंडर 'अपराजिता' का विमोचन अपने कार्यालय कक्ष से किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह कैलेंडर न केवल एक सूचना माध्यम है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और व्यवहार को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावशाली प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि चंबा जैसे पर्वतीय और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिले में बेटियों को प्रेरणा और सम्मान देना एक सामाजिक उत्तरदायित्व है, जिसे यह कैलेंडर बखूबी निभाएगा।

इस विमोचन कार्यक्रम में अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मैहरा, महिला एवं बाल विकास अधीक्षक राजेश राय तथा ज़िला समन्वयक मनोहर नाथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कैलेंडर की हर एक पंक्ति और तस्वीर बेटियों की असीम संभावनाओं और आत्मबल को दर्शाती है, जो आने वाली पीढ़ियों को जागरूक करने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

सूडोकु नवताल- 7417

★★★☆☆ मध्यम

	9				4			
8	4			6		9		5
5		6	8	2		3		
	1	5	6	3			9	7
3	6			9	7	1	4	
		1		4	8	7		6
9		4		7			2	1
			2				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -7416 का हल

8	5	4	7	3	2	6	1	9
6	7	1	9	5	4	3	2	8
2	9	3	8	6	1	7	5	4
4	3	9	2	1	7	8	6	5
5	6	2	3	8	9	4	7	1
7	1	8	6	4	5	9	3	2
3	2	6	5	9	8	1	4	7
9	4	7	1	2	6	5	8	3
1	8	5	4	7	3	2	9	6

मुद्रा लोन लेकर खोली मंडी में गारमेंट्स की दुकान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

कभी घरेलू नौकरानी के रूप में कार्य करने वाली मंडी जिला के गोखड़ा की गोमती आज अपने दम पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए मंडी शहर में गारमेंट्स की दुकान खोल ली है। मंडी के बालकरूपी मुहल्ले में बुधवार को गीता कलेक्शन नाम से शोरूम का उदघाटन सरदार पटेल विश्वविद्यालय की पूर्व प्रो. कुलपति अनुपमा सिंह ने किया। गोमती ने सरकार की महिला उद्यमी योजना के माध्यम से अपने सपनों को हकीकत में बदल डाला।

इस अवसर पर प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि यह प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने बताया कि गोमती पहले उनके यहां पर खाना बनाने का कार्य करती थी। इस दौरान उसके मन यह विचार चलता रहता था कि वह ऐसा कुछ करे जिससे वह आत्मनिर्भर हो सके। उसका यह सपना सरकार की महिला उद्यमी योजना के माध्यम से पूरा होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोमती ने मुद्रा योजना के माध्यम से लोन लेकर मंडी शहर में अपनी दुकान शुरू की है। जिसका शुभारंभ करते हुए उन्हें भी विशेष अनुभूति हो रही है कि एक महिला अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए योगदान दे रही है। वहीं पर वह अपने पति पर निर्भर ने रहकर अपने पैरों पर खड़े होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना जिससे गोमती के सपनों को उड़ान मिली है, अन्य महिलाओं के लिए भी वरदान है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को आकार देने का अवसर भी देती है। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी इस योजना से जुड़ने की अपील की और बताया कि कैसे सरकारी सहयोग और सही मार्गदर्शन से हर महिला अपने व्यवसाय की शुरुआत कर सकती है। इधर, गोमती ने बताया कि प्रो. अनुपमा सिंह के मार्गदर्शन और प्रेरणा से उन्हें योजना की जानकारी मिली, जिसके चलते आज वह अपने पैरों पर खड़ी होकर अपनी पहचान बना रही है।

गीता कलेक्शन के शुभारंभ पर अनुपमा सिंह के साथ गोमती व अन्य।

जेईई मेन परीक्षा में अच्छे अंक लेने पर दी बधाई

अनंत ज्ञान, डलहौजी। डलहौजी हिलटॉप स्कूल का विद्यार्थी आदिदेव ने की जेईई मेन 2025 परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की अध्यक्ष पूनम राय ध्वन ने आदि देव के माता पिता को मुबारक थी। स्कूल की अध्यक्ष पूनम राय ध्वन ने कहा की आदि देव शुरू से ही पढ़ाई में एक मेधावी छात्र रहा है। जिसने की आई सीएससी बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 96.8त्न अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय पहले ही दे दिया था। उन्होंने कहा कि मुझे अपने इस छात्र पर आगे भी पढ़ाई में गर्व ही रहेगा। आदिदेव का लक्ष्य कंप्यूटर इंजीनियर में उत्कृष्टता प्राप्त करके समाज की सेवा करना है। आदिदेव के पिता डॉक्टर हैं जो कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टर हैं।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

वीरवार, 1 मई 2025

विक्रमी संवत : 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** चतुर्थी (11:26): **नक्षत्र** मृगशिरा (02:22), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** अतिगंड (08:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44) **राहुकाल** (01:57-03:37)।

विशेष दिन

- 01 मई 2025: मई दिवस आज।
- 01 मई 2025: श्रम दिवस आज।

मेषः अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

वृषभः नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

मिथुनः दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

कर्कः कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

सिंहः प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कन्याः स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

तुलाः नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

वृश्चिकः जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

धनुः कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मकरः बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा दूर हो जाएगी। आपके काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

कुंभः सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

मीनः धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं।

डॉ. जालम ने मेडिकल कॉलेज चंबा में संभाला एमएस पद

अनंत ज्ञान, चंबा

डॉ. जालम भारद्वाज ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा में चिकित्सा अधीक्षक (एम.एस.) के पद का विधिवत कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने संस्थान के चिकित्सा ढांचे की गुणवत्ता, रोगी कल्याण तथा चिकित्सा सेवाओं की सुलभता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका मूल उद्देश्य रहेगा, जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने, अस्पताल की स्वच्छता, समयबद्ध सेवाएं और आपातकालीन व्यवस्था की मजबूत निगरानी की बात भी कही। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि वह स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी उन्नयन के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनसहयोग और टीम भावना से मेडिकल कॉलेज चंबा को राज्य के बेहतरीन संस्थानों की कतार में लाया जा सकेगा। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर अस्पताल स्टाफ, डॉक्टरों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत बराडा

विकास खण्ड बमसन (रौणी देवी), जिला डगोरपुर (हि0 प्र0)

विषय : निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 (01/04/2025 से 31/03/2026) तक के विकास कार्यों हेतु निर्माण सामग्री क्रैशर रेता, दरिया रेता, धूला रेता (प्रतिघनमी0), क्रैशर बजरी(10,20mm) गटका स्टोन (40,63mm प्रतिघनमी0), पक्की ईं पेवर ब्लाक 40, 60, 80mm(ISI मार्क) लोहिंग व् अनलोहिंग लेबर सहित, सीमेंट ब्लाक4*8*16, 6*8*16,8*8*16 ,रास्ता ,दीवार,डंगा व् भवन निर्माण हेतु शटरिंग स्टील/लकड़ी ,जे.सी.बी. मशीन द्वारा कटान मॉफ / हाई प्रति घन मीटर , सीमेंट किराया पंजीत से प्रति बैग लेबर सहित, निर्माण सामग्री/ ढुलाई by head load / by mule/ दूरी 100,200,300,500 मीटर व् 1 किलोमीटर तक मलबा ढुलाई(by Mechanical Transport) प्रति किलोमीटर व् प्रति घनमीटर। Rcc Hume पाईप विद कॉलर 300,600,900 1200mm, साइन बोर्ड पेंट/लेखन स्लोगन सहित 2*3,3*4 फुट प्रति वर्ग फुट , मिक्सचर किराया प्रति दिन तेल सहित,आदि निर्माण सामग्री की खरी की जानी हैं। सभी निविदाएँ 06/05/2025 (मंगलवार)शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा या सयवं कार्यालय में पहुँचाई जा सकती हैं। निविदाएँ दिनांक 07-05-2025 को पंचायत बैठक के दौरान प्रात: 11 बजे खोली जाएगी। निविदा के साथ फार्म का G.S.T नं0,ISI मार्क प्रमाणपत्र ,बैंक खाते की फोटोस्टेट संलग्न करनी होगी। बिल के सा M फार्म देना अनिवार्य होगा , जिस सामग्री की निविदा दी जा रही है उसका विवरण लिफाफे के बहार लिखना होगा। नियमानुसार tax कि कटौती की जायेगी। निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

प्रधान/सचि
ग्राम पंचायत बरा

ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन। पूजिए चरण चंडाल के जो होवे गुण प्रवीन।। -संत रविदास

संपादकीय

सुधरता शैक्षणिक ढांचा

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने विधवा, दिव्यांग और बीमार शिक्षकों को युक्तिकरण में राहत देने का ऐलान किया है। उन्हें अब अधिक दूरी पर ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। हालांकि, सरप्लस अध्यापकों को दूसरी जगह भेजा जाएगा। निश्चित रूप से यह एक सराहनीय और मानवीय पहल है। यह निर्णय न केवल इन शिक्षकों की व्यक्तिगत और पारिवारिक परिस्थितियों को समझने की भावना को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि प्रशासनिक निर्णयों में संवेदनशीलता और करुणा का समावेश आवश्यक है। शिक्षा विभाग में युक्तिकरण प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के संतुलित और प्रभावी वितरण को सुनिश्चित करना होता है। इससे यह तय किया जाता है कि राज्य के सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हों और किसी भी विद्यालय में शिक्षक अधिक या कम न हों। यह एक प्रशासनिक आवश्यकता है, परंतु इस प्रक्रिया में अक्सर व्यक्तिगत परिस्थितियों की अनदेखी हो जाती है, जिससे कई बार कुछ वर्गों को अनावश्यक पीड़ा सहनी पड़ती है। सरकार ने इस बात को समझा है कि सभी शिक्षकों की परिस्थितियां एक समान नहीं होतीं। विधवा महिलाएं, जो अकेले अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उन्हें यदि दूरस्थ क्षेत्रों में ट्रांसफर कर दिया जाए, तो उनके लिए पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाना अत्यंत कठिन हो जाता है।

इसी प्रकार, दिव्यांग शिक्षक या वे जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, उनके लिए लंबी दूरी की यात्रा और दुर्गम क्षेत्रों में कार्य करना न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी अत्यधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस निर्णय से इन शिक्षकों को न केवल प्रशासनिक राहत मिलेगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार आएगा, क्योंकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से अपेक्षाकृत सहज स्थिति में रहेंगे। यह कदम सरकार के सामाजिक न्याय और समावेशन की भावना को उजागर करता है। एक संवेदनशील सरकार वही होती है जो अपने नागरिकों की विशेष आवश्यकताओं को समझे और उसके अनुरूप नीतियां बनाए। विधवा, दिव्यांग और बीमार लोगों को विशेष सुविधाएं देना एक प्रकार से समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन है। यह नीति न केवल शिक्षकों को राहत देगी, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देगी कि सरकार प्रत्येक वर्ग की चिंता करती है। इस निर्णय से लाभ पाने वाले शिक्षक यदि अपने मूल स्थानों पर ही कार्यरत रहते हैं, तो वे अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग शिक्षण में कर सकते हैं। इसके विपरीत, यदि उन्हें अनावश्यक रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में भेज दिया जाता, तो उनका मनोबल गिरता और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन शिक्षकों की संख्या किसी विद्यालय में आवश्यकता से अधिक है (सरप्लस) है, उन्हें अभी भी दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा।

यह एक संतुलित दृष्टिकोण है, क्योंकि इससे युक्तिकरण प्रक्रिया की मूल भावना भी बनी रहती है और विशेष परिस्थितियों वाले शिक्षकों को राहत भी मिलती है। इसका अर्थ है कि सरकार ने न्याय और करुणा के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है। हालांकि, यह निर्णय अत्यंत सकारात्मक है, लेकिन इसे लागू करने में कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी आ सकती हैं। जैसे- इन विशेष मामलों की सही पहचान करना, मेडिकल प्रमाण-पत्रों की सत्यता सुनिश्चित करना और यह देखना कि इस सुविधा का दुरुपयोग न हो। यदि इन मुद्दों का ध्यान नहीं रखा गया, तो इससे नीति का मूल उद्देश्य प्रभावित हो सकता है। इस फैसले से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि शिक्षकों का सरकार पर विश्वास बढ़ेगा। जब कोई सरकार अपने कर्मचारियों की समस्याओं को समझती है और उनके लिए व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करती है, तो इससे कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि होती है। यह नीति एक उदाहरण के रूप में सामने आएगी कि प्रशासनिक निर्णय केवल कागजों तक सीमित नहीं होते, बल्कि उनका सीधा प्रभाव जमीनी स्तर पर होता है।

हिमाचल प्रदेश सरकार का यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। विधवा, दिव्यांग और बीमार शिक्षकों को युक्तिकरण प्रक्रिया से राहत देकर सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि सुशासन का अर्थ केवल कठोर नियम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और न्याय का संतुलित समावेश भी है। लंबे समय से एक जगह सेवाएं दे रहे अध्यापकों और विद्यार्थियों की कम संख्या वाले स्कूलों का रिकॉर्ड भी तलब किया है। इसका मतलब यह समझा जाए कि सरकार की कोशिशें स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन लाने की दिशा में जारी हैं। वह वाकई गंभीरता और पूरी शिद्दत के साथ शैक्षणिक ढांचे में सुधार करने के लिए काम कर रही है, जिसका आने वाले समय में सबको फायदा होगा और लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए खुलकर आगे आएंगे। ■

वैश्विक शांति के लिए विकसित भारत की अवधारणा

भौतिकवादी दुनिया ने विकास, खुशी, प्राकृतिक अवलोकन, रिश्तों, देखभाल, अपनापन और सामाजिक संबंधों के आयामों को बदल दिया है। हालांकि दुनिया प्रौद्योगिकी और विज्ञान के उपयोग के माध्यम से जीवन के हर भौतिक क्षेत्र में तेजी से विस्तार कर रही है, जो सराहनीय है, लेकिन क्या हम वास्तव में खुश, आनंदित, प्रकृति के प्रति जागरूक और वास्तव में सही जीवन जी रहे हैं या हमने अपने जीवन को मशीनीकृत कर दिया है, प्रेम, बंधन और सामाजिक आदर्शों को भूल गए हैं। हम 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल मनाएंगे; हमें आने वाले दशकों में भारत को फिर से महान बनाने के लिए कैसे प्रयास और ध्यान केंद्रित करना चाहिए, शांति, आनंद और बढ़ी हुई सामाजिक आर्थिक ताकत के साथ? आइए देखें कि हम इस शानदार राष्ट्र के भाग्य को बदलने के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।

लेखक : पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत को महाशक्ति क्यों नहीं बनना चाहिए : जब हमने 'अमृत काल' में प्रवेश किया और 2047 तक भारत के 'विश्वगुरु' बनने की कामना की। इसका क्या मतलब है? क्या यह संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस या चीन जैसी महाशक्ति को संदर्भित करता है? बिलकुल नहीं। हम महाशक्ति नहीं बनना चाहते, जिसका अर्थ है अहंकार, लालच, अनैतिकता, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष और युद्ध की संस्कृति, आर्थिक अनियमितताएं इत्यादि। तो, 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए, जब हमारे पास 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी रक्षा सेना और विशाल कार्यबल होगा?

'विश्वगुरु' का वास्तव में क्या अर्थ है? : हमें एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहिए, जिसमें प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करे। राष्ट्रीय लोकाचार और राष्ट्र-प्रथम मानसिकता स्वार्थी व्यवहार पर वरीयता लेगी। जब ऐसी मानसिकता विकसित होती है तो मजबूत सामाजिक बंधन वाला राष्ट्र बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति का अनुभव करता है, साथ ही पर्यावरण की रक्षा और प्रबंधन भी करता है। जब ऐसा विश्व दृष्टिकोण उभरता है तो न केवल व्यक्ति, समाज और राष्ट्र समृद्ध हो सकते हैं, बल्कि संपूर्ण विश्व सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित होता है। किसी भी राष्ट्र का स्वार्थी कारणों से शोषण या वर्चस्व नहीं किया जाएगा; इसके बजाय, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को राष्ट्र निर्माण के सभी पहलुओं में प्रोत्साहित किया जाएगा। यही विश्वगुरु का सही अर्थ है।

उज्ज्वल भविष्य के लिए आत्मनिर्भर भारत : आत्मनिर्भरता राष्ट्र को मजबूत बनाने की कुंजी है। आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने से रोजगार के अवसर पैदा करने, उद्यमियों को आगे बढ़ाने, वैश्विक बाजारों का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और कौशल और ज्ञान का निर्माण करके राष्ट्र को लाभ होता है। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत की और हम राष्ट्रीय शक्ति के संदर्भ में इसके परिणाम देख रहे हैं। सरकारों, उद्योगपतियों और समाज को सेमीकंडक्टर, रक्षा, विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृषि उपज, खाद्य प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल दुनिया और पर्यावरण प्रबंधन सहित हर क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना या प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किए बिना हासिल की जानी चाहिए।

आर्थिक विकास के लिए अनुसंधान और विकास : कोई भी राष्ट्र सामाजिक-आर्थिक रूप से विकसित नहीं हो सकता है यदि वह अनुसंधान और विकास, नवीन विचारों और रचनात्मकता के लिए पर्याप्त संसाधन समर्पित नहीं करता है। अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए आधार का काम करता है। भारत में अनुसंधान और नवाचार का एक लंबा इतिहास है, ऋषि कणाद, भास्कराचार्य द्वितीय और आचार्य सुश्रुत, सूची लंबी है, लेकिन जब मुगलों और फिर अंग्रेजों ने हम पर आक्रमण किया, तो हमने अपना अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण खो दिया और मैकाले की शिक्षा प्रणाली ने हमें गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया।

नई शिक्षा प्रणाली पर जोर : अंग्रेजों द्वारा महान भारत, जिसकी सांस्कृतिक विरासत बहुत बड़ी है और जो तमाम बाधाओं के बावजूद महान राष्ट्र है, उसके खिलाफ सबसे खतरनाक खेल खेला गया, वह था सबसे बेहतरीन शिक्षा प्रणाली से मैकाले की सबसे खराब शिक्षा प्रणाली पर स्विच करना, जिसने हमें कमजोर बना दिया और गुलाम मानसिकता को स्थापित किया। यह हर भारतीय के लिए जागने और खुद को, अपने समुदायों, अपने राष्ट्र और दुनिया को बेहतर बनाने के लिए काम करने का समय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था सुधारने की तरफ ध्यान देने की जरूरत

निजी स्कूल शहरों, कस्बों तक सीमित है। दूसरी तरफ सरकारी स्कूल शहरों, कस्बों के साथ ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में चल रहे हैं। वर्ष 2023-24 में सरकारी स्कूलों में लगभग 49000 और निजी स्कूलों में लगभग 48000 बच्चों ने नया दाखिला लिया था यानी बराबर के आसपास, लेकिन वर्ष 2024-25 में सरकारी स्कूलों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जहां लगभग 22000 बच्चों ने दाखिला लिया। दूसरी तरफ लगभग 45000 बच्चों ने दाखिला लेकर अपना विश्वास निजी स्कूलों की तरफ दिखाया।

लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह, जिला मंडी

सरकारी स्कूलों की प्री प्राइमरी कक्षाओं में 60000 बच्चे पढ़ रहे थे, परंतु दो तिहाई बच्चे सरकारी स्कूलों के बदले निजी स्कूलों की तरफ पलायन कर गए। वर्तमान वर्ष 2025 - 26 का सत्र शुरू हुआ है, जिसके आंकड़े आने वाले समय में सामने आएंगे। पिछली गिरावट को ध्यान में रखते हुए यदि सरकार व अध्यापकों ने मंथन किया होगा तो बेहतर परिणाम की उम्मीद करनी चाहिए। मुफ्त किताबें, वर्दी, दोपहर भोजन जैसी सुविधाओं के बावजूद सरकारी स्कूलों में कम दाखिला निराश करता है। तर्क दिया जाता है कि जन्म दर कमी के कारण दाखिले कम हो रहे हैं। इस तर्क को सही माना जाता, यदि सरकारी व निजी दोनों तरफ दाखिला संख्या कम रहती। एक तरफ की गिरावट, वह भी सरकारी स्कूलों में, क्या संदेश दे रही है? मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। एक दूसरे की तरफ गेंद फेंकने से सुधार नहीं आता। सुधार के लिए चिंतन करना व समस्या का हल निकालना होता है। दूसरा तर्क दिया जाता है कि व्यवस्था सही नहीं है, जिससे में भी सहमत हूं।

प्राथमिक पाठशाला में पांच कक्षाएं हैं, जहां 15 किताबें अलग-अलग कक्षा और विषय की पढ़ानी होती है। पांच कक्षाओं को एक साथ एक या दो अध्यापक कैसे पढ़ाएंगे? कितने समय में पाठ्यक्रम पूरा होगा? एक कक्षा में पांच विद्यार्थी हो या अधिक, एक अध्यापक, एक साथ, एक विषय को पढ़ा सकता है, परंतु पांच कक्षाओं के सभी विषयों को किस तरह पढ़ाएगा? यह विचारणीय है। कागजी कार्यवाही व भोजन व्यवस्था अतिरिक्त से भी देखने होते है। बुनियादी शिक्षा यदि कमजोर रह जाए, तो उच्च शिक्षा में उन बच्चों को परेशानी रहती है।

नींव पक्की नहीं तो इमारत कैसी पक्की रहेगी? सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के उपरांत शिक्षा का स्तर निम्न रहे तो उन बच्चों का भविष्य कैसे उज्ज्वल होगा? जो आर्थिक कमजोर व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पूर्ण रूप से सरकारी स्कूलों पर निर्भर हैं। पहाड़ी भौगोलिक स्थिति के कारण बच्चों का दाखिला संख्या स्कूलों में कम ज्यादा होती रहेगी।

स्कूलों को बंद तथा मर्ज करने से थोड़े पैसे की बचत हो सकती है, लेकिन वहां के बच्चों को घर के नजदीक शिक्षा प्रदान करने से वंचित करना, क्या उचित है? अध्यापक संघ अपनी मांगे सरकार के समक्ष समय-समय पर उठाता है। क्या अध्यापक संघ ने कभी स्कूलों को बंद तथा मर्ज करने की आवाज को उठाया? सरकारी प्राथमिक स्कूलों में एक या दो अध्यापकों के साथ स्थानीय स्तर पर अध्यापक स्वयं सेवी के रूप में स्कूल प्रबंधक कमेटी या पंचायत के माध्यम नियुक्त किए जा सकते हैं।

प्री प्राइमरी कक्षा आंगनबाड़ी के साथ जोड़ी जा रही है, उन अध्यापकों को भी स्कूल के साथ विषय पढ़ाने के लिए जोड़ सकते हैं। जहां मिडल स्कूल आसपास है, वहां मिडल स्कूलों के अध्यापक चौथी पांचवीं कक्षाओं के दो तीन विषयों को पढ़ाने में अपना सहयोग दे सकते हैं। प्राथमिक स्कूल की पांच कक्षाओं के लिए कम से कम तीन अध्यापक को नियुक्त करना जरूरी बनाया जाए, तो स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था बेहतर बन सकती है। निजी स्कूलों में प्रत्येक कक्षा प्रत्येक विषय पढ़ाने के लिए अलग अध्यापक व्यवस्था रहती है। अपने विषय को लेकर वह अध्यापक जवाबदेह भी रहता है। इसी कारण निजी स्कूलों में बुनियादी पढ़ाई बेहतर दिखती है। जमीनी हकीकत को समझते हुए स्थानीय स्तर पर नियुक्तियां करने की जरूरत है। स्वयंसेवी आधार पर नियुक्तियां कर दी जाए, तो समस्या का हल हो सकता है। सरकार के लिए बुनियादी प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को सुधारना कठिन नहीं है, परंतु सरकार को अपनी इच्छा शक्ति दिखानी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

भारत के राज्य जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई नरसंहार की घटना कायरतापूर्ण और अति निंदनीय है। अपने परिवारों के साथ प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में पहुंचे पर्यटकों पर हमला करके उनको मौत के घाट उतारना उन हमलावरों और उनके आकाओं की वहशी, अमानवीय और घृणित मानसिकता को साफ-साफ प्रदर्शित करता है। इस कायरतापूर्ण हमले में हिंदू पुरुषों को जिस प्रकार चुन चुन कर उनके परिवारों के सामने निशाना बनाया गया और उनके हिंदू होने की पहचान के लिए जिस तरह के हथकंडे अपनाए गए, वो बहुत ही निम्न स्तरीय और मानवता को शर्मसार करने वाले हैं। जिस प्रकार से हमलावरों ने पर्यटकों पर हमले से पहले उनके धर्म पूछे, कलमा पढने को कहा और उनके कपड़े उतरवाकर उनकी पहचान स्थापित करने की कोशिश की उससे इस बात की तसदीक हो जाती है कि हमला करने वाले एक निश्चित योजना के अनुसार हमला कर रहे थे। **रमन कुमार, मटौर**

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता

बलराज साहनी हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता थे। उनका जन्म रावलपिंडी (पाकिस्तान) में हुआ था। बलराज साहनी ख्याति प्राप्त लेखक भीष्म साहनी के बड़े भाई व चरित्र अभिनेता परीक्षत साहनी के पिता थे। वे रंगमंच और सिनेमा की अप्रतिम प्रतिभा थे। बलराज साहनी को एक ऐसे अभिनेता के रूप में जाना जाता था, जिन्हें रंगमंच और फिल्म दोनों ही माध्यमों में समान दिलचस्पी थी। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को पर्दे के पात्र से भावनात्मक रूप से जोड़ देते थे। रावलपिंडी में एक मध्यम वर्गीय व्यवसायी परिवार में बलराज साहनी का जन्म हुआ था। उनका मूल नाम 'युधिष्ठर साहनी' था। बलराज साहनी का झुकाव बचपन से ही पिता के पेशे की ओर न होकर अभिनय की ओर था। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में स्नात्तकोत्तर की शिक्षा लाहौर के मशहूर 'गवर्नमेंट कॉलेज' से पूरी की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी रावलपिंडी लौट गए और पिता के व्यापार में उनका हाथ बंटाने लगे। मुंबई के उपनगर जोगेश्वरी में दूध वालों की एक बस्ती थी। ये दूध वाले उत्तर प्रदेश से थे। जिस दिन बलराज को 'दो बीघा ज़मीन' के लिए चुना गया, उस दिन से ही उन्होंने जोगेश्वरी के इन दूध वालों की कॉलोनी में जाना शुरू कर दिया। वे गौर से दूध वालों के जीवन को देखा करते थे। उनके बातचीत करने, उठने-बैठने के तरीके पर गौर करते थे। ■



बलराज साहनी
जन्म : 1 मई, 1913
मृत्यु : 13 अप्रैल, 1973

मजदूरों के हितों को सुरक्षित करना होगा तभी मजदूर दिवस की सार्थकता होगी ?

बेशक देश में प्रतिवर्ष की तरह 1 मई को मजदूर 2025 दिवस मनाया जा रहा है। केवल मात्र एक दिन बड़े-बड़े सेमिनार,गोष्ठियां की जाती है मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किए जाते हैं, मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं।

लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रश्न है। हर साल दिवस मनाए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकड़ों योजनाएं चलाई जाती है, मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर साल दिवस मनाए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है। कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। हादसों की वजह से बच्चे अनाथ हो रहे हैं। मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।

देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं, उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं, मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं। हादसों को देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं। देश के राज्यों में चल रहे ईंटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं। मजदूरों के पसीने से ही ईंटें पकती हैं, मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है, मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है।

मजदूर दिवस पर विशेष

मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपया कमा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके हैं। हादसों ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि बार-बार हो रहे, इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सीखा और न ही लोगों ने सीखा। हालांकि यह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। फरवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्टरी में घटित हुआ जहां 35 लोग झुलस गए और एक महिला की मौत हो गई चार लोगों को पीजीआई में भर्ती किया है। अभी भी 20 लोग लापता हैं सर्च ऑपरेशन जारी है। फैक्टरी के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे। 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली इनमें तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई।

मालिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है, इससे पहले भी बद्दी में काफी अग्निकांड हो चुके हैं, लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए। 2019 में राजधानी दिल्ली में रानी झांसी रोड पर स्थित अनाज मंडी में रविवार सुबह चार बजे आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे । एसडीआरएफ की टीम ने केवल 56 लोगों की जान बचा ली थी। यह भीषण आग सुबह साढ़े चार बजे के करीब लगी थी। आग लगने का कारण शार्टसर्किट था। भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंतर्गत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। ये मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के हैं। पलक झपकते ही अनाज मंडी शमशानघाट बन गई थी। लाशों के ढेर लग गए थे। चीखो पुकार मच गई थी। कैसी विडंबना है कि कभी सुरंगों व उद्योगों में बेमौत मारे जा रहे हैं, मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। 2025 के 4 महीनों में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए है। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते हैं, मगर प्रकाश में नहीं आते। केंद्र सरकार को मजदूरों के हित में कदम उठाने होगें, तभी ऐसे मजदूर दिवसों की सार्थकता होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

धर्म पूछकर बंदूक चलाएंगे

कैप्टन(डॉ.)जय महलवाल, बिलासपुर

आज फिर हुई की साजिश है,
कत्ल हुआ है इंसानियत का,
फिर क्यों लगता गद्दारों को,
उन्होंने जो किया वो वाजिब है?
कभी हमारा सेना का जवान शहादत पाता है,
कभी हिंदू तो कभी मुसलमान मारा जाता है, क्यों नहीं समझता
आखिर इंसान ही तो हैं सब!!!
जो गद्दार इतना कहर बरपाता है।
कभी पुलवामा तो कभी पहलगाम निशाना होता है,
हर बार ही क्यों कश्मीर बहाना होता है?
कान खोलकर सुन लो गद्दारों,
हमको जवाब देना भी बखूबी आता है।
वो सोचते इंसानों में ऐसे दहशत फैलाएंगे,
खुल के कश्मीर में उन्माद फैलाएंगे,
पहले होते थे सेना के जवान निशाना,
अब धर्म पूछकर बंदूक चलाएंगे।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

वन्य जीवों और पेड़ों के लिए अपनी जान पर खेलता बिश्नोई समाज

भारत में जब पर्यावरण संरक्षण की बात होती है, तो राजस्थान के बिश्नोई समाज का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। सदियों से यह समाज पेड़-पौधों और वन्य जीवों के संरक्षण में अपनी जान तक न्योछावर करता आया है। बिश्नोई समाज न केवल प्रकृति का रक्षक है, बल्कि वह उसे ईश्वर के रूप में पूजता भी है। राजस्थान के रेतीले धोरों में फैले इस समाज की जीवटता और प्रकृति प्रेम की मिसालें आज भी दिल को छू जाती हैं।

लेखक : डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

हिरण के बच्चों की ममता भरी देखभाल : बिश्नोई समाज की महिलाओं का हिरणों के प्रति प्रेम किसी भी मानवीय रिश्ते से कम नहीं है। यहां की महिलाएं अनाथ या घायल हिरण के बच्चों को अपने शिशु की तरह पालती हैं—उन्हें न सिर्फ अपने घर लाती हैं, बल्कि अपना दूध पिलाकर उनका पालन-पोषण करती हैं। यह दृश्य जितना अद्भुत लगता है, उतना ही हृदयस्पर्शी भी है। पांच सौ वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में, ममता और प्रकृति के बीच का अदृश्य रिश्ता हर दिन जीवित रहता है। यहां के बच्चे जानवरों के साथ बड़े होते हैं, खेलते हैं, सीखते हैं कि पेड़ और पशु उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं।

बिश्नोई आंदोलन-पर्यावरण संरक्षण की पहली चिंगारी : पर्यावरण आंदोलन के इतिहास में बिश्नोई समाज का योगदान अतुलनीय है। 1730 के दशक में, जोधपुर के राजा अभय सिंह ने अपने नए महल के निर्माण के लिए खेजड़ी के वृक्षों को काटने का आदेश दिया। जब सैनिक पेड़ों को काटने आए, तो खेजड़ली गांव की अमृता देवी बिश्नोई ने अपनी तीन बेटियों के साथ मिलकर पेड़ों से लिपटकर उनका बचाव किया। सैनिकों ने उनके प्राणों की भी परवाह नहीं की। देखते ही देखते, 363 बिश्नोई पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने वृक्षों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस बलिदान ने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। का भी प्रेरणास्रोत बना।

29 नियमों पर आधारित जीवनशैली : बिश्नोई समाज की जीवनशैली 'जाम्भोजी महाराज' द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों पर आधारित है। 'बीस' और 'नौ' से मिलकर बना 'बिश्नोई' शब्द, इन नियमों के प्रति समाज की अटूट निष्ठा का परिचायक है। इन नियमों में शाकाहार, जीवों की रक्षा, पेड़ों की पूजा, पानी का संरक्षण और सरल जीवनशैली पर विशेष बल दिया गया है। बिश्नोई समाज का प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, इन आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाता है।

संगठित प्रयास- जीव रक्षा से टाइगर फोर्स तक : समाज के भीतर ही नहीं, बिश्नोईयों ने अपने संगठनों के जरिये भी बड़े पैमाने पर संरक्षण का कार्य किया है। 'अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई महासभा' और 'बिश्नोई टाइगर फोर्स' जैसी संस्थाएं चौबीसों घंटे वन्यजीवों की रक्षा में लगी रहती हैं। शिकारियों को पकड़ना, कानूनी कार्यवाही कराना और आम लोगों में जागरूकता फैलाना—ये इनके नियमित कार्य हैं।

बिश्नोई समाज से मिलने वाली प्रेरणा : जहां आधुनिक सभ्यता के दबाव में मनुष्य और प्रकृति के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है, वहीं बिश्नोई समाज यह सिखाता है कि इंसान प्रकृति का अभिन्न अंग है। उनके लिए पेड़ और पशु महज संसाधन नहीं हैं, बल्कि जीवन के साथी हैं। आज जब वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, जैव विविधता खतरे में है और जलवायु परिवर्तन मानवता को चुनौती दे रहा है, तो हमें बिश्नोई समाज से सीख लेनी चाहिए। बिश्नोई समाज हमें बताता है कि यदि हम प्रकृति से प्रेम करेंगे, तो प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी। भारत के इस महान समाज को नमन, जो सच्चे अर्थों में धरती के संरक्षक हैं!

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

दो चरस तस्करों को 17-17 वर्ष की कैद

दोनों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का लगाया जुर्माना, विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने सुनाया फैसला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

विशेष न्यायाधीश (फॅमिली कोर्ट) मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी कालीदास पुत्र फिननू राम गांव मंदिर टांडा डाकघर ढाबन तहसील बल्ह जिला मंडी और टेक सिंह पुत्र रूप सिंह गांव माहला डाकघर चनौन तहसील बंजार जिला कुल्लू को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 17-17 वर्ष के कठोर कारावास की सजा और प्रत्येक को 1,60,000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। उक्त दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान एक अन्य आरोपी का नाम बताया था, जिससे कि इन्होंने चरस को खरीदा था, लेकिन साक्ष्यों के अभाव के चलते आरोपी डूर सिंह को इस मामले में न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया। जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने माननीय न्यायालय के समक्ष 24 गवाह पेश किए। जिनकी गवाही को सही मानते हुए और दोनों पक्षों के तर्क-वितर्क को सुनने के पश्चात माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 17-17 वर्ष के कठोर कारावास की सजा और प्रत्येक को 1,60,000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

114 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

पुलिस की उपमंडलीय एसआईयू टीम ने बुधवार सुबह नाके के दौरान कार सवार दो व्यक्तियों को 114 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम ने एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी हंसराज, आरक्षी कुलदीप, सतीश, कमल व उपेश राणा शामिल रहे। इन्होंने तरोट के पास फोरलेन पर नाका लगाया था। इस दौरान पुलिस ने कुल्लू की ओर से आ रही एक कार (एचपी 32बी 7007) को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार के अंदर डैशबोर्ड में रखे पॉलीथीन के पैकेट में चरस बरामद की। जिसका वजन करने पर वह 114 ग्राम निकली। आरोपी कार चालक मनोज कुमार (33) पुत्र श्यामलाल गांव चामबा डाकघर जांबला तहसील सुंदरनगर व शमशेर पुत्र राम कुमार गांव व डाकघर किला जफरगढ़ तहसील जुलाना जिला जींद हरियाणा को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अवैध शराब की बिक्री पर सभी उपमंडल अधिकारी रखेंगे कड़ी निगरानी: देवगन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला में एनडीपीएस अधिनियम 1985, हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 व हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बुधवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया व कानूनों के अनुपालन की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उपायुक्त ने बैठक के दौरान जानकारी दी कि वर्ष 2024 (1 जनवरी से 31 दिसंबर) के दौरान जिला मंडी में पुलिस विभाग द्वारा एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कुल 227 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में चरस 60 किलोग्राम, अफीम 642 ग्राम, स्मैक 6 ग्राम,

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

हेरोइन 1.4 किलोग्राम, पोस्त के पौधे 1,98,183 और भांग के पौधे 9,29,160 जब्त किए गए हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि नशीले पदार्थों की तस्करी और उत्पादन पर जिला प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इसी अवधि में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा 159 मामले दर्ज किए गए। इन कार्रवाइयों में 19,767 लीटर अंग्रेजी शराब, 5,332 लीटर देशी शराब, 3,208 लीटर लाहन और 2,222 लीटर बीयर को जब्त किया गया है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मादक द्रव्यों के दुरुपयोग, अवैध शराब के निर्माण और वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिला के सभी उपमंडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री व निर्माण की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और समय-समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में जिला आबकारी एवं कराधान अधिकारी वरुण कटोच सहित पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला के सभी उपमंडल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

न्यूज ब्रीफ

ब्यास नदी के समीप न जाएं, छोड़ा जा सकता है पंडोह डैम से पानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। बीबीएमबी पंडोह के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने बताया कि पंडोह डैम के जलग्रहण क्षेत्र में बर्फ पिघलने के कारण डैम में पानी का प्रवाह बढ़ रहा है। ऐसे में पंडोह बांध के स्पिलवे गेटों को अतिरिक्त प्रवाह को नीचे की ओर छोड़ने के लिए किसी भी समय संचालित किया जा सकता है। इस कारण ब्यास नदी में पानी का बहाव और बढ़ सकता है। पानी का बहाव बढ़ने के कारण किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए उन्होंने नदी किनारे रहने वाले सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे सर्तकता बरतें तथा नदी के समीप न जाएं।

चिट्टा तस्करी का मुख्य आरोपी दबोचा

कविता, पधर। मंडी जिले में नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान में पधर पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में खानी नाला क्षेत्र में दो स्थानीय युवकों की गिरफ्तारी से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने पंजाब के फिरोजपुर से एक अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी नीरज उर्फ मनु और हरि सिंह की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच से खुलासा हुआ कि ये दोनों आरोपी सीधे फिरोजपुर निवासी आकाश आदिवल से चिट्टा (हेरोइन) मंगवा रहे थे। पधर थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर के अनुसार, आकाश को गुप्त सूचना के आधार पर फिरोजपुर से पकड़ा गया है और उसे कोर्ट में पेश कर तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि मंडी पुलिस नशे के खिलाफ अभियान को और धार दे रही है और यह कार्रवाई उसी दिशा में एक अहम कदम है। (अनंत ज्ञान)

पुलिस टेस्ट की तैयारी के लिए किताब लॉन्च

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश पुलिस परीक्षा की तैयारी के लिए बुधवार को स्टडी नाइट कोचिंग सेंटर सुंदरनगर की ओर से प्रतिभागियों के लिए एक किताब लॉन्च की गई है। किताब के लॉन्चिंग अवसर पर विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर राकेश जम्वाल ने कहा कि क्षेत्र के संस्थान द्वारा युवाओं की शिक्षा और सफलता में योगदान देना हमेशा से गर्व का क्षण होता है। उन्होंने स्टडी नाइट कोचिंग सेंटर को हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल प्रतिभागियों के लिए इस व्यापक पुस्तक को बनाने में उनके समर्पित प्रयास के लिए बधाई दी है।

सीएम से मिला राजपूत महासभा का शिष्टमंडल

अनंत ज्ञान, मंडी। हिप्र राजपूत महासभा का शिष्टमंडल प्रदेशाध्यक्ष केएस जम्वाल की अगुवाई में मुख्यमंत्री से ओकओवर में मिला। यह जानकारी उन्होंने यहां एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि राजपूत एवं सामान्य वर्ग समुदाय के लोगों विशेषकर युवाओं की अनदेखी को लेकर विशेष समस्याओं पर मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने महासभा की मुख्य मांगों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही अपनी यथासंभव सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि महासभा की मुख्य मांग सामान्य वर्ग आयोग के पुनर्गठन को लेकर है जिसे पिछली सरकार के समय में ठंडे बस्ते में डाल दिया था, उस पर संबंधित विभाग से रिपोर्ट लेकर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

नौकरी लेने के लिए 6 को आएं नेरचौक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने सूचित किया है कि वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड में 100 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार 6 मई को उप रोजगार कार्यालय नेरचौक, 7 मई को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी तथा 8 मई को उप रोजगार कार्यालय बालीचौकी में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए उम्मीदवार 8वीं व अधिकतम 12वीं पास होना चाहिए, आयु सीमा 18 से 30 साल के बीच होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु सभी दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान पर सुबह 10.30 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें।

अमित बने टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी के सदस्य

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। धर्मपुर तहसील के बरोट गांव के अधिवक्ता अमित ठाकुर को भारतीय दूर संचार निगम की टेलीकाम एडवायजरी कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की स्तुति के बाद केंद्रीय टेलीकाम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनके सहित हिमाचल प्रदेश के कुल आठ लोगों को इस कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। जिनमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी धर्मपुर के बरोटी गांव के अमित ठाकुर के साथ ही पांगी के स्नोर गांव के तिलक राज शर्मा, सोलन जिला के अर्की उपमंडल के डुमेहर के वाणी पाल, शिमला जिला की कोटखाई तहसील के पुजेली गांव के सुशील कडशोली, हमीरपुर के खगल के सन्नी शुक्ला, बिलासपुर के देवलाछंब के रोहित ठाकुर, नौदान के गरड़ गांव के राजकुमार वर्मा और बड़सर तहसील के भाइना गांव के विवेकदीप शर्मा शामिल हैं। अमित ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

पधर की 5 पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, पधर

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता मे पंचायत समिति भवन पधर में टीबी (क्षय रोग) के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान और राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उपमंडल पधर की 27 पंचायतों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया और ब्लॉक स्तर पर उपमंडल पधर की 5 ग्राम पंचायत चेली, लपास, बह, शिलबधानी और कथोग को टीबी मुक्त पंचायत होने पर सम्मानित किया गया। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत स्तर पर टीबी की पहचान, जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि गांवों में रोग का शीघ्र निदान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील कि वह निक्षय मित्र तैयार करने मे सहयोग करे, निक्षय मित्र के द्वारा टीबी रोगियों की मदद की जाती है। प्रशिक्षण शिविर मे स्वास्थ्य विभाग पधर के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी के बारे मे, रोकथाम व टीबी रोगियों के समर्थन और टीबी मुक्त पंचायत अभियान के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।

बालीचौकी में सेब उत्पादक संघ ने किया प्रदर्शन

न्यायालय की आड़ में गरीब जनता को जमीन और घरों से बेदखल कर रही सरकार: महेंद्र

नूतन ठाकुर, बालीचौकी

सेब उत्पादक संघ हिमाचल प्रदेश बालीचौकी लोकल कमेटी ने तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को सेब उत्पादक संघ राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन मुख्य रूप से दो मांगों को लेकर रखा गया है। पहला सरकार न्यायालय की आड़ में गरीब जनता को जमीन और घरों से बेदखल कर रही है। प्रदेश सरकार वन अधिकार कानून 2006 को लागू नहीं कर रही जिसे प्रदेश में हजारों हजार लोग में बेदखल हो रहे हैं। आपदा में जो लोग पूरी तरह से बेघर और भूमिहीन हो गए हैं उन्हें सरकार दो बिस्वा जमीन नहीं दे पाई है। इतना ही नहीं बल्कि प्रदेश सरकार लोगों को बीपीएल की सूची से बाहर करना चाहती है। इसके लिए अधिकारी अघोषित निर्णय लागू कर रहे हैं।

बालीचौकी में सेब उत्पादक संघ के सदस्य विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

महेंद्र राणा ने कहा कि लगभग एक महीने से लोगों के आय प्रमाण पत्र नहीं बन रहे। प्रमाण पत्र जारी करने के लिए हैं बेतुकी आपत्तियों को जारी किया जा रही है। यह कहा जा रहा है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के फीस स्लिप को भी आय प्रमाण पत्र के लिए संलग्न किया जाए। एक बिस्वा जमीन वाले को भी इनकम दी जा रही है जो 10 बीघा जमीन के मालिक को दी गई है। कई लोग तहसीलों के 10-10 बार चक्कर काट रहे हैं लेकिन आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इस बात को लेकर लोगों में बड़े पैमाने पर आक्रोश था और सरकार को अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। उसके बाद तहसीलदार बालीचौकी ने मौके पर आकर शीघ्र आय प्रमाण पत्र को जारी करने का आश्वासन दिय। मौके पर आश्वासन के चलते लोगों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन को बालीचौकी लोकल कमेटी के सचिव यदुनंदन राय वह अध्यक्ष ओमचंद ने भी संबोधित किया।

प्रदर्शन यह निर्णय लिया गया कि यदि सभी लोगों के आवेदन बीपीएल सूची के लिए नहीं लिए गए तो 20 मई को मजदूरों के साथ मिलकर बालीचौकी में बहुत बड़ी रैली की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

क्रिकेट प्रतियोगिता में स्पार्टन टीम बरोट बना विजेता

युवक मंडल खलैहल की पांच दिवसीय अक्षय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

रूपी ठाकुर, बरोट

खलैहल पंचायत के तहत पड़ने वाले युवक मंडल खलैहल की पांच दिवसीय अक्षय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। युवक मंडल खलैहल के सदस्य रवि कुमार, मदन कुमार, डागी राम, ओमी, अरुण कुमार व लाल सिंह आदि ने बताया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्ष पूर्व खलैहल गांव के अक्षय कुमार की एक सड़क हादसे में मृत्यु होने के चलते उनकी याद में उसके पिता दलीप कुमार व बड़े भाई यशपाल सिंह सहित पूरे परिवार द्वारा किया जा रहा है।

यह क्रिकेट प्रतियोगिता 25 अप्रैल से शुरू की गई। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में बरोट पंचायत के सचिव सरवन कुमार व लोआई पंचायत में कार्यरत सचिव संजय ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। खेल मैदान पर पहुंचते ही युवक मंडल खलैहल के सदस्यों सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी टीमों द्वारा मुख्यातिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में चौहार घाटी, छोटा भंगाल व दूरदराज की विभिन्न टीमों सहित 23 टीमों ने अपना दम दिखाया है।

विजेता टीम के खिलाड़ियों को इनाम प्रदान करते हुए मुख्यातिथि सरवन कुमार व उपस्थित गणमान्य लोग।

फाइनल मैच अक्षय ब्रदर खलैहल तथा स्पार्टन टीम बरोट के बीच खेला गया, जिसमें स्पार्टन टीम बरोट ने दस ओवर में 132 रन का लक्ष्य अक्षय ब्रदर खलैहल टीम के लिए रखा, मगर अक्षय ब्रदर टीम स्पार्टन टीम बरोट के आगे नहीं टिक पाई। जिस कारण स्पार्टन टीम बरोट विजेता व अक्षय ब्रदर टीम खलैहल उपविजेता रही। स्व अक्षय के परिजनों ने विजेता टीम को 21 हजार रुपए की राशि तथा एक ट्रॉफी व एक छोटी ट्रोफी उपविजेता टीम को मुख्यातिथि के कर कमलों द्वारा ईनाम बतौर प्रदान की। वहीं मुख्यातिथि सरवन कुमार ने इस प्रतियोगिता के आयोजकों को अपनी ओर से 91 सौ रुपए नकद व क्रिकेट के पूरे सामान की किट देने की घोषणा की। इस मौके पर उनके साथ खलैहल के वार्ड सदस्य तुवारू राम, झरवाड़ के वार्ड सदस्य सुरेश कुमार, रमेश कुमार, संदीप कुमार सहित कई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

आउटसोर्स भर्तियों में धांधलियों की हो विजिलेंस जांच: चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी के गांधी भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि आउटसोर्स भर्तियों की विजिलेंस जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आउटसोर्स नीति से कंपनियों को फायदा और लोगों को नुकसान होता है। ऐसे में हम सुक्खू सरकार के उस फैसले का स्वागत करते हैं, जिसमें आउटसोर्स भर्तियों को बंद करके नई नीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि विजिलेंस इसकी जांच नहीं करती है, तो हम परिषद अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। चमन राही ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश में भरी जा रही 1450 पोस्टों को लेकर सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने इसकी भी विजिलेंस जांच की मांग की है। इस अवसर पर कर्मचंद भाटिया, यशवंत गुलेरिया, चंद्रवीर कागरा, विनोद आदि उपस्थित रहे।

तय मानकों के साथ काम करे एनएच निर्माण में लगी कंपनी: रोमी धनखड़

प्रशांत मोहन, कोटली

मंडी-कोटली-धर्मपुर-जालंधर एनएच के निर्माण में लगी ठेकेदार कंपनी गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की कार्यप्रणाली भारत सरकार के सड़क परिवहन व राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की ओर से तय मानकों पर खरा उतरने में नाकाम साबित हुई है। पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया के माध्यम से कंपनी की कार्यप्रणाली पर उठाए जा रहे सवालों के मद्देनजर बुधवार को प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोमी धनखड़ की अगुआई में एक निरीक्षण टीम ने ठेकेदार कंपनी की ओर से की जा रही टारिंग की जांच की। टीम ने जांच में पाया कि ठेकेदार कंपनी की ओर से निर्माण कार्य में तय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। निरीक्षण टीम ने चेनेज, ऑफसेट, थिकनेस, वेट इन एयर, वेट इन वॉटर, एसएसडी वेट,

जांच टीम ने की जा रही टारिंग की जांच

वॉल्यूम ऑफ वाटर डिस्प्लेसिड, डेंसिटी ऑफ कोर व कॉम्पेक्शन के परसेंटेज की जांच में पूरी तरह असंतुलन की स्थिति को देखते हुए सभी परिणामों को फेल करार दिया। निरीक्षण टीम ने ठेकेदार कंपनी को अब तक हो चुके टारिंग के काम को दोबारा करने की निर्देश दिए हैं, जबकि भविष्य में होने वाले कार्य के लिए निर्धारित मानकों का पालन करने की हिदायत भी दी है। उधर, गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के महाप्रबंधक संदीप तिवारी ने बताया कि अभी निरीक्षण टीम की रिपोर्ट ऑन रिकॉर्ड उनके हाथ में नहीं आई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंत्रालय के मानकों के अनुसार निर्माण कार्य किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

इंदिरा गांधी पीएम होती तो पाकिस्तान को मिलता करारा जवाब : एनके पंडित

अनंत ज्ञान, मंडी। मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व में प्रवक्ता एनके पंडित ने कहा कि अगर आज आयरन लेडी इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री होती तो पाकिस्तान को करारा जवाब मिलता और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर देती। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान को करारा जवाब नहीं दे पा रहे हैं। एनके पंडित ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केंद्र सरकार के साथ देश हित में खड़ी है। उन्होंने कहा कि चंद लोगों के यूट्यूब चैनल बंद करने से पाकिस्तान को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मांग की कि वे पाकिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर कड़ा एक्शन ले, सिर्फ राजनीतिक बयान ही न दे।

एनके पंडित ने कहा कि प्रधानमंत्री को विदेश दौरा रद्द करके उन्हें सीधा पहलगाम जाना चाहिए था ना कि बिहार में। आज सांसद कंगना रनौत और बीजेपी नेत्री समृति ईरानी कहां हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को कहती थी कि चुड़ियां पहनी हैं और कहां है वह दोनों, जो अब मुंह नहीं खोल रही है।

बेसहारा पशुओं से धनोटू पुल पर लगा रहा जाम, चालक परेशान

भीम बसेड़ू, महादेव

पिछले कई वर्षों से नाचन विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंडरा रहे बेसहारा पशुओं के झुंड जहां किसानी के लिए जी का जंजाल बने हैं वहीं अन्य कई क्षेत्रों में लोग बड़ी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। धनोटू नेशनल हाईवे के पुल पर अक्सर इन पशुओं की वजह से जाम लगना आम हो गया है ऐसे में वाहन चालकों के लिए टाइम खाना मजबूरी हो गया है।

धनोटू पुल के पास सड़क पर खड़े बेसहारा पशु।

बुधवार को दिन भर पशुओं के अड़े खड़े रहने से स्थानीय वाहन चालकों सहित दूर पार के यानि पर्यटकों आदि की गाड़ियां भी जाम में फंसती नजर आई जो बहुत बहुत देर बाद चलती नहीं बल्कि रेंगती की स्थिति में देखी गई। बता दें कि पूर्व में पुल के पास ही यातायात पुलिस तैनात रहती थी मगर अब न होने से यातायात जाम की यह समस्या आम सी हो गई है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि बेसहारा पशुओं से छुटकारा दिलाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

18वीं जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

मार्च पास्ट में जोगिंद्रनगर आईटीआई फर्स्ट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

आईटीआई जोगिंद्रनगर में 18वीं जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता में जिला मंडी के 12 राजकीय आईटीआई संस्थानों से 340 प्रशिक्षु छात्राएं भाग ले रही हैं। इन संस्थानों में पपलोग, सुंदरनगर, निहरी, पधर, डैहर, चच्योट, मंडी (महिला), बल्ह, कोटली, मंडी (ग्रेड-ए), जोगिंद्रनगर और थलोट शामिल हैं।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कांग्रेस के पूर्व सचिव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये आत्मबल, नेतृत्व क्षमता, एकाग्रता और टीम भावना को विकसित करने का माध्यम हैं। मार्च पास्ट में जोगिंद्रनगर संस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सुंदरनगर दूसरे और मंडी (ग्रेड-ए) तीसरे स्थान पर रहे। खो-खो में राजकीय आईटीआई मंडी (ग्रेड-ए) ने कोटली को हराया। कबड्डी में बकसेड ने डैहर को हराकर शानदार जीत दर्ज की। पपलोग ने पधर को कड़ी टक्कर देकर मुकाबला जीता। बैडमिंटन में मंडी महिला ने सुंदरनगर को हराया। पधर ने पपलोग को शिकस्त दी। वॉलीबॉल महिला मंडी ने थलोट को हराया। जोगिंद्रनगर और चच्योट के बीच मुकाबला जारी था। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से पर्यवेक्षक प्रिंसिपल इंजीनियर नवीन कुमारी, लेखराज, सुनील, खेलकूद समिति के महासचिव संजय, पंचायत प्रतिनिधि सपना, ज्ञान चंद, जोगिंदर पाल, किरण ठाकुर और मनोज सहित कई उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर।

जागरूक स्वास्थ्य विभाग, नेहरू युवा केंद्र व मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति करेगी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत

प्रत्येक शिक्षण संस्थान में आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, नेहरू युवा केंद्र, मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था तथा आर्ट ऑफ लिविंग जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त मंडी ने उपायुक्त कार्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बीते वर्ष आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की और वर्ष 2025-26 के लिए एक ठोस एक्शन प्लान पर चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने और समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए।

शार्ट फिल्मों से दिया जाएगा नशे से दूर रहने का संदेश

बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य विभाग तथा जनसंपर्क विभाग मिलकर स्थानीय बोली में शार्ट फिल्मों का निर्माण करेंगे, जिनके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन फिल्मों में नशे की चपेट में आए व्यक्तियों के लक्षण, उपचार की जानकारी और नशा छोड़कर जीवन में सफल हुए युवाओं की कहानियां शामिल की जाएंगी। इन शार्ट फिल्मों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाएगा।

शहरी निकायों में भी कमेटियां होंगी गठित

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 10 दिनों के भीतर मंडी जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में नशा मुक्ति हेतु कार्य करने वाली कमेटियों का गठन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही 2873 कमेटियों का गठन किया जा चुका है। गठित कमेटियों को एक महीने के भीतर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि जिले के सभी कॉलेजों, आईटीआई संस्थानों तथा विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी को वर्ष में कम से कम एक बार इस विषय पर जागरूक किया जाए। इसके लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया जाएगा तथा संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

बैठक में पुलिस उप अधीक्षक सचिन एस हिरेमठ, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मंडी विजय कुमार, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा सेवाएं, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। जिला के सभी उप मंडलों के एसडीएम वर्चुअली बैठक में उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

चंडीगढ़ की बस एचआरटीसी बस से टकराई

अनंत ज्ञान, ऊना। चंडीगढ़ ऊना हमीरपुर नेशनल हाईवे पर बंगाणा के आगे चंडीगढ़ परिवहन निगम की बस अनियंत्रित होकर धर्मपुर हिमाचल पथ परिवहन निगम डिपो की बस से जा टकराई। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी राज्यों की सर्पीली सड़कों पर पंजाब राज्य के चालक तीखे मोड़ों के चलते बस पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते इस तरह की घटना घटित हो रही है। चंडीगढ़ परिवहन डिपो की यह बस अमृतसर से बाय ऊना हमीरपुर और बैजनाथ के लिए चिन्हित की गई है। वहीं, दूसरी ओर धर्मपुर डिपो की बस भी सरकाघाट से अमृतसर के लिए जा रही थी कि चंडीगढ़ परिवहन निगम की बस के चालक ने मोड पर गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और धर्मपुर डिपो की बस से टक्कर हो गई, जिससे कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति आम हो गई और दोनों बसों के स्टाफ में काफी देर तक तीखी नोकझोंक हुई। बस में सवार यात्रियों ने सरकार से मांग की है कि योग्य और सक्षम चालक ही पंजाब राज्य की सरकार हिमाचल के पहाड़ी राज्यों की सड़कों पर परिवहन निगम की बसों की आवाजाही करने के लिए भेजें, ताकि कोई भी अनहोनी घटना घटित ना हो सके। आगे भी सारे रास्ते चंडीगढ़ परिवार निगम की बस में सवार सवारिया डर के साए में सफर करके अपना गंतव्य की ओर बढ़ती नजर आई।

24 ग्राम नशीले पाउडर सहित महिला गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नंगल। नंगल के मोहल्ला राजनगर निवासी महिला शारदा से बुधवार को 24 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया गया। पुलिस के आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नंगल के प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित शर्मा ने कहा कि पुलिस के गुप्तचरों से जानकारी मिली थी कि एक महिला ट्रेन के माध्यम से नशे का सामान लेकर आ रही है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने नंगल रेलवे स्टेशन के पीछे के रास्ते पर श्मशान घाट मार्ग पर नाका लगाया। सूचना के मुताबिक महिला पहुंची, तो पुलिस ने उसकी तलाशी ली। महिला के पर्स से एक प्लास्टिक का लिफाफा मिला। इसमें नशीला पाउडर था, जो तौलने पर 24 ग्राम निकला। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित शर्मा ने कहा कि शारदा नाम की महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया। यहां न्यायाधीश ने उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश जारी किए।

789 ग्राम चरस सहित बंगाणा के दो युवक काबू

अनंत ज्ञान, ऊना। पुलिस थाना सदर के तहत लोअर बसोली गांव में विशेष जांच इकाई (एसआईयू) टीम ने दो युवकों को 789 ग्राम चरस के साथ पकड़ा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को काबू कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान पवन (38) और बलबीर सिंह (36) निवासी गांव व डाकघर मकरैड़ तहसील बंगाणा जिला ऊना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह एसआईयू ऊना की टीम पुलिस कर्मचारियों के साथ गश्त और यातायात जांच पर थी। इस दौरान लोअर बसोली गांव में संधू होटल के पास नाकाबंदी की गई, जहां एक इनोवा कार आई। कार में दो लोग सवार थे। कार चैकिंग के दौरान हैंड ब्रेक के पास एक लकड़ी के बॉक्स को खोला गया, तो उसमें चरस मिली। इसका वजन 789 ग्राम पाया गया। पुलिस ने कार सवार दोनों लोगों को काबू कर लिया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जल शक्ति विभाग में 3 पंप आपरेटर्स सम्मानित

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बंगाणा उपमंडल के जल शक्ति विभाग में पंप आपरेटर पद पर कार्यरत तीन कर्मियों को बेहतर सेवाओं के लिए सेवा पूरी होने पर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता एसडीओ वेगाला द्वारा की गई। सेवानिवृत्ति में सोम नाथ पुत्र अयोध्या लाल निवासी गांव नाईली झिकली 29 वर्ष, यशपाल निवासी बड़ोआ सलमेहड़ा 30 वर्ष, विनोद कुमार निवासी प्लाहटा 40 वर्ष बाद जल शक्ति विभाग में बतौर पंप आपरेटर पद पर सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। वहीं, इस अवसर पर समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

जगदेव जग्गी को सहयोगियों ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, अंब। जगदेव सिंह जग्गी को शिक्षा विभाग में शानदार कार्य करने पर सहयोगियों ने सम्मानित किया। 25 फरवरी, 1992 को शिक्षा विभाग में इनकी प्रथम नियुक्ति राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ा खैरला लोअर में हुई थी। नेतृत्व के गुण इनमें बचपन से ही थे। इन्होंने 18 वर्ष तक लगातार प्राथमिक शिक्षक संघ अंब के प्रधान के रूप में शिक्षकों की सेवा की। शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे, कई बार हड़ताल की और शिक्षकों के हित के लिए ही तीन बार जेल भी गए। बच्चों के साथ इन्हें बेहद लगाव है। इनके नेतृत्व में शिक्षा खंड अंब के बच्चे राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे हैं। एक निडर और निर्भीक प्रधान के साथ-साथ एक बहुत ही मेहनती और ईमानदार शिक्षक भी रहे। इनका सेवानिवृत्ति समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में बहुत से रिटायर्ड शिक्षक व खंड अंब के अलावा अन्य खंडों से शिक्षक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को करियर निर्माण के दिए सुझाव

अनंत ज्ञान, जोल। राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में करियर एंड काउंसलिंग सेल और आईक्यूएसी की ओर से कॅरियर निर्माण कौशल और उद्यमिता विकास पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रमेश ठाकुर कुशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान अंब से आमंत्रित किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को शॉर्ट टर्म कोर्सेज के माध्यम से शत प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ठाकुर ने बताया कि संस्थान की ओर से विभिन्न व्यावसायिक और कौशल विकास आधारित कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इनमें सफल होने वाले विद्यार्थियों को उद्योगों में सीधे नियुक्ति का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने युवाओं से इन पाठ्यक्रमों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कविता कौशल ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करते हैं और उन्हें न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बदलते समय के साथ कौशल उन्नयन पर ध्यान देने की सलाह दी।

पाकिस्तान के खिलाफ किया प्रदर्शन

प्रदर्शन करते गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, इंजीनियर राम पाल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी

अनंत ज्ञान, अंब

पहलगाम में सैलानियों के ऊपर किए गए हमले व उनकी नृशंस हत्या के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के गो रक्षा प्रमुख संजीव चौहान बजरंगी के नेतृत्व में बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल ठज्ञकुर, सहसंयोजक सुरेश सोनी, गगरेट बजरंग दल के रवि पटियाल, अमित, मेजर सुरेंद्र, गब्बर सिंह, हरदेव, सौरभ, अजय, बालकृष्ण व अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अंब-हमीरपुर चौक के बीचों बीच पाकिस्तान के झंडे को पांव के तले रौंदा और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पाकिस्तान को अब उसी की भाषा में जवाब देना चाहिए और इस हमले में मारे गए सैलानियों के परिवारजनों को इंसाफ दिलाना चाहिए। नेताओं ने कहा कि यह पाकिस्तान की एक बहुत ही कायरता पूर्ण हरकत है, जिसे कोई भी भारतवासी स्वीकार नहीं करेगा।

पूर्व सैनिक ने सेना में निशुल्क सेवाएं देने की जताई इच्छा

अनंत ज्ञान, गगरेट

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार के बीच भारत व पाकिस्तान में उपजे तनाव के बीच पूर्व सैनिक भी देश के लिए मर मिटने का जज्बा लेकर आगे आने लगे हैं।

उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव के उपप्रधान पूर्व सैनिक रमन जोनी ने कहा कि अगर भारतीय फौज सीमा पर बढ़े तनाव के चलते, उन्हें दोबारा सेवाओं के लिए बुलाना चाहे तो वह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह वेतन भी नहीं लेंगे और देश की अस्मिता की रक्षा के लिए भारतीय सेना को निशुल्क सेवाएं देंगे। पूर्व सैनिक रमन जोनी ने कहा कि पाकिस्तान व पाकिस्तानी सेना को यह बात भलीभांति पता है कि भारतीय सेना से वे सीधी लड़ाई में कभी जीत हासिल नहीं कर सकती इसलिए ही आतंकवाद के माध्यम से अरसे से पाकिस्तानी सेना भारत में युद्ध चला रही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को इसका कूटनीतिक मोर्चे के साथ-साछ युद्ध के मोर्चे से भी सीधा जवाब दिया जाए।

इससे पहले भी घाटी में आतंकवादी कई बड़े हमले कर चुके हैं। सेना के काफिलों पर भी कई बार हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह अकेले नहीं, बल्कि उनके जैसे कई पूर्व सैनिक हैं, जो देश की अस्मिता की रक्षा के लिए रणभूमि में जाने को तैयार बैठे हैं। अभी वह बूढ़े नहीं हुए हैं कि पाक सेना के साथ दो-दो हाथ न कर सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद खुशी होगी, अगर भारतीय सेना उन्हें एक बार फिर से देश के लिए कुछ करने की इजाजत देती है।

गगरेट में पैकेजिंग उद्योग पर जीएसटी की केंद्रीय टीम का छापा

अनंत ज्ञान, गगरेट

उद्योग से न तो किसी को बाहर जाने की इजाजत, न ही अंदर जाने दिया जा रहा

वस्तु एवं सेवा कर में अनियमितताओं को लेकर वस्तु एवं सेवा कर विभाग की केंद्रीय टीम ने औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित पैकेजिंग उद्योग पर धावा बोला है। वस्तु एवं सेवा कर की केंद्रीय टीम के अधिकारी बुधवार को उद्योग में आए और उन्होंने तमाम रिकार्ड की जांच शुरू कर दी है।

हालांकि, वस्तु एवं सेवाकर विभाग की टीम का कोई भी अधिकारी इस बावत प्रतिक्रिया देने को तैयार नहीं है। उद्योग से न तो किसी को बाहर जाने की इजाजत है और न ही किसी को अंदर जाने दिया जा रहा है। इससे पहले भी वस्तु एवं सेवाकर की केंद्रीय टीम यहां के एक अन्य उद्योग में दबिश दे चुकी है, अब एक बार फिर से वस्तु एवं सेवाकर विभाग की टीम के यहां आने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यहां स्थित पैकेजिंग उद्योग अन्य उद्योगों को सामान की पैकेजिंग के लिए पैकेजिंग मैटीरियल उपलब्ध करवाता है। हालांकि, अभी तक कोई भी अधिकारी इस बावत खुल कर बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन सूत्रों की माने तो उद्योग में आने वाले कच्चे माल व तैयार माल को लेकर वस्तु एवं सेवाकर में भिन्नता पाए जाने पर वस्तु एवं सेवा कर की टीम ने यहां दबिश दी है।

वस्तु एवं सेवा कर विभाग के कई अधिकारी एक साथ यहां जांच के लिए पहुंचे हैं। यहां आते ही उद्योग के सारे रिकॉर्ड को टीम ने कब्जे में ले लिया है और हर रिकॉर्ड को अब खंगाला जा रहा है। हालांकि, वस्तु एवं सेवा कर में कितनी भिन्नता पाई गई, इसका अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। सूत्रों की माने तो टीम उद्योग के रिकॉर्ड को जांच के लिए साथ भी लेकर जा सकती है और उसके बाद ही पता चल पाएगा कि उद्योग द्वारा अगर वस्तु एवं सेवा कर में चपत लगाई गई है, तो वह कितने की है और कितना जुर्माना विभागीय टीम ने उक्त उद्योग को डाला है।

3 मई को नेत्र जांच स्क्रीनिंग

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद द्वारा सीनियर सिटीजन फॉर्म ऊना के सहयोग से 3 मई शनिवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक एमसी पार्क ऊना स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन में निःशुल्क नेत्र जांच स्क्रीनिंग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष करणपाल सिंह मनकोटिया ने दी। इस अवसर पर रोटरी आई अस्पताल धुसाड़ा से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल काकड़े, टैक्नीशियन अतुल पराशर व धर्मेंद्र कुमार पर आधारित टीम रोगियों की जांच व उपचार करेंगी। हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा एमसी पार्क स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन में हर माह के पहले शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच स्क्रीनिंग का आयोजन किया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं।

टैक्सी ऑपरेटर्स के ड्राइवरों की आंखों को जांचा

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी पुलिस द्वारा बुधवार को रोड सेफ्टी के तहत एक निशुल्क आंख जांच कैंप का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय लोगों और टैक्सी ऑपरेटर के ड्राइवरों की आंखों की जांच की गई।

कैंप में डॉ. मोहित लठ ने अपनी सेवाएं दीं और सभी की आंखों की जांच की। आंखें हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग हैं, जो हमें दुनिया को देखने और समझने में मदद करती हैं। आंखों की सेहत का सीधा प्रभाव हमारे दैनिक जीवन पर पड़ता है। स्वस्थ आंखें न केवल हमें स्पष्ट दृष्टि प्रदान करती हैं, बल्कि हमारे समग्र स्वास्थ्य को भी बनाए रखने में मदद करती हैं। ड्राइविंग के लिए आंखों का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। आंखों की खराब दृष्टि या अन्य समस्याएं दुर्घटना के खतरे को बढ़ा सकती हैं। चिंतपूर्णी पुलिस द्वारा आयोजित निशुल्क आंख जांच कैंप ने स्थानीय लोगों और टैक्सी चालकों को अपनी आंखों की जांच कराने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया। इस तरह के कैंप से लोगों को अपनी आंखों की सेहत के प्रति जागरूक किया जा सकता है और उन्हें आवश्यक उपचार प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। इस मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, संजीव कुमार और मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों के अध्यापकों ने किया गुजरात भ्रमण

शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश समग्र शिक्षा की ओर से प्रदेश के सभी 180 पीएम श्री स्कूलों के मुखिया एवं अध्यापकों के लिए दो चरणों में समग्र शिक्षा गुजरात से समन्वय स्थापित कर एक्स्पोजर भ्रमण का आयोजन करवाया गया।

इसका दूसरा चरण 24 से 29 अप्रैल तक राज्य समन्वयक रविंद्र ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न करवाया गया। इसमें प्रदेश के 6 जिलों के 88 अध्यापकों ने हिस्सा लिया। जिला ऊना के पीएम श्री स्कूलों के 14 अध्यापकों, जिसमें जिला समन्वयक केवल चंदेल, राकेश कुमर शर्मा, दिलबाग सिंह, दीपक डडवाल, वासुदेव ठाकुर, सीमा देवी, कामना, रीता शर्मा, सिमरजीत कौर, राजेश कुमार, राजकुमार, सुभाष कुमार, अमनदीप, जसविंद्र कुमार ने भी इसमें भाग लिया।

इस दौरान गुजरात के धोलका ब्लॉक के दो पीएम श्री स्कूलों का भ्रमण किया तथा वहां के अध्यापकों एवं बच्चों से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके अलावा वहां पर गिर नेशनल पार्क, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, स्वामी नारायण अक्षरधाम मंदिर, साबरमती आश्रम एवं आईआईटी गांधीनगर का भी भ्रमण किया। सभी अध्यापकों ने इस ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग के सभी उच्च अधिकारियों का धन्यवाद किया। जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) नीलम कुमारी ने आशा व्यक्त की कि सभी अध्यापक वहां पर अर्जित किए गए नवाचार ज्ञान को अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों के साथ साझा करें, ताकि पीएम श्री योजना को सार्थक बनाया जा सके।

बुधान स्कूल में छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में आत्मरक्षा के गुर सीखने वाली स्टूडेंट्स।

अनंत ज्ञान, ऊना

बंगाणा उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना एवं उन्हें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा कराटे, बेसिक सेल्फ डिफेंस तकनीकों तथा मानसिक रूप से सतर्क रहने के गुर सिखाए गए। छात्राओं ने प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आत्मरक्षा के विभिन्न प्रकार के अभ्यास करवाए गए।

विद्यालय प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रशिक्षण में छात्राओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उनमें सुरक्षा को लेकर जागरूकता भी बढ़ाते हैं। प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यालय के सभी शिक्षकों और अभिभावकों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाएं, ताकि छात्राएं आत्मरक्षा के लिए सक्षम हों।

भक्ति शक्ति यात्रा का ऊना में भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान, अंब

भक्ति शक्ति यात्रा का स्वागत करते स्थानीय लोग।

मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं, मंदिर हमारे भक्ति के केंद्र हैं, मंदिर सनातन संस्कृति के संवाहक हैं भारत के हर कोने में हर हजार की आबादी के बीच कोई न कोई मंदिर है, मुगलों सहित अनेक सनातन संस्कृति के शत्रुओं ने मंदिरों को विध्वंस करने की कोशिश की।

प्राचीन काल में मंदिर हमारे समाज के न सिर्फ ऊर्जा और अध्यात्म के केंद्र थे, बल्कि मंदिरों से अनेक सामाजिक गतिविधियों को चलाया जाता था। ये बातें शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा ने भक्ति शक्ति यात्रा के दौरान आयोजित सभा में कही। इस अवसर पर भक्ति शक्ति यात्रा के संयोजक और शाश्वत हिंदू के संयुक्त महामंत्री योगी अनूप नाथ ने कहा कि ये यात्रा हिमाचल प्रदेश के माता ज्वाला देवी से ज्योत लेकर 9 प्रांतों में होते हुए लगभग 2000 किलो मीटर की यात्रा के बाद मध्यप्रदेश के घरेलू स्थित पशुपति नाथ मंदिर में ज्योत प्रज्वलित कर संपन्न होगी। योगी ने बताया कि हर मंदिर को फिर शक्ति केंद्र में बदलने की जरूरत है। मंदिरों को सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की ज्योत समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे और सामाजिक समरसता का भाव जन जन में जागृत हो। दो घंटे मंदिर के नाम, राष्ट्र निर्माण के काम अभियान चलाकर इस विचार को समाज के हर छोर तक पहुंचानी है। नाथ पंथ के आदि गुरु गोरखनाथ के पुण्य स्मृतियों को जन-जन तक पहुंचाकर ये यात्रा समाज में सांस्कृतिक जागृति लाने का कार्य कर रही है। रास्ते में प्रतिदिन हजारों लोगों के साथ संवाद के साथ यात्रा से जन-जन में एक नई ऊर्जा और अध्यात्म की जागृति हो रही है। इस यात्रा में सामाजिक समरसता मंच, नाथ संप्रदाय सहित अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठनों ने हिस्सा लिया। इस भक्ति शक्ति यात्रा मे ं मार्गदर्शक प्रमोद ने ज्वाला मंदिर से यात्रा का शुभारंभ कर शुभकामनाएं दीं।

श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व को बताया

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बंगाणा उपमंडल की हटली पंचायत के ग्राम हटली सुल्तानू में रिटायर्ड कैप्टन स्वर्गीय रामेश्वर दास शर्मा की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ जारी है। कथा के तीसरे दिन प्रवचन में कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व और उसके श्रवण मात्र से प्राप्त होने वाले मोक्ष की व्याख्या करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने जीवन के अंतिम सात दिनों में भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया। आचार्य ने श्रोताओं को बताया कि राजा परीक्षित को शृंगी ऋषि के श्राप के कारण जब यह ज्ञात हुआ कि वे सात दिनों में मृत्यु को प्राप्त होंगे, तब उन्होंने मोह-माया त्यागकर ज्ञान प्राप्ति की दिशा में कदम बढ़ाया।

समापन आनंद और उत्साह के शिखर पर संपन्न हुआ हरोली उत्सव, उपमुख्यमंत्री ने सभी को दी विदाई

गैरी संधू और जसबीर जस्सी के गानों पर झूमे श्रोता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव मंगलवार को आनंद और उत्साह के शिखर पर संपन्न हुआ। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को साधुवाद दिया।

उन्होंने उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसे सफल बनाने के लिए सभी हरोलीवासियों का आभार जताया। उन्होंने हरोली उत्सव का विरोध कर रहे लोगों से सवाल पूछा कि जब मंडी की शिवरात्रि, चंबा का मिंजर, कुल्लू के दशहरा जैसे मेलों के आयोजन को लेकर कोई सवाल नहीं है फिर हरोली उत्सव से आखिर किसी को क्यों परेशानी होनी चाहिए। ये जनभावनाओं का उत्सव है। इसमें देश भक्ति की लहर है। राज्यपाल ने इसका शुभारंभ करते हुए सामाजिक जागरूकता का बड़ा संदेश दिया है। नशा निवारण की बड़ी अलख यहां से जगी है। आखिर इससे किसी को क्यों आपत्ति है। उन्होंने हजारों की तादाद में मौजूद लोगों से उत्सव के हर साल आयोजन पर राय शुमारी की, जिस पर सारे लोगों ने एक स्वर से इसे हर साल आयोजित करने की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव अगले साल और भी भव्यता और नए कलेवर के साथ आयोजित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

हरोली उत्सव में अंतिम सांस्कृतिक संध्या में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

माता को याद कर भावुक हुए डिप्टी सीएम

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री अपनी माता को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि आज उनकी माता की पुण्यतिथि है। वे उन्हें पहले की हरोली के कठिन जीवन और यहां सुविधाओं के अभाव के बारे में बताती थीं। आज हरोली की जनता के प्यार और आशीर्वाद से हालात बदले हैं। यहां पेयजल और सिंचाई सुविधा पर 500 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। सड़कों-पुलों के अरबों के काम चले हैं। हरोली की जनता के जीवन में सुख सुविधाओं का विस्तार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बता दें, अंतिम सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की तादाद में दर्शक-श्रोता कांगड़ में उमड़े थे। समापन दिवस की सांस्कृतिक संध्या में स्टार गायक गैरी संधू और जसबीर जस्सी के गानों पर श्रोता खूब झूमे। वहीं, हिमाचली स्टार गायक नेहा दीक्षित ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से समां बांधा। इसके अलावा भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, विनोद बिट्टू, डॉ. आस्था अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

विभागों की प्रदर्शनियां बनीं आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान, हरोली। राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र बनीं। इन स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता को दी गई। स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रचार को बढ़ावा दिया। इसके साथ ही 'ईट राइट मेले' की तर्ज पर पौष्टिक एवं देसी व्यंजनों से सजे स्टॉल भी आकर्षण का विषय रहे, जिनमें सही खाना, स्वस्थ रहना का संदेश केंद्र में रहा। वहीं, कृषि विभाग, जिला ऊना द्वारा लगाए गए विशेष स्टॉल का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। इस स्टॉल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पिज्जा, बर्गर, पास्ता, मोमोज जैसे विदेशी आहारों का समय अब बीत चुका है और अब समय है भारतीय पारंपरिक अनाज जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, सांवा, कंगनी, कोदो, कुटकी और चीना को अपनाने का।

ईरान के इरफान ने जीती माली उपविजेता रहे सुमित

अनंत ज्ञान, ऊना। राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के समापन पर बढ़ेड़ा मैदान में पारंपरिक छिंज (दंगल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर के नामी पहलवानों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा के अलावा दूसरे देशों के जानेमाने पहलवानों ने भी भाग लिया और कुश्ती के जोरदार दांव पेंच दिखाए। ईरानी पहलवान इरफान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए माली अपने नाम की, जबकि स्पोर्ट्स ऊना हॉस्टल के सुमित पहलवान उपविजेता रहे। वहीं, दूसरे वर्ग में बीटन के पहलवान साहिल विजेता व बदौड़ी के पहलवान शिव उपविजेता रहे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक खेलों के आयोजन का उद्देश्य न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना भी है।

जहां पढ़े, वहीं पढ़ाया...

तलमेहड़ा स्कूल से मोदगिल हुए सेवानिवृत्त

उत्कृष्ट सेवाएं देने पर जीवन मोदगिल को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ और प्रबंधन।

अनंत ज्ञान, जोल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा में शिक्षा को समर्पित एक गौरवशाली अध्याय समाप्त हो गया, जब विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता (अर्थशास्त्र) एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल को सेवा पूर्ण होने पर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई।

विशेष बात यह है कि मोदगिल की शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत भी इसी विद्यालय से हुई थी। कक्षा पहली से दसवीं तक की शिक्षा उन्होंने इसी विद्यालय से प्राप्त की और बाद में शिक्षक के रूप में यहीं योगदान देकर इस विद्यालय में समर्पित जीवन जिया। उनकी प्रथम नियुक्ति भी इसी विद्यालय में हुई थी और 26 वर्ष सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्ति भी यहीं से हुई। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में यह एक नया रिकॉर्ड स्थापित हो गया। पिछले डेढ़ वर्ष से वे कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके नेतृत्व में स्कूल ने अनुशासन, शैक्षणिक गुणवत्ता, सांस्कृतिक गतिविधियों और राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर खेलों में उल्लेखनीय प्रगति की। उनके परिवार की पृष्ठभूमि भी शिक्षा से जुड़ी रही है। उनके पिता स्वर्गीय देवी दास शर्मा भी इसी स्कूल में अध्यापक थे, लेकिन उनके जीवन का दुखद पहलू यह रहा कि जब वह छठी कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, तो उनके पिता का असमय निधन हो गया। ऐसे कठिन समय में बड़े भाई सुरेश ने पिता का स्थान लिया और अपने से छोटे तीन भाईयों और तीन बहनों की शिक्षा और सभी के विवाह की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

गोपाल चौधरी व पंडित खुशबू भारद्वाज ने मचाया धमाल

पीपल जातर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हेमराज, जीवन बुडाल और नीरू चांदनी ने भी दी बेहतरीन प्रस्तुति

पीपल जातर (बसंतोत्सव) की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका पंडित खुशबू भारद्वाज व लोक गायक गोपाल चौधरी। सांस्कृतिक संध्या में आयोजित स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में सुंदरियां रैंप पर जलवे बिखरते हुईं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पीपल जातर उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या लोक गायक गोपाल चौधरी व पंडित खुशबू भारद्वाज के नाम रही। इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर स्टार कलाकार लोक गायक गोपाल चौधरी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब नचाया। इस मौके पर गोपाल चौधरी ने ऐंढे नैई ती मौरदा....लोतू फुआला, काली हाण्टिए शोईए नैऊ डोभी दुआला, बाउली शिल्पा, धारा लुंबरू लाणा, घुमदे जाणा सराणा सुमना सहित कई पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, उनके गीतों पर पंडाल में बैठे दर्शक थिरके। इसके अलावा खुशबू भारद्वाज ने शाम मस्तानी फिल्मी गीत पेश करने के बाद पहाड़ी गीत जंगल टांका, धींगा धींगिए सहित कई गीत पेश कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि रहे मनाली विस क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़

डॉ. हेम राज भारद्वाज ने एक हसीना थी। सारा जमाना हसीनों का दीवाना, सितारों की महफिल, दिल जिगर नजर क्या है आदि फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों को मनोरंजन किया। इसके अलावा लोक गायिका नीरू चांदनी, प्रदीप शर्मा, विरेंद्र, मनोज कुमार, नितिन तोमर, जीवन बुडाल, अनिल सूर्यबंशी ने भी हिंदी और पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों को मनोरंजन किया। इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर सिंह गौड़ ने शिरकत की। मुख्यातिथि के यहां पहुंचने पर नगर परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद अनुभव शर्मा सहित पार्षदों ने फूल मालाओं से स्वागत किया, साथ में उन्हें मंच पर टोपी और मफलर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

स्प्रिंग क्वीन के लिए उतरीं सुंदरियां रहीं आकर्षण का केंद्र

इस दौरान मंच पर स्प्रिंग क्वीन का खिताब पाने के लिए उतरी सुंदरियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सुंदरियों ने इस दौरान रैंप पर वॉक कर अदाओं के जलबे बिखेर कर दर्शकों के साथ-साथ निर्णायक मंडल के सदस्यों का दिल जीतने का प्रयास किया।

इन्होंने भी दी प्रस्तुति

पीपल जातर उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या का आगाज भी भुवनेश्वरी सांस्कृतिक दल बाशिंग के कलाकारों ने कुल्लवी नाटी पेश कर किया। इस दल ने परंपरागत गीतों पर कुल्लवी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन करने का प्रयास किया। इसके अलावा तारा देवी, रेखा ठाकुर, रजनी, राहुल ने नृत्य की प्रस्तुति दी, जबकि भागेश जगतसुख, राजेश कुमार जलूग्रां, प्रेम सैंज, लाल सिंह ने भी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

अगले साल फिर आने का वादा कर वापस लौटे गौहरी देवता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

तीन दिवसीय पीपल मेले का धूमधाम से हुआ समापन

जिला मुख्यालय कुल्लू में तीन दिवसीय पीपल जातर का बुधवार को गौहरी देवता के समापन के साथ ही समापन हो गया। इस मौके पर देवता के अस्थायी शिविर में माहौल देवमयी हो गया और सैकड़ों लोग यहां उपस्थित रहे और देवविधि के साथ पीपल मेला संपन्न हो गया।

देवता वीरनाथ गौहरी के कारदार राजकुमार महंत ने बताया कि पिछले करीब 16 वर्षों से गौहरी देवता पीपल जातर का आगाज करते हैं और उनकी वापसी के साथ ही मेले का समापन भी होता है। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक अपने अस्थायी शिविर में रहने के बाद मंगलवार को देवता अपने देवालय वापस लौट गए। गौर रहे कि तीन दिन तक गौहरी देवता के कारकून ढालपुर स्थित देवता के अस्थायी शिविर में देव तपस्या में लीन रहे।

तीन दिन तक देवता के दर्शन के लिए अस्थायी शिविर में दिनभर व शाम के समय श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लिहाजा, गौहरी देवता श्रद्धालुओं से अगले साल फिर मिलने का वादा करके अपने कारकूनों के साथ वापस अपने देवालय लौट गए। इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत सहित अन्य पार्षद भी उपस्थित रहे।

गौहरी देवता अपने अस्थायी शिविर से देवालय की ओर लौटते हुए।

साईं स्टार स्कूल कुल्लू में 'कहानियों की कहानी' नाटक का सफल मंचन

युवाओं को रंगमंच की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय संस्था एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएन्द्यन युवाओं को रंगमंच की गतिविधियों से जोड़ने और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए रंगमंच को एक औह्लार की तरह इस्तेमाल करने के उद्देश्य से कुल्लू घाटी के विभिन्न स्कूलों में नाटकों के मंचन पर जोर दे रही है ताकि अधिक से अधिक छात्र रंगमंच की गतिविधियों से जुड़ सकें।

इसी कड़ी में 'रंगमंच गांव गांव आंगन आंगन' की अवधारणा के अंतर्गत केहर सिंह ठाकुर द्वारा अभिनीत व निर्देशित एकल नाटक 'कहानियों की कहानी' का आठवां मंचन साईं स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुल्लू में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नाटक की प्रस्तुति को बच्चों व अध्यापकों ने देखा और खुब पसंद किया।

नाटक का लुत्फ उठाती छात्राएं।

नाटक की प्रस्तुति के बाद केहर सिंह ने बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप लोगों को एकल अभिनय की प्रस्तुति का फॉर्मेट समझ आ गया होगा और बच्चों से आग्रह किया कि अब आप भी अपने पाठ्यक्रम से अपनी रुचि की कोई सी कहानी लेकर अपनी अपनी 5 से 7 मिनट की एकल अभिनय की प्रस्तुति तैयार करें जिसकी निकट भविष्य में एक्टिव मोनाल संस्था द्वारा पहले स्कूल में ही प्रतियोगिता करवाई जाएगी और उनमें से प्रथम, द्वितीय और तृतीय का चयन किया जाएगा। उन्ही तीनों की प्रतियोगिता अन्य स्कूलों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए हुए प्रतिभगियों के साथ करवाई जाएगी।

डीसी ने रघुनाथ अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू के ढालपुर स्थित रघुनाथ अस्पताल में बुधवार को ऑपरेशन थियेटर का शुभारंभ कुल्लू के डीसी तोरूल एस रवीश ने किया। अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर खुलने से अब मरीजों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

रघुनाथ अस्पताल की प्रबंधक डॉ. ललिता बंसल ने बताया कि रघुनाथ अस्पताल एक आधुनिक और उच्च-स्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है, जो न केवल चिकित्सीय सुविधाओं में अग्रणी है, बल्कि अपने सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण और मरीज केंद्रित सेवाओं के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में मरीजों को 24 घंटे आपातकालीन सेवा की सुविधा उपलब्ध है।

कुल्लू जिले की डीसी तोरुल एस रवीश ऑपरेशन थियेटर का शुभारंभ करती हुईं।

अस्पताल में चिकित्सा और जनरल व लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। इसके अलावा प्राकृतिक रोशनी और हवा से भरपूर जनरल वार्ड्स, प्राइवेट एवं स्पेशल कमरे जिनमें मरीजों के लिए शांति और गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा गया है। मैनेजिंग डायरेक्टर बीर सिंह ने बताया कि अस्पताल में चार विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात हैं। इसमें डॉ. ललिता बंसल स्त्री एवं प्रसूति रोग जिन्हें हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी, इनफर्टिलिटी मैनेजमेंट, और उन्नत लैप्रोस्कोपिक सर्जरी में विशिष्ट अनुभव है। इसके अलावा डॉ. सिम्मी नर्गोत्रा जिन्हें पेडियाट्रिक्स अनुभवी और संवेदनशील बाल रोग विशेषज्ञ, जो शिशुओं से लेकर किशोरों तक की सम्पूर्ण देखभाल करती हैं।

टीकाकरण, पोषण, सामान्य रोग और नवजात शिशुओं की जटिल स्थितियों में उनकी विशेषज्ञता उन्हें कुल्लू में एक भरोसेमंद बनाती है, जबकि डॉ. प्रांशु कुमार वरिष्ठ रेडियोलाजिस्ट जो अल्ट्रासाउंड, कलर डाप्लर, डिजिटल एक्स-रे और अन्य इमेजिंग सेवाओं के माध्यम से सटीक निदान में दक्ष हैं। इसके अलावा डॉ. नासिर अली एक कुशल जनरल व लैप्रोस्कोपिक सर्जन जो पित्ताशय, हर्निया, एपेंडिक्स और अन्य जटिल सर्जिकल केसों में दक्ष हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अब किसी भी विशेषज्ञ चिकित्सक से पहली बार परामर्श पूरी तरह निशुल्क प्रदान कर रहा है।

इसके अलावा अस्पताल की ओर से जिले के दूरदराज गांवों में जाकर सैकड़ों लोगों को निशुल्क जांच के साथ स्कूलों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए स्कूल स्तर पर अभियान चलाया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रघुनाथ अस्पताल ने अब भारत के अग्रणी आईवीएफ नेटवर्क इंदिरा आईवीएफ के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत अब कुल्लू में ही दंपतियों को आईवीएफ, आईयूआई व आईसीएसआई जैसी अत्याधुनिक प्रजनन सेवाएं उपलब्ध होंगी।

मैदानी क्षेत्रों में बढ़ी तपिश, पहाड़ों में ठंडक

देश-विदेश के पर्यटक गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटन नगरी की ओर कर रहे रुख

कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू

देश के मैदानी क्षेत्रों में जहां प्रचंड गर्मी का प्रकोप है, वहीं बर्फ से ढके पहाड़ों में पर्यटकों को राहत मिल रही है। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली सहित शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी इन दिनों पर्यटकों का मेला लगा हुआ है और पर्यटन स्थलों में बर्फबारी का खूब आनंद ले रहे हैं।

समर सीजन में जिले के प्रसिद्ध पर्यटन व धार्मिक स्थलों मनाली, सोलंगनाला, अंजनी महादेव, हामटा, मणिकर्ण, कसोल, तीर्थन वैली, बशलेऊ सहित मनाली के माल रोड में इन दिनों पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। समर सीजन यौवन पर है और मैदानी शहरों दिल्ली, चंडीगढ़, केरला, यूपी, राजस्थान, गुजरात सहित अन्य कई शहरों के पर्यटक तपिश से राहत पाने के लिए यहां रोजाना पहुंच रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों यहां पर विदेशी पर्यटकों की भी खूब चहलकदमी बढ़ गई है। पर्यटन नगरी मनाली, मणिकर्ण, कसोल में सुहावना मौसम सैलानियों का स्वागत कर रहा है। वहीं, देश-विदेश से पर्यटन नगरी पहुंचे पर्यटकों का कहना है कि देश जहां प्रचंड गर्मी से पक रहा है वहीं, लाहौल में पर्यटकों को गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। पर्यटक यहां पर बर्फ के बीच और माल रोड पर खूब मस्ती कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में उमड़ी पर्यटकों की भीड़।

> यहां पर सप्ताह के अंत में छुट्टी होने पर ही पर्यटक आते हैं। इस समय पर्यटन एवं धार्मिक नगरी मणिकर्ण-कसोल में पर्यटक कम हैं। भुंतर-मणिकर्ण सड़क की हालत खस्ता होने के कारण इस वैली में पर्यटकों की चहलकदमी कम हो रही है। यदि सड़क की दशा सुधारी जाए तो यहां भी पर्यटकों का जमावड़ा लगेगा।
>
> **-किशन ठाकुर, प्रधान मणिकर्ण होटल वैली एसोसिएशन।**

होटल हुए पैक

मनाली के सभी बड़े होटलों में 60 फीसद पैक हैं जबकि मध्यम श्रेणी के भी 30 से 40 फीसद होटल इन दिनों सैलानियों से पूरी तरह पैक हैं। वहीं, सप्ताहांत ऑक्यूपेंसी 70 से 75 फीसद पहुंच रही है।

पर्यटन कारोबारी खुश

पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने से कुल्लू- मनाली सहित लाहौल के पर्यटन कारोबारी खुश हैं। आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। बुधवार को लाहौल के कोकसर, ग्राम्फू, अटल टनल, जिस्पा, दारचा, पटसेउ व दीपकताल में प्रीतकोंबक मेला लग गया। मनाली के पर्यटन स्थल हिडिंबा मंदिर, मनु मंदिर, क्लब हाउस, वशिष्ठ, सोलंगनाला, नग्गर आदि में रौनक देखने को मिली। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि गत सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह पर्यटकों की संख्या कम है, लेकिन आने वाले दिनों में यहां पर्यटकों का सैलाब उमड़ेगा।

रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर बैनर ऑफ पीस का समारोह आज से

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। अंतरराष्ट्रीय निकोलस रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर बैनर ऑफ पीस के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर 1 से 4 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें 1 मई को कुल्लू जिले के स्कूली छात्रों का पेंटिंग कंपीटिशन कराया जाएगा। 2 मई को देश-विदेश से आए हुए चित्रकारों के बनाए चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वहीं अकादमी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा।

वहीं, 4 मई को बैनर आफ पीस पर सेमिनार तथा डॉक्यूमेंरी फिल्म भी दिखाई जाएगी। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय निकोलस रोरीक आर्ट गैलरी मैं कार्यरत भारतीय क्यूरेटर सुरेश नड्डा ने देते हुए बताया कि इस दौरान भारत में स्थित रशियन एंबेसी से भी कई महत्वपूर्ण अधिकारी और अन्य रशियन मेहमान भी इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

भुट्टिको ने कर्मचारी गंगा राम को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर दी 3.77 लाख ग्रेच्युटी राशि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

देश की अग्रणी हथकरघा बुनकर सहकारी समिति भुट्टिको में कार्यरत गंगा राम मुख्य चालक को उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर भुट्टिको के सभागार ठाकुर वेदराम सामुदायिक सदन में भव्य विदाई पार्टी सभा प्रबंधन और अधिकारी कर्मचारियों की ओर से दी गई। इनका पूर्ण कार्यकाल 25 वर्ष का रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान गंगा राम ने अपनी क्षमता से कही अधिक जिम्मेदारियों के साथ कार्य करते हुए भुट्टिको के सहकार संस्कारों का मजबूत किया है।

इनका स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उन्होंने स्वैच्छिक इच्छा से समय पूर्व अपनी सेवानिवृत्ति ली है। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने चंडीगढ़ से दूरभाष पर कहा कि बहुत ही संजीदा मेहनतकश और कर्मठ कर्मचारी रहे गंगा राम का संपूर्ण कार्यकाल सराहनीय रहा है। सत्य प्रकाश ठाकुर ने भगवान से इनकी अच्छी सेहत व उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी के अवसर पर गंगा राम को टोपी, दोशाला, ग्रेच्युटी राशि 3.77 लाख रुपए तथा कर्मचारियों की ओर से 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई और कुल्लवी नाटी डाल कर इस समारोह को रंगीन बनाया। इसके पश्चात इनके सम्मान में पारंपरिक धाम भी दी गई।

भुट्टिको के कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर बुनकर व सभा के पदाधिकारी व कर्मचारी।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए गंगा राम ने इस आयोजन के लिए सभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर का व सभा के सभी कर्मचारियों व बुनकर सदस्यों का बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभा सभा के प्रबंधक मंडल के सदस्य मदन लाल, टिकम राम, निर्मला देवी, कलावती, इंद्रा देवी, आत्मा राम मुख्य महाप्रबंधक विजय सिंह ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक सूरती देवी, अनूज दिनेश ठाकुर, कविता ठाकुर, नीना ठाकुर, वीना देवी व अन्य अधिकारी कर्मचारी व गंगा राम के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

जिला लोक संपर्क अधिकारी खेम चंद को दी भावभीनी विदाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के जिला लोक संपर्क अधिकारी खेम चंद चौहान बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति पूर्व उपायुक्त राहुल कुमार और सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने उन्हें टोपी, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

खेम चंद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए लाहौल स्पीति के पूर्व डीसी और सहायक आयुक्त संकल्प गौतम।

खेम चंद ने 30 जनवरी, 1999 को चंबा जिले के किलाड़ उपमंडल से सहायक लोक संपर्क अधिकारी के पद पर अपनी सेवा यात्रा आरंभ की थी। उन्होंने चंबा, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिलों में कुल 26 वर्ष 3 महीने तक विभाग को अपनी उत्कृष्ट और अनुकरणीय सेवाएं प्रदान कीं। उनका कार्य के प्रति समर्पण और अनुशासन सदैव स्मरणीय रहेगा। सेवानिवृत्ति समारोह में कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया और उनके स्वस्थ, सुखद व समृद्ध भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर उनकी पत्नी कृष्णा चौहान, पुत्र हर्ष चौहान, ध्वनि सहेजक पदम सिंह, तकनीकी सहायक सुभाष चंद, लिपिक सन्नी कुमार, वाहन चालक जगदीश कुमार सहित शांति देवी, कांता देवी और अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

चयन पत्रकारिता में छविंद्र व रणवीर को मिलेगा 'वेदराम ठाकुर' मेमोरियल अवॉर्ड

प्रदेश की पांच विभूतियों का किया जाएगा सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सहकारिता आंदोलन के युग पुरुष एवं भुट्टिको की आत्मा ठाकुर वेद राम के लिए समर्पित ठाकुर वेद राम मेमोरियल पुरस्कारों की घोषणा हो गई। सहकारिता के युग पुरुष रहे ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड से इस बार प्रदेश की पांच विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही हैं।

चयन समिति के चेयरमैन रमेश ठाकुर ने घोषणा करते हुए जानकारी दी कि इस बार प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड के लिए मनाली के वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं साहित्यकार एडवोकेट छविंद्र ठाकुर को दिया जाएगा। छविंद्र ठाकुर हिंदी व अंग्रेजी के कई समाचार पत्रों में अपनी लेखनी का लोहा मनवा चुके हैं और वर्तमान में अधिवक्ता के साथ-साथ फ्री लांसर है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड शिमला के पत्रकार रणवीर ठाकुर को दिया जा रहा है। रणवीर ठाकुर न्यूज-18 के राज्य स्पेशल रिपोर्टर हैं। नई उड़ान उभरती प्रतिभा ठाकुर वेदराम अवॉर्ड के लिए कुल्लू जिले की खराहल घाटी की नीता राणा का चयन हुआ है। नीता राणा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। नीता राणा अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी हैं, जो वर्ल्ड चैम्पियन भारतीय टीम की हिस्सा रह चुकी हैं।

वहीं, लोक संस्कृति के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड प्रसिद्ध लोक गायिका लीला ठाकुर को दिया जा रहा है। लीला ठाकुर सराज घाटी से ताल्लुक रखती हैं और पारंपरिक गीतों को अपनी मधुर आवाज देकर लोक संस्कृति को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभा रही है।

वहीं, सामाजिक उत्थान ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड के लिए सैंज घाटी की निशा ठाकुर का चयन हुआ है। निशा ठाकुर बीएसई नर्सिंग है और पिछले सात वर्षों से स्लम एरिया के बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा निस्वार्थ रूप से उठाया है। मजबूर व असहाय बच्चों को उनके घर-द्वार पर शिक्षा प्रदान करवाई जा रही है।

सम्मान समारोह 8 मई को होगा आयोजित

यह सम्मान समारोह भुट्टिको के सभागार में पूर्व मंत्री एवं सहकारिता के शिरोमणि पुरुष सत्य प्रकाश ठाकुर के जन्मदिन अवसर पर 8 मई को आयोजित होगा। सम्मान समारोह से पहले पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पुरस्कार हर वर्ष प्रदेश भर की विभूतियों को प्रदान किए जाते हैं। ठाकुर वेद राम मैमोरियल सोशल, कल्चरल, वेलफेयर एंड एंवायरनमेंट सोसायटी भुट्टि कालोनी कुल्लू हिमाचल प्रदेश द्वारा वर्ष 2010 से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी भव्य समारोह में प्रदेश भर की विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

चेबड़ी में माता भुवनेश्वरी का हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान, आनी

निरमंड उपमंडल के निथर उपतहसील के चेबड़ी गांव में माता भुवनेश्वरी भगवती के मंदिर में 18 बैशाख का पारंपरिक ठिरशु मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले में दुराह, लोट, पलेही, कुठेड़, निथर और देहरा पंचायतों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे।

मेले की शुरुआत में दुर्गा माता शानी अपने देवलू के साथ पधारीं। स्थानीय लोगों ने दीप, धूप और नैवेद्य से माता का स्वागत किया। देवता साहिब की रथयात्रा पुराने मंदिर से प्रांगण तक निकाली गई। मेले का मुख्य आकर्षण स्वांग नृत्य और पारंपरिक नाटी रहा। निथर क्षेत्र के ग्रामीणों ने पारंपरिक गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ नाटी का आनंद लिया। विभिन्न वाद्य यंत्रों पर देव नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया।

मंदिर के कारदार होशियार चंद शर्मा और मंदिर कमेटी के उपप्रधान चंद्र पॉल शर्मा ने बताया कि यह मेला सैकड़ों वर्षों से पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। शिक्षक बैनर्जी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेश शर्मा और संतोष शर्मा ने कहा कि गांववासी स्वांग नृत्य जैसी प्राचीन कला को संरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। मेले में व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें लगाईं। हर आयु वर्ग के लोगों ने मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसकी शोभा बढ़ाई।

वाहनों की पासिंग की तिथियां निर्धारित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। परिवहन विभाग ने कुल्लू जिले में विभिन्न स्थानों पर वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां जारी कर दी हैं। आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि कुल्लू में 3, 8, 15, 21 और 27 मई, रिजिनल लाइसेंस अथॉरिटी (आरएलए) मनाली में 6 और 20 मई को वाहनों की पासिंग होंगी। आरटीओ कुल्लू 22 मई, आरएलए कुल्लू में 7 मई और मनाली में 5 मई को ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे।

न्यूज ब्रीफ

मोबाइल शॉप में लगी आग, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान, नाहन। नैनाटिक्कर में मोबाइल की दुकान पाराशर कम्युनिकेशन में आग लग जाने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन फिर भी लाखों रुपए का नुकसान हो गया। दुकान मालिक वेद मित्र पाराशर ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शाम को दुकान बंद करके अपने घर चले गए। इसके बाद साथ लगते दुकानदारों ने उन्हें बताया कि उनकी दुकान में आग लगी है। लोगों ने बताया कि दमकल विभाग की सहायता या तो 56 किलोमीटर स्थित नाहन या 32 किलोमीटर दूर स्थित सोलन से मिलनी थी, परंतु न तो नाहन से दमकल विभाग की गाड़ी पहुंच पाई और न ही सोलन से, जिस कारण इस मोबाइल की दुकान में रखा लाखों का सामान खाक हो गया। थाना पच्छाद में कार्यरत थाना प्रभारी भागीरथ शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है तथा लगभग 12 से 15 लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इस बिल्डिंग में यूको बैंक तथा एसबीआई की शाखाएं हैं, ऐसे में बड़ी घटना टल गई।

3 मई को शिक्षा मंत्री रहेंगे सिरमौर प्रवास पर

अनंत ज्ञान, नाहन। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 3 मई को प्रातः 11 बजे शिलाई विधानसभा क्षेत्र के रोनहाट में खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा लोगों की समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

उद्योग मंत्री का 4 दिवसीय सिरमौर प्रवास कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, नाहन। उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 1 मई को दोपहर 1 बजे शिलाई में जनसमस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी आज यहां सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 2 मई को भी शिलाई में जन समस्याएं सुनेंगे तथा 3 मई को प्रातः 10 बजे रोनहाट में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुा द्वारा खंड प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर साथ रहेंगे। इसके अतिरिक्त उद्योग मंत्री 4 मई को भी शिलाई में जन समस्याएं सुनेंगे।

नरदेव सिंह कंवर 3 से सोलन जिले के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (एचपीबीओसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर 3 व 4 मई को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। नरदेव सिंह कंवर 3 मई को प्रातः 11 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार स्थित तलाब मैदान में जागरूक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष 4 मई, को दोपहर 12 बजे कसौली विस क्षेत्र के हरिपुर में जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

छात्रों ने किया धुंधन पंचायत का शैक्षणिक भ्रमण

अनंत ज्ञान, अर्की। डीसीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने पंचायत धुंधन का शैक्षणिक भ्रमण कर ग्रामीण परिवेश और जीवन शैली को समझा। प्रिंसिपल आनंद दुबे ने बताया कि धुंधन पंचायत पहुंचने पर विद्यार्थियों का पंचायती सदस्यों प्रधान शकुंतला शर्मा, उप-प्रधान मदन लाल, सेक्रेटरी खेमराज व अन्य सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान पंचायती सदस्यों ने विद्यार्थियों को पंचायत की संरचना, कार्यप्रणाली तथा उसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि पंचायत को किस प्रकार सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है तथा इन फंड्स का उपयोग ग्राम के विकास और जनकल्याण में कैसे किया जाता है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास में जनसहभागिता के महत्व को भी रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया, पंचायत संचालन में आने वाली चुनौतियों आदि विषयों पर कई प्रश्न पूछे, जिनका पंचायती सदस्यों ने गंभीरता और सहजता से उत्तर दिया। प्रिंसिपल ने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की वास्तविकता को जाना और समझा कि स्थानीय शासन किस प्रकार समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। इस अवसर पर स्टाफ मेंबर्स ईशा, साहिल, शीतल व अन्य मौजूद थे।

शिक्षक मंजूषा का उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान

अनंत ज्ञान, अर्की। अर्की निवासी शिक्षक मंजूषा गुप्ता शिक्षा विभाग में 20 वर्षों की सेवा के उपरांत 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गईं। गुप्ता राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलाणा में टीजीटी साइंस (मेडिकल) के पद पर अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर रावमापा मांजू व रामावि जलाणा के स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गुप्ता का कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि मंजूषा गुप्ता ने अपने कार्यकाल में कभी भी मूल्यों से समझौता नहीं किया। मंजूषा गुप्ता के अपने निवास पर पहुंचने पर परिजनों व परिचितों द्वारा उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। विदाई के इस अवसर पर मंजूषा गुप्ता के पति पूर्व प्रधानाचार्य भूपेंद्र गुप्ता (राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित), माता तुलसी गुप्ता,बेटी दीक्षिता और दामाद सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

डायरिया की चपेट में आए लोग

सोलन जिले में गर्मी बढ़ते ही रोज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे रोगी

आर मोहन चौहान, सोलन

मौसम में आए बदलाव से लोग डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। गर्मी बढ़ते ही सोलन जिले के अस्पतालों में जलजनित बीमारियों के रोगी उपचार को पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सोलन अस्पताल में पिछले 10 दिनों में डायरिया से ग्रसित 50 से अधिक रोगी उपचार को पहुंचे।

हालत यह है कि अब मरीजों को वार्ड में भर्ती कर उपचार देने की भी जरूरत पड़ रही है। वहीं, जिले के छह स्वास्थ्य खंड से भी डायरिया के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि राहत की बात तो यह है कि डायरिया के मामले एक जगह से नहीं आ रहे हैं, यानी कोई क्लस्टर नहीं बन रहा है। फिर भी विभाग जल जनित बीमारियों को लेकर अलर्ट हो गया है।

डायरिया के लक्षण और बचाव

मतली और उल्टी आना बुखार, सिरदर्द, सूजन, पेट फूलना, पेट दर्द, भूख में कमी, कमजोरी आना सुस्ती रहना है। इसके बचाव के लिए पानी उबाल कर पीना चाहिए। शौच जाने के बाद हाथ अच्छे से धोकर खाना खाएं। दस्त लगने पर ओआरएस का घोल मरीज को दें, जितना जल्द हो सके, मरीज को अस्पताल पहुंचाएं। साफ और ढका हुआ खाना ही खाएं। डायरिया के लक्षण लगने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लेने के बारे में भी कहा है। (अनंत ज्ञान)

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में उपचार को पहुंचे लोग।

गर्मियों के मौसम में बढ़ जाते हैं मामले

गर्मी बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। लोग वायरल के साथ-साथ पेट दर्द, दस्त की समस्या लेकर अस्पताल आ रहे हैं। जब डायरिया टेस्ट करवाया जाता है तो मरीज पॉजिटिव निकल रहे हैं। बताया जा रहा है कि पानी की किल्लत होने के कारण प्राकृतिक पेयजल स्त्रोतों का सहारा लोग ले रहे हैं। इसी के साथ बाहरी व्यंजन का सेवन के कारण मामलों में वृद्धि हो रही है।

आशा वर्करों को लोगों को जागरूक करने के दिए निर्देश

पानी की किल्लत के चलते प्राकृतिक पेयजल स्त्रोतों से पानी का सेवन कर रहे लोग देखते हुए स्वास्थ्य महकमे ने अलर्ट कर दिया है। लोगों को एडवाइजरी जारी कर बचाव का आग्रह कर रहे हैं। वहीं, आशा वर्कर और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को फील्ड में उतर कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

> गर्मी में डायरिया को रोकना चुनौती रहता है। हेल्थ वर्कर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से पानी उबाल कर ही पीने की सलाह है। हो सके तो बाजार में खुले में बनी चीजों का सेवन न करें। पानी को ढक कर ही रखें। बार-बार हाथ धोते रहें।
>
> **-डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सोलन।**

श्री रेणुका जी को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से किया जाएगा विकसित : विनय

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में स्थित माता श्री रेणुका जी मंदिर में हिमाचल प्रदेश व आसपास के क्षेत्रों के लोगों की अटूट आस्था है तथा इस क्षेत्र को धार्मिक प्रर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। यह बात प्रदेश उपाध्यक्ष विधानसभा एवं अध्यक्ष श्री रेणुकाजी विकास बोर्ड विनय कुमार ने परशुराम जयंती के अवसर पर भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में आयोजित हवन अनुष्ठान व पूजा-अर्चना के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने लागों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। पिछले कल भगवान परशुराम की पालकी कटाह शीतला से रेणुका जी लाई गई तथा भव्य शोभायात्रा तहसील कार्यालय ददाहू से आरंभ होकर ददाहू बाजार से होते हुए रेणुका जी मंदिर पहुंची। आज प्रातः पवित्र रेणुका झील की परिक्रमा के पश्चात हवन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी दिवस भगवान परशुराम जी की पालकी की विदाई की जाएगी तथा आज वन विभाग मैदान रेणुका जी में वॉलीबाल की खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

हवन अनुष्ठान में उपाध्यक्ष विधान सभा विनय कुमार की माता विद्या देवी तथा पत्नी सीमा भूषण ने भी भाग लिया। इस अवसर पर तहसीलदार ददाहू जय सिंह ठाकुर, एचएसओ प्रियंका चौहान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेणुकाजी विकास बोर्ड भरत सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र गुप्ता, सदस्य रेणुका जी विकास बोर्ड श्यामा ठाकुर, इंद्र सिंह रांगड़, इंद्र प्रकाश गोयल, तपेंद्र सिंह फोजी, रणदीप सिंह ठाकुर सहित गणमान्य उपास्थित रहे।

भगवान परशुराम मंदिर में हवन अनुष्ठान व पूजा-अर्चना करते विस उपाध्यक्ष विनय कुमार।

रति राम की गुमशुदगी के 10 वर्ष बाद भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग

अनंत ज्ञान, अर्की

अर्की उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव कल्याणपुर निवासी रति राम पुत्र स्व. देबुराम की गुमशुदगी को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं, परंतु आज तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। रति राम के लापता होने की रिपोर्ट उनकी पत्नी कमला देवी द्वारा 27 अक्तूबर, 2014 को पुलिस थाना अर्की में दर्ज करवाई गई थी। गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा समय-समय पर तलाशी अभियान चलाया गया तथा सभी संबंधित पुलिस थानों और चौकियों को सूचित किया गया।

पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार वर्ष 2021-22 में विशेष दस्ते का गठन भी किया गया, जिसने भी रति राम की हरसंभव तरीके से तलाश की, परंतु कोई भी सफलता नहीं मिल सकी। 27 अप्रैल, 2022 को पुलिस थाना अर्की द्वारा तहसीलदार अर्की को भेजी गई रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट किया गया कि रति राम की स्थिति या मौजूदगी के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। अब वर्ष 2025 तक रति राम का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, जिससे उनके परिजन और ग्रामवासी गहरे दुख और अनिश्चितता में हैं। परिवार आज भी उनके सुरक्षित लौटने की आस लगाए बैठा है।

समय-समय पर चलाया तलाशी अभियान

थाना प्रभारी अर्की राजिंद्र सिंह ने बताया कि रति राम की गुमशुदगी की रिपोर्ट वर्ष 2014 में दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस द्वारा समय-समय पर तलाशी अभियान चलाया गया और सभी संबंधित थानों को सूचित किया गया। वर्ष 2021-22 में विशेष खोज दल द्वारा भी व्यापक स्तर पर प्रयास किए गए, परंतु अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। यदि परिवार या किसी भी व्यक्ति को कोई नई जानकारी प्राप्त होती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। हम किसी भी जानकारी पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।

चंबाघाट-कंडाघाट वाया बसाल सड़क होगी चौड़ी

लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया कार्य, 50 गांवों के लोग होंगे लाभान्वित

अनंत ज्ञान, सोलन

कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण चंबाघाट-बसाल-कंडाघाट सड़क को 14.61 लाख रुपए की लागत से चौड़ा किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इसका कार्य शुरू कर दिया है। विभागीय ठेकेदार की तरफ से ब्लैक स्पॉट और संकरे हिस्सों को चौड़ा किया जा रहा है। चौड़ीकरण के बाद सड़क को पक्का भी किया जाएगा। सड़क का सुधार होने से करीब 50 गांवों के ग्रामीणों और कृषकों को सुविधा होगी। इससे किसान अपनी फसलों को आसानी से मंडी तक पहुंचा सकेंगे।

विभाग की ओर से इस कार्य को एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। प्रारंभिक चरण में 9 किलोमीटर सड़क चौड़ी की जा रही है। इसमें बसाल से शलूमणा तक होगा। जानकारी के अनुसार चंबाघाट-बसाल-कंडाघाट मार्ग पर वाहनों आवाजाही बढ़ गई है। यह मार्ग बसाल हेलिपैड को भी जोड़ता है, लेकिन तंग मार्ग के कारण यहां पर रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है। जब हेलिपैड पर किसी वीआईपी का आगमन होता है, तो उस समय यह मार्ग और अधिक व्यस्त हो जाता है और मार्ग को वन साइड करना पड़ता है।

इस कारण स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है, लेकिन अब मार्ग को चौड़ा करने के बाद यहां से वाहनों की आवाजाही भी आसान हो जाएगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से कार्य शुरू कर दिया है। बता दें यह सड़क कालका-शिमला एनएच का भी वैकल्पिक है। यदि एनएच कंडाघाट से चंबाघाट के बीच बंद हो जाता है, तो उस समय इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही होती है। सड़क चौड़ी होने से क्षेत्र के करीब 50 से अधिक गांवों के लोगों को सुविधा मिलेगी।

लोनिवि सड़क के चौड़ीकरण का कर रहा कार्य।

> मार्ग को चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है। संकरे मार्ग पर खुदाई का कार्य और डंगे लगाए जा रहे हैं। इसके बाद इस मार्ग पर टारिंग का कार्य भी किया जाएगा। लोग सड़क के किनारे वाहनों को खड़ा न करें। सड़क किनारे खड़े किए वाहनों से कार्य करने में परेशानी हो रही है।
>
> **-रवि कपूर, एक्सईएन, लोनिवि**

घणागुघाट स्कूल में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घणागुघाट में प्रधानाचार्य अजय शर्मा की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई आत्मसुरक्षा कार्यक्रम के तहत विद्यालय की सभी छात्राओं को आत्म सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित किया गया। मोहाली (पंजाब) से आए मार्शल आर्ट के विशेषज्ञ पंकज कुमार ने छात्रों को प्रशिक्षित किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में किशोरियों के प्रति अपराध और शोषण की भावना अधिक पनप रही है तथा छात्राओं को आत्मरक्षा करने व सशक्त तथा निडर बनाने हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रशिक्षक पंकज कुमार, सुनीता ठाकुर, मदनलाल, जोगिंदर ठाकुर तथा बबीता सहित समस्त स्टाफ का धन्यवाद किया।

घर से चोरी हुई बंदूक जंगल में की बरामद

अनंत ज्ञान, सोलन। थाना धर्मपुर के तहत गांव मझोलटी (भारती) निवासी लीलादत ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपार्ट दर्ज करवाई कि 25 अप्रैल को उन्होंने अपनी लाइसेंसी बंदूक को सफाई करने के उपरांत अपने घर में पूजा के कमरा में रख दिया था तथा कमरा के दरवाजे को अच्छी तरह से कुंडी लगाकर बंद कर दिया था।

27 अप्रैल को जब वह उक्त कमरे में पूजा करने के लिए गए तो उनकी लाइसेंसी बंदूक 12 बोर व 3 कारतूस वहां से गायब पाए गए, जिसकी तलाश इन्होंने अपने तौर पर भी की परंतु कहीं पर भी न मिली। इस पर उन्हें शक हुआ कि इसकी उपरोक्त बंदूक को 26 अप्रैल को दिन के समय कोई नामालूम व्यक्ति चोरी कर ले गया है। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हुई बंदूक को घर के साथ लगते जंगल में झाड़ियों के बीच से बरामद करके कब्जा पुलिस में लिया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

इंटर पब्लिक स्कूल बास्केटबाल टूर्नामेंट शुरू

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 29 अप्रैल को लड़कों और लड़कियों के लिए 13वें अखिल भारतीय मेजर जगपाल मेमोरियल जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल बास्केटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल एसोसिएशन के महासचिव और बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य मुनीश शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इसके साथ ही बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अजय कुमार सूद ने भी गेस्ट्स ऑफ ऑनर के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। देश के 9 विशिष्ट स्कूलों की टीमें जिनमें बिशप कॉटन स्कूल, शिमला, डेली कॉलेज, इंदौर, मेयो कॉलेज, अजमेर, स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल, चंडीगढ़, द पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा, द श्री राम स्कूल, नई दिल्ली, वेल्हम ब्वॉयज स्कूल तथा वेल्हम गर्ल्स स्कूल, देहरादून और मेजबान स्कूल, पाइनग्रोव स्कूल सोलन ने विद्यालय के कमांडर एसएस ज्ञानी मेमोरियल स्पोर्ट्स सेंटर में भव्य उद्घाटन समारोह में भाग लिया। मेजबान स्कूल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों का औपचारिक स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि के साथ टीमों का परिचय के बाद विद्यालय की स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट आशिका शर्मा के नेतृत्व में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह सहित सभी विद्यालय प्रमुख भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय चौहान और खेल प्रभारी सुरिंदर मेहता की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने भाषण के साथ सभा को संबोधित किया तथा टूर्नामेंट 'ओपन' करने की घोषणा की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल, चंडीगढ़ और मेजबान पाइनग्रोव स्कूल के लड़कों के बीच खेला गया, जिसमें पीजीएस की टीम ने 44/28 से शानदार जीत हासिल की। दर्शकों की जय-जयकार ने मैच को अति रोमांचित बनाते हुए खिलाड़ियों का उत्साह दौगुना कर दिया।

लड़कों का दूसरा मैच बिशप कॉटन स्कूल शिमला तथा डेली कॉलेज इंदौर के मध्य खेला गया जिसमें डेली कॉलेज इंदौर 43/30 के शानदार स्कोर से विजयी रहा। 2 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अनेक रोमांचक मैचों की शृंखला के पश्चात इस वर्ष के नए विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

पाइनग्रोव स्कूल में शुरू हुई प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से मिलते मुख्यातिथि।

प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश जिस स्कूल में पढ़े उसी के स्थापना दिवस में मुख्यातिथि बनकर आए

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल प्रदेश के सबसे पुराने स्कूलों में शुमार राजकीय शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। स्कूल के 242वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। साल 1783 में स्थापित इस स्कूल से ही न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने 1982 में 10वीं की परीक्षा पास की थी। समारोह के दौरान स्कूल के पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। वहीं, न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने अपने स्कूल के समय के अनुभव भी यहां साझा किए। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके लिए यह बेहद सुखद अनुभव है कि आज वह उसी स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हैं, जहां से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की है। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रचलन पर भी चिंता जताई और कहा कि नशे की रोकथाम में शिक्षक भी अहम भूमिका निभा सकता है। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बिताए पुराने लम्हों को भी याद किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। पंडाल में मार्मिक क्षण तब आया, जब उन्होंने अपने टीचर गुरदेव गुरुजी के चरण छुए। मंच पर बैठे एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने जब अपने शिक्षक के प्रति ऐसा सम्मान दिखाया, तो वहां उपस्थित हर आंख भावुक थी। उन्होंने अपने समय के शिक्षक चिरंजी लाल, लज्जा मैडम, सुनीला चांदना व रेखा तोमर मैडम को भी विशेष रूप से याद किया। अपने पुराने दोस्तों को देखकर उनकी आंखों में चमक आ गई। इतिहासकार एवं पूर्व विधायक कंवर अजय बहादुर सिंह ने स्कूल के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि सिरमौर के शासक कितने दूरदर्शी हुआ करते थे।

विकास 50 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन की रखी आधारशिला

सनातन संस्कृति का संवर्धन करना हम सभी का उत्तरदायित्व : शांडिल

अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि हमें सदैव अपनी सनातन संस्कृति का संवर्धन करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। डॉ. शांडिल आज चंबाघाट स्थित दुर्गा माता मंदिर के समीप 50 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व दुर्गा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुखी व समृद्ध जीवन की कामना की। डॉ. शांडिल ने कहा कि हम सभी को सनातन धर्म की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को सनातन धर्म व संस्कृति की जानकारी दें ताकि प्राचीन संस्कृति जीवित रहे। उन्होंने कहा कि इस दिशा में मातृ शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की ओर जाने से रोकने के लिए प्रदेश सरकार यथा संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध सरकार के प्रयासों को सफल बनाने के लिए समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में अभिभावकों को अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया युवाओं की गतिविधियों व उनके स्वभाव पर नजर रखें ताकि बच्चे नशे की ओर न जाएं। डॉ. शांडिल ने अपने ऐच्छिक निधि से सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

चंबाघाट में सामुदायिक भवन की आधारशिला के दौरान स्वास्थ्य मंत्री व अन्य।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, नौणी पंचायत के प्रधान मदन हिमाचली, नगर निगम सोलन की पार्षद संगीता ठाकुर, ईशा पराशर, मनोनीत पार्षद विजय ठाकुर, रजत थापा, रोगी कल्याण समिति के सदस्य विनीश धीर, पुनीत शर्मा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव कुमार, अंकुश सूद, लक्ष्मी दत्त, संधीरा दुल्टा, सक्षम शर्मा, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, खंड चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय सिंह, दुर्गा माता मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष तोमर, सचिव लक्ष्मी ठाकुर, उपाध्यक्ष टीडी शर्मा सहित अन्य सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए सिरमौर टीम का किया चमन

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल प्रदेश के ऊना में 18 मइ से आयोजित होने वाली इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए सिरमौर जिले की टीम का चयन कर लिया गया है।

टीम का चयन पांवटा साहिब स्थित स्कॉलर होम्स ग्राउंड में किया गया, जिसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन और क्रिकेटिंग क्षमताओं को मुख्य आधार बनाया गया। महासचिव बब्बी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन भविष्य में युवाओं को खेल के और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहेगी।

सिरमौर क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव राजेंदर बब्बी ने जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और चयनकर्ता मंडल में आलोक कटोच, सुभाष चौधरी व संजय पंडित शामिल थे, जिन्होंने तकनीकी कौशल, अनुशासन और टीम भावना जैसे पहलुओं पर भी ध्यान दिया।

टीम में 26 खिलाड़ियों का विवरण

हिमांशु रंजन, अंकुश धारीवाल, आर्यन शर्मा, अचल देव, अंश शर्मा, प्रशांत तोमर, राजेश, विवेक उपाध्याय, यशवंत तोमर, तनुज, आर्यन, विवेक, राहित, प्रियांशु, उज्जवल, दीक्षित, वी. अक्षय, अभिषेक पंवार, अक्षित कंवर, सौरव, हिमांशु, राहुल चौधरी, आकाश, आदित्य चितकारा, सतीश, वैभव शर्मा। चयनित 26 खिलाड़ियों की टीम को आगामी तैयारी के लिए 1 मई, को दोपहर 3.30 बजे नाहन के चंबा ग्राउंड में रिपोर्ट करने को कहा गया है, जहां खिलाड़ी कोच एमपी शर्मा और कोच दानिश की देखरेख में विशेष प्रशिक्षण सत्र में भाग लेंगे ताकि चैंपियनशिप के लिए उनकी तैयारी पुख्ता हो सके।

समस्याओं का समयबद्ध निवारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : सुल्तानपुरी

अनंत ज्ञान, सोलन। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समयबद्ध निवारण करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। विनोद सुल्तानपुरी आज विकास खंड कंडाघाट की देलगी पंचायत में राजस्व विभाग द्वारा आयोजित जन शिकायत निवारण शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को घर-द्वार पर मूलभूत सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इससे जहां लोगों के समय व धन की बचत होगी, वहीं उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध होगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी व लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। शिविर में ग्राम पंचायत भारती, रणो, शडियाना, कक्ड़हट्टी, देयोठी, चामत भढ़ेच, तोप की बेड़, हरिपुर और जाडली के ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी गई। शिविर में लोगों की सुविधा के लिए आधार अद्यतन संबंधी काउंटर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को प्राकृतिक हल्दी के उत्पादन संबंधी जानकारी एवं परामर्श, स्वास्थ्य जांच, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, अपंग पेंशन, संबंधी आवेदन व पंजीकरण कार्य की जानकारी दी गई। शिविर में 23 लोगों के आय प्रमाण पत्र, 11 लोगों के हिमाचली प्रमाण पत्र, 7 लोगों के अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, 14 इंतकाल, 1 नया आधार कार्ड व 14 आधार कार्ड अपडेट किए गए। उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार घर-द्वार पर लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देलगी की प्रधान प्रोमिला शर्मा, ग्राम पंचायत देलगी के उपप्रधान सीता राम, कृषि उपज विपणन समिति सोलन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, बीडीसी सदस्य सुषमा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव ठाकुर आदि उपस्थित थे।

सीएम मान तथ्यों को दरकिनार कर जनता को कर रहे हैं भ्रमित : सैनी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा जल वितरण के संबंध में दिए गए बयान को आश्चर्यजनक बताया। उन्होंने कहा कि गत 26 अप्रैल को उन्होंने स्वयं श्री भगवंत मान जी को फोन पर बताया था कि बीबीएमबी की टेक्निकल कमेटी ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को पानी छोड़ने का जो निर्णय 23 अप्रैल को लिया था, उसके क्रियान्वयन में पंजाब के अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं। उस दिन मान साहब ने उन्हें स्पष्ट आवश्वासन दिया था कि वे तुरंत अपने अधिकारियों को निर्देश देकर अगले दिन सुबह तक उन द्वारा क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब अगले दिन 27 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक पंजाब के अधिकारियों ने कुछ नहीं किया बल्कि हरियाणा के अधिकारियों के फोन भी नहीं उठाए तो उन्होंने भगवंत मान को पत्र लिखकर इन तथ्यों से अवगत भी कराया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वे हैरान है कि 48 घंटे तक उनके पत्र का जवाब देने की बजाय मान साहब ने एक वीडियो जारी करके पंजाब में अपनी राजनीति चमकाने के लिए तथ्यों को दरकिनार करते हुए देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की प्रति संलग्न है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मान साहब का यह कहना कि आज से पहले पंजाब ने या बीबीएमबी ने हिसाब नहीं रखा, बिलकुल झूठ है। एक-एक बूंद पानी का हिसाब बीबीएमबी के साथ-साथ राजस्थान, पंजाब, दिल्ली और हरियाणा की सरकारों के पास हर समय होता है। मान साहब ने पंजाब में अपने से पहले की सरकार पर आंकड़ें न रखने का लांछन तो लगाया, परंतु यह नहीं बताया कि वर्ष 2022, 2023 और 2024 में कभी भी अप्रैल, मई और जून के माह में हरियाणा कॉन्टेक्ट प्वाइंट एचसीपी पर 9000 क्यूसेक से कम पानी नहीं दिया गया।

बीबीएमबी के पानी से केवल पेयजल की होती है आपूर्ति

मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट किया कि जो पानी बीबीएमबी एचसीपी पर भेजता है, उसमें दिल्ली के पीने का पानी 500 क्यूसेक, राजस्थान का 800 क्यूसेक और पंजाब का खुद का 400 क्यूसेक पानी शामिल होता है। इस प्रकार, हरियाणा को जो पानी मिलता है, उसकी मात्रा 6800 क्यूसेक रह जाता है। मान साहब भूल गए कि अप्रैल और मई के महीनों में पंजाब और हरियाणा में एक भी खेत में धान की रोपाई नहीं की जाती क्योंकि ऐसा करना कानूनन प्रतिबंधित है। इन दोनों महीनों में बीबीएमबी द्वारा छोड़े गए पानी से केवल पेयजल की आपूर्ति की जाती है।

हरियाणा को अभी तक नहीं मिला पूरा हिस्सा

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी मार्च में ही उपयोग कर चुका है। उनका यह बयान तथ्य से परे है। वास्तविक्ता यह है कि हरियाणा को अभी तक उसका पूरा हिस्सा प्राप्त ही नहीं हुआ है। यदि बीबीएमबी हरियाणा की मांग के अनुसार शेष पानी उपलब्ध कराता है, तो यह भाखड़ा डैम के जल भंडार (रिजर्व वॉटर) का मात्र 0.0001 प्रतिशत होगा। इससे जल भंडार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त, जून से पहले जल भंडार को खाली करना आवश्यक होता है ताकि मानसून के दौरान बारिश के पानी को संग्रहित किया जा सके। यदि जल भंडार में जगह नहीं होगी, तो अतिरिक्त पानी हरिके-पत्तन के रास्ते पाकिस्तान चला जाएगा, जो न तो पंजाब के हित में है और न ही राष्ट्रीय हित में। सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार पंजाब से अनुरोध करती है कि हरियाणा को उसके उचित जल हिस्से की आपूर्ति सुनिश्चित करे।

निगम आज से 'स्वच्छता सप्ताह' का करेगा शुभारंभ

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

वर्षा जल संचयन प्रणाली के रखरखाव पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम 1 से 7 मई, 2025 तक पूरे शहर में वर्षा जल संचयन प्रणालियों की सफाई के लिए सप्ताह भर चलने वाला अभियान शुरू करेगा।

इस पहल के बारे में बताते हुए नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि इस समर्पित सप्ताह का उद्देश्य जागरूकता फैलाना और स्वच्छता बनाए रखने में जन भागीदारी सुनिश्चित करना है, इस वर्ष शहर भर में वर्षा जल संचयन प्रणालियों की सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' के तहत 'जल संचयन जन भागीदारी' थीम के तहत शुरू किया जाएगा।

आयुक्त ने स्थायी जल प्रबंधन के महत्व पर जोर देते हुए कहा, वर्षा जल संचयन प्रणालियों को बनाए रखना केवल जल संरक्षण के बारे में नहीं है, यह एक नागरिक जिम्मेदारी है। उचित सफाई और नियमित रखरखाव के साथ, ये प्रणालियां पानी की बर्बादी को काफी हद तक कम कर सकती हैं और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं का समर्थन कर सकती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि वर्षा जल संचयन प्रणाली के रखरखाव के लिए प्रमुख कदम निम्नलिखित हैं नालियों, नालियों, फिल्टरों और भंडारण टैंकों का नियमित निरीक्षण। पानी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए पत्तियों और टहनियों जैसे मलबे को हटाना। भंडारण टैंक के अंदरूनी हिस्सों को हल्के डिटर्जेंट से साफ करना और साफ करना है।

वहीं सिस्टम को फ्लश करना और किसी भी लीक या रुकावट की जांच करना। सभी फिल्टर और स्क्रीन को साफ करना और हर 2-3 महीने में रखरखाव का समय निर्धारित करना आदि शामिल है।

न्यूज ब्रीफ

कांग्रेस देश की रक्षक नहीं, गद्दार पार्टी : अनिल विज

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा अपने टविटर एकाउंट पर पहले सिर गायब वाली फोटो लगाने फिर उसे हटाने के प्रकरण पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विज ने कहा कि हर कौम, हर सेना युद्ध में अपने नायक का सर ऊंचा रखते हैं, मगर कांग्रेस पार्टी ने जो घिनौनी हरकत की है, कांग्रेस ने इस युद्ध के नायक का युद्ध से पहले ही सर काटकर ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि यह देश की रक्षक पार्टी नहीं बल्कि ये देश की गद्दार पार्टी है। उन्होंने गुस्से में कहा कि इसे आज के बाद 'गद्दार कांग्रेस पार्टी व शत्रु कांग्रेस पार्टी' लिखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने आपको देश की पार्टी कहने का अधिकार खो दिया है जबकि देश का बच्चा-बच्चा इस युद्ध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। ये गद्दार प्रधानमंत्री का सिर काटकर तस्वीर लगा रहे हैं, इन्हें देश में रहने का अधिकार नहीं, इन्हें तो हिंदुस्तान छोड़कर पाकिस्तान चले जाना चाहिए और इनके लिए कुछ देर के लिए बॉर्डर खोल देने चाहिए। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों ही एक बैठक में सेना को फ्री हैंड दिया है जिसपर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं वह देश हित के लिए कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हमेशा फौजों व अन्य अधिकारियों को अपनी काबिलियत के अनुसार काम करने की छूट दी है। एसवाईएल का हरियाणा हिस्से का पानी पंजाब द्वारा रोकने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि युद्ध के समय सारे देश को एकजुटता दिखानी चाहिए और पंजाब तो बॉर्डर स्टेट है। इनको ऐसा कोई भी मुद्दा नहीं उठाना चाहिए और अच्छा हो कि भगवंत मान ने जो कल निर्णय लिया है उसे वह वापस लें।

मकान की छत गिरने से 3 लोगों की मौत

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। अंबाला शहर के मोती नगर में मकान की छत गिरने से बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोती नगर निवासी 35 वर्षीय राजू उर्फ जावेद अली, उनकी पत्नी 32 वर्षीय अन्नू और उनके पांच वर्षीय बेटे नूर अहमद के रूप में हुई है। बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे परिवार घर में था। इसी दौरान घर की छत गिर गई। बताया जा रहा है कि मकान जर्र-जर्र स्थिति में था जिस कारण ये हादसा हुआ। सूचना मिलते ही दमकल कर्मचारी और डायल 112 मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने रेस्क्यू के दौरान मृतकों को मलबे को बाहर निकाला। परिवार की एक अन्य संतान घर के बाहर थी, जिससे उसकी जान बच गई। तीनों मृतकों के शवों को शव गृह में रखा गया है। सिटी एसडीएम दर्शन कुमार, सिटी थाना प्रभारी अनिल कुमार, सीएमओ राकेश सहल सहित कई आला अधिकारी मामले का निरीक्षण करने पहुंचे।

शराब ठेके पर फायरिंग व लूट के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

नरेला रोड पर राठधना मोड़ स्थित गंदे नाले के पास दिनदहाड़े फिलिंग स्टेशन मैनेजर से चाकू की नोक पर लूट के मामले में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। मैनेजर ने खुद ही लूट का ड्रामा रचा था और पुलिस को झूठी कहानी सुनाकर नकदी ऐंठने की कोशिश की थी। पुलिस ने मैनेजर मूलरूप से गांव जौली हाल बंदेपुर निवासी विनोद को गिरफ्तार कर लिया है। उसे रिमांड पर लिया जाएगा।

एसीपी राजपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को विनोद ने पुलिस को बताया था कि वह नरेला रोड पर राठधना के पास स्थित किरण फिलिंग स्टेशन पर मैनेजर कार्यरत है। वह सोमवार को फिलिंग स्टेशन से दो दिन का कैश लेकर सोनीपत शहर में मिशन चौक स्थित पीएनबी की शाखा में जमा कराने जा रहे थे।

गांव राठधाना मोड़ के पास सेंट्रो कार सवार दो युवकों ने जबरन बैग को छीनने की कोशिश की थी। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की जांच सेक्टर-7 स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट को दी गई थी। पुलिस ने मामले में खुलासा करते हुए लूट की झूठी कहानी गढने् वाले मैनेजर विनोद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विनोद पर कर्ज हो गया था। जिसे उतारने के लिए खुद ही लूट की झूठी साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपी से साढ़े तीन लाख रुपये बरामद कर लिए हैं और उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। सेक्टर 27 क्राइम यूनिट ने गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर अमरजीत और कुसमाकर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ करेगी।

बलटाना पुलिस चौकी में गुरप्रीत सिंह ने संभाला चार्ज

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

बलटाना पुलिस चौकी के नए इंचार्ज के रूप में गुरप्रीत सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने क्षेत्र में नशामुक्ति और कानून व्यवस्था सुधार को प्राथमिकता बनाकर काम शुरू कर दिया है। गुरप्रीत सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा करने वालों और शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, और आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाया जाएगा।

गुरप्रीत सिंह का स्वागत गोविंद विहार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने प्रधान प्रवीण मित्तल की अगुवाई में किया। इस दौरान टीम ने उन्हें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और सहयोग का भरोसा जताया। नए चौकी इंचार्ज का यह संकल्प मुख्यमंत्री भगवंत मान की 31 मई तक पंजाब को नशामुक्त करने की प्रतिबद्धता से मेल खाता है। इसी उद्देश्य से हाल ही में विशेष डीजीपी, एडीजीपी, आईजीपी, डीआईजी और सभी एसएसपी/सीपी के साथ जिलावार रणनीतियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक भी आयोजित की जा चुकी है।

गुरप्रीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जल्द ही जगह-जगह नाके लगाए जाएंगे, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और आम लोगों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने चौकी इंचार्ज के सक्रिय और संवादात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनता की समस्याओं को समझने और समाधान निकालने में मदद मिलेगी।

पीआईए ने पीओके की सभी उड़ानें कीं रद्द

एजेंसी, इस्लामाबाद। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर पाकिस्तान की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने सुरक्षा कारणों से बुधवार को गिलगित, स्कार्दू सहित पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अन्य उत्तरी क्षेत्रों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने कराची और लाहौर से स्कार्दू के लिए दो-दो उड़ानें रद्द कर दी हैं। विमानन क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद से स्कार्दू जाने वाली दो उड़ानें और इस्लामाबाद से गिलगित जाने वाली चार उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। वहीं, भारत के साथ तनाव के कारण बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी तेज कर दी है।

अमेरिका: बुजुर्ग से धोखाधड़ी मामले में दो भारतीय छात्र काबू

एजेंसी, न्यूयॉर्क। अमेरिका में छात्र वीजा पर रह रहे दो भारतीय नागरिकों को एक बुजुर्ग व्यक्ति से धोखाधड़ी और चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एल पासो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक बयान में बताया कि महम्मदिलहम वाहोरा और हाजीअली वाहोरा को इस महीने एल पासो काउंटी जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपियों की उम्र 24 वर्ष है। बयान के मुताबिक, दोनों से अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों में लोगों से धोखाधड़ी की घटनाओं में शामिल होने के लिए पूछताछ की जानी है। दोनों आरोपियों पर उम्र दराज लोगों को निशाना बनाकर अपराध को अंजाम देने का आरोप है। इन आरोपों में डकैती और चोरी के साथ-साथ अवैध निवेश से जुड़े धन शोधन का आरोप भी शामिल है। दोनों भारतीय छात्र शिकागो, इलिनोइस में 'ईस्ट-वेस्ट यूनिवर्सिटी' में पढ़ते हैं।

चीन के शांजी प्रांत में विस्फोट, 17 लोग घायल

एजेंसी, बीजिंग। चीन के शांजी प्रांत में बुधवार को एक आवासीय परिसर में हुए विस्फोट में कम से कम 17 लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है और तीन को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। यह विस्फोट शांजी प्रांत की राजधानी ताइयुआन के शियाओडियन जिले के बेयिंग इलाके में स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब एक बजे हुआ। विस्फोट के कारण लगी आग को बुझा दिया गया है। इस विस्फोट के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल के कर्मी प्रभावित इमारत में घर-घर जाकर सुरक्षा जांच कर रहे हैं और विस्फोट के कारणों की जांच चल रही है।

चीन: 6 महीने बाद 3 अंतरिक्ष यात्री धरती पर लौटे

एजेंसी, बीजिंग। चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने रहने के बाद बुधवार को तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री धरती पर वापस आ गए। अंतरिक्ष यात्री चीन के उत्तरी इनर मंगोलिया क्षेत्र के डोंगफेंग में गोबी मरुस्थल के पास पैराशूट से उतरे। वापसी वाहन से अलग होने के बाद चालक दल का 'लैंडिंग मॉड्यूल' धीरे-धीरे नीचे आया। तेज हवाओं और कम दृश्यता के कारण उनकी वापसी में एक दिन की देरी हुई थी। इस समय क्षेत्र में रेतीले तूफानों की संभावना रहती है। अंतरिक्ष यात्री काई शुझे, सोंग लिंगदोंग और वांग हाओजे को अक्तूबर में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा गया था और उन्होंने मंगलवार को स्टेशन का नियंत्रण नए चालक दल को सौंप दिया जो हाल में उनकी जगह लेने के लिए आया है। नए चालक दल को लाने वाला 'शेनझोउ 20' अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष में जीवन विज्ञान, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण भौतिकी और अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ी नयी तकनीक के उपकरण भी ले गया था।

सांसद बोलीं- बाबरी की पहली ईंट लगाएगा पाक सिपाही

एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बिलावल भुट्टो की पार्टी की नेता पलवाशा खान ने संसद में भारत विरोधी बातें कही हैं। भारत-पाक में तनाव के बीच पलवाशा ने कहा कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद बनाएंगे और पिंडी (रावलपिंडी) का एक-एक सिपाही बाबरी मस्जिद की बुनियाद में पहली ईंट रखेगा। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर पहली अजान देंगे। पलवाशा खान ने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ अपने 7 लाख सैनिकों के भरोसे नहीं है, बल्कि उसके पास 25 करोड़ लोग हैं, जो मुश्किल वक्त में फौज के साथ होंगे और सिपाही बनेंगे। यदि भारत ने पाकिस्तान पर कोई हमला करने की कोशिश करता है, तो दिल्ली के लाल किले के मैदान खून से रंगे जाएंगे। पीपीपी की महिला सांसद ने कहा कि भारत को यह पता होना चाहिए उनकी सेना का कोई भी सिख सिपाही पाकिस्तान से जंग नहीं करेगा, क्योंकि यह गुरुनानक की धरती है। उन्होंने खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को शुक्रिया कहा, जिसने जंग में पाकिस्तान का साथ देने की बात कही थी।

देश-विदेश

हूती विद्रोहियों की खैर नहीं, अमेरिका के साथ मिलकर ब्रिटेन ने किया हमला

एजेंसी, दुबई

ब्रिटेन और अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब अमेरिका के नए अभियान 'ऑपरेशन रफ राइडर' में ब्रिटेन की सेना ने सक्रिय भागीदारी की है।

यह अभियान 15 मार्च से जारी है, जिसके तहत अब तक 800 से अधिक हमले किए जा चुके हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह हमला यमन की राजधानी सना के दक्षिण में स्थित इमारतों पर किया गया, जहां हूती विद्रोही ड्रोन तैयार करते थे। इन ड्रोन का इस्तेमाल लाल सागर और अदन की खाड़ी में हवाई हमला करने के लिए किया जाता था। मंत्रालय ने बताया कि हमला रात के अंधेरे में किया गया ताकि आम नागरिकों की मौजूदगी की आशंका कम रहे। हालांकि, ब्रिटेन ने अभी तक इस हमले में हुई क्षति या संभावित हताहतों की जानकारी नहीं दी है।

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल कुमार हुए सेवानिवृत्त

एजेंसी, जम्मू। लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सचिंद्र कुमार ने सेवानिवृत्ति के कारण बुधवार को उधमपुर स्थित उत्तरी कमान की जिम्मेदारी छोड़ दी। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा उत्तरी कमान के नए 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' होंगे और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में जारी टकराव की स्थिति के बीच वीरवार को पदभार ग्रहण करेंगे।

एसीबी ने सिसोदिया व सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला किया दर्ज

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के तहत 12,748 कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एसीबी ने एक बयान में कहा कि यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपए का है और इसमें अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए थे। बयान के अनुसार, कथित तौर पर प्रत्येक कक्षा का निर्माण 24.86 लाख रुपए में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना अधिक है। बयान के मुताबिक, यह कार्य कथित तौर पर आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को सौंपा गया था। इसमें कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी से भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 17-ए के तहत अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया।

आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसके नेताओं सिसोदिया और जैन को पार्टी की पंजाब इकाई का प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने के मद्देनजर उन पर दबाव बनाने और डराने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

आतंकी पन्नू का दावा : पटियाला में पाकिस्तान खालिस्तान जिंदाबाद के लिखवाए नारे

एजेंसी, पटियाला

खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया है कि पटियाला के कैंट इलाके में आर्मी स्कूल की दीवारों पर खालिस्तान और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे गए हैं। पन्नू ने वीडियो में दीवार पर नारे लिखे दिखाए।

आतंकी पन्नू ने वीडियो में आर्मी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी उकसाया। उसने कहा कि पाकिस्तान से युद्ध में तुम्हारे परिवार के लोग मारे जा सकते हैं। 1971 की लड़ाई की तरह मारे जाएंगे। ये आर्मी स्कूल के बच्चों की जिम्मेदारी है कि अपने परिवार को बचा लो। हालांकि, इस वीडियो सामने आने के बाद पटियाला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

31 मार्च को भी पन्नू ने पंजाब में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। उसने वीडियो जारी कर दावा किया था कि फिल्लौर के नंगल क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर खालिस्तानी नारे लिखवाए हैं। जालंधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनकी पहचान नकोदर के सुखबीर सिंह उर्फ राजन और अवतार सिंह उर्फ तारी के रूप में हुई थी।

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार अमेठी पहुंचे राहुल

अमेठी/ रायबरेली

राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन है। वह लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार अमेठी पहुंचे हैं। यहां ऑर्डनेंस फैक्टरी का निरीक्षण किया। इसके बाद संजय गांधी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करेंगे।

इधर, राहुल के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता ऑर्डनेंस फैक्टरी की ओर बढ़ रहे थे, उन्हें पुलिस ने रोक लिया। इस पर भाजपाई भड़क गए। उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की हुई। सुबह राहुल के खिलाफ जिला कांग्रेस ऑफिस, बस अड्डे समेत 20 जगहों पर 3 तरह के पोस्टर लगाए गए। पहले में राहुल की फोटो के साथ लिखा है- आतंक का साथी राहुल गांधी। दूसरे में राहुल, पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो लगी है। इसमें लिखा है- इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में गुलाम नबी आजाद, लश्कर आतंकी हाफिज सईद और सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी है। इसमें लिखा है- कांग्रेस आतंकियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। क्या राहुल और उनकी पार्टी पाकिस्तान और आतंकवादियों का एजेंडा आगे बढ़ा रही? हालांकि, यह पोस्टर किसने लगवाए। यह अब तक स्पष्ट नहीं है। अमेठी पुलिस ने सभी पोस्टर्स को हटा दिया है। सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं कि ये पोस्टर किसने और कब लगाए हैं।

बलूचिस्तान : पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 10 आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी, कराची

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने देश के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादियों को मार गिराया है। प्रांत में की गई ताजा कार्रवाई के दौरान केच और जियारत जिलों में आतंकवादी मारे गए।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, जिलों में अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों (आईबीओ) के दौरान आतंकवादियों को मार गिराया गया। जानकारी के अनुसार, केच जिले के तुरबत के पास एक अभियान के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए।

आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों और सशस्त्र आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। बयान के अनुसार, मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिनके बारे में आईएसपीआर ने कहा कि ये हथियार सुरक्षा बलों के खिलाफ किए गए कई हमलों और नागरिकों की हत्या में शामिल थे। इसके अलावा एक अलग घटना में सुरक्षा बलों ने जियारत जिले के चोटिर इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान सात आतंकवादियों को मार गिराया।

राजनाथ सिंह रूस की 'विक्टरी डे' परेड में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 मई को रूस की 'विक्टरी डे' परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ पर यह परेड आयोजित की जाएगी। रूस ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉस्को में आयोजित होने वाली परेड के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन भारत ने रूस को बताया कि सिंह इसमें शामिल होंगे। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, ''प्रधानमंत्री को मॉस्को में इस परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। रूसी पक्ष को पहले ही बताया गया था कि भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री सिंह करेंगे।''



बाजार — उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बाजार लगभग स्थिर बंद

सेंसेक्स लाल निशान में बंद

एजेंसी, मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की तेजी के बाद बुधवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली के बीच बाजार लगभग स्थिर रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, बाजार में व्याप्त नकारात्मक धारणा को विदेशी पूंजी की आवक जारी रहने से थोड़ा समर्थन मिला और गिरावट पर लगाम लगा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक यानी 0.06 प्रतिशत गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और सेंसेक्स ने 80,525.61 के ऊपरी एवं 79,879.15 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 1.75 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ।

आईपीएल-18 रिकॉर्ड

ऑरेंज कैप
साई सुदर्शन
456

पर्पल कैप
जोश हेजलवुड
18

सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
31

अंक तालिका

क्रमांक	टीम	मैच	जीत	हार	अंक
1.	बेंगलुरु	10	07	03	14
2.	मुंबई	10	06	04	12
3.	गुजरात	09	06	04	12
4.	दिल्ली	10	06	03	12
5.	पंजाब	09	05	03	11
6.	लखनऊ	10	05	05	10
7.	कोलकाता	10	04	05	09
8.	राजस्थान	10	03	07	06
9.	हैदराबाद	09	03	06	06
10.	चेन्नई	09	02	07	04

आईपीएल | राजस्थान की कठिन डगर पर सूर्यवंशी के रूप में मिली आशा की किरण

मुंबई का विजय रथ रोकने की कोशिश करेगा राजस्थान

एजेंसी, जयपुर

पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नये जोश के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है।

कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं। सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं। राजस्थान के निचले मध्य क्रम में शिमरोन हेटमायर पर दबाव होगा जो इस सत्र में अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

उसके तेज गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर ने सफलता जरूर दिलाई है लेकिन उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। संदीप शर्मा भी थोड़े महंगे साबित हुए हैं। असल में राजस्थान के किसी भी प्रमुख गेंदबाज का इकोनॉमी रेट नौ से कम नहीं है। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की वापसी सुखद रही है।

मुंबई की हमेशा की तरह शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन टीम ने अब पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। पंड्या ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, ''यह प्रतियोगिता बहुत कठिन है। हमें अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है। हमें हमेशा अगले मैच के लिए तैयारी करनी होगी और लय बरकरार रखनी होगी।''

पिछले मैच में मुंबई के लिए सकारात्मक पहलू कॉर्बिन बॉश का प्रदर्शन था जिन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं जो विपक्षी टीमों के लिए एक अशुभ संकेत है। (अनंत ज्ञान)

मैच : शाम 7.30 बजे से

संभावित टीमें

राजस्थान रॉयल्स : यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर।

मुंबई इंडियंस : सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज,कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

बड़े स्कोर के लिए जूझता रहा चेन्नई

एजेंसी, चेन्नई

आईपीएल का 49वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच चेपॉक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला। पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पंजाब की टीम के लिए यह फैसला फायदेमंद साबित हुआ। पंजाब ने चेन्नई पर शुरुआती ओवरों में ही रन बनाने पर पाबंदी लगा दी।

चेन्नई ने तीसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। शेख रशीद 11 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, आयुष म्हात्रे भी महज 7 रन बनाकर आउट होकर चलते बने। रशीद को अर्शदीप सिंह और म्हात्रे को मार्को यानसन ने कैच आउट कराया। हालांकि इसके बाद रवेंद्र जडेजा 12 गेंदों पर 17 रन बनाए और वह भी चलते बने।

उन्हें हरप्रीत बराड़ ने जोश इंग्लिस के हाथों कैच करवाया। समाचार लिखे जाने तक चेन्नई की टीम ने 11 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 96 रन बना लिए थे।

क्रीज पर सैम कुरेन 31 रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि ब्रेविस 23 रन बनाकर उनका साथ दे रहे थे। चेन्नई बड़े स्कोर के लिए जूझ रहा था।

लंदन मैराथन 2025 में डीआईजी मुकेश का डंका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल में आयोजित स्नो मैराथन के प्रतिभागी और एसएसबी सीटीसी सपड़ी के डीआईजी मुकेश कुमार ने लंदन मैराथन-2025 जीत कर इतिहास रच दिया है । वह चार एबॉट वर्ल्ड मैराथन मेजर्स स्टार अर्जित करने वाले भारत के पहले अधिकारी बन गए हैं। सपड़ी सशस्त्र सीमा बल के उपमहानिरीक्षक मुकेश ने 27 अप्रैल को प्रतिष्ठित टीसीएस लंदन मैराथन 2025 ,जो छह एबॉट वर्ल्ड मैराथन मेजर्स में से एक है, में सनसनीखेज जीत हासिल करके इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है।

डीआईजी मुकेश ने इस जीत का श्रेय लाहौल के चुनौतीपूर्ण इलाकों में एशिया की एकमात्र और दुनिया की सबसे ऊंची स्नो मैराथन को दिया है। लाहौल से सिस्सू में आयोजित स्नो मैराथन 2025 में जो शून्य तापमान और ऊंचाई पर बर्फ पर दौड़ने की स्थितियों का सामना करते हुए जो मैराथन पूरी की थी और उन परिस्थितियों में साहस और जीत के प्रति दृढ़ संकल्प बनाए रखा था उसके दूरगामी परिणाम मिले हैं।

डीआईजी मुकेश ने बताया की ऐतिहासिक चार सितारा उपलब्धि एबॉट वर्ल्ड मैराथन मेजर्स, दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित मैराथन (टोक्यो, बोस्टन, लंदन, बर्लिन, शिकागो और न्यूयॉर्क) की एक श्रृंखला है, जो धावकों को प्रत्येक दौड़ पूरी करने के लिए एक प्रतिष्ठित 'स्टार' प्रदान करती है। डीआईजी मुकेश कुमार ने कहा कि साहसिक खेलों और मैराथन के लिए प्रेरणा और समर्थन देने के लिए महानिदेशक एसएसबी अमृत मोहन प्रसाद का आभार व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि महानिदेशक एसएसबी ने उन्हें फोन पर उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए एसएसबी के लिए गौरव की बात कही है।

स्नो मैराथन के प्रतिभागी रहते हुए पूरी की मैराथन

साउदी को तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाना चाहती है इंग्लैंड टीम

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड की शुरुआत जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट के साथ

भारत के खिलाफ इन गर्मियों में होने वाली पांच टेस्ट मैच की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टीम साउदी को अपना तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाने पर विचार कर रहा है। न्यूजीलैंड का यह 36 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जगह लेने के दावेदारों में से एक है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह पद संभाला था।

एंडरसन काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण इस सत्र के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साउदी ने पिछले साल दिसंबर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उनके नाम पर 391 टेस्ट विकेट दर्ज हैं और वह न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। बीबीसी के अनुसार, उनके इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। मैकुलम के अलावा, न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर जीतन पटेल भी इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं, जो वर्तमान में स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर रहे हैं।

इंग्लैंड के गर्मियों के सत्र की शुरुआत अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। उसके बाद वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला और फिर 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में दूसरे स्थान पर पहुंचे प्रज्ञानानंद

एजेंसी, वारसॉ (पोलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने रोमानिया के डेक बोगडान डैनियल और अमेरिका के लेवोन एरोनियन से हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन फिर फ्रांस के फिरोज़ा अलीरेजा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को हराकर वापसी की। प्रज्ञानानंद ने अंतिम तीन राउंड में पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव, हम वतन अरविंद चिदंबरम और रोमानिया के डेविड गैवरिलेस्कु को हराकर नौ मैच में 5.5 अंक जुटाए।(अनंत ज्ञान)

आलिया रियाज खूबसूरत अंदाज में

पाकिस्तान। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की स्टार प्लेयर आलिया रियाज अकसर अपने खेल के अलावा खूबसूरती की वजह से भी चर्चा में रहती हैं। आलिया की सादगी का हर कोई कायल है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

पूर्व राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच सनी थॉमस का हुआ निधन

एजेंसी, कोच्चि। भारत को निशानेबाजी में ओलंपिक सहित प्रमुख प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व निशानेबाजी कोच सनी थॉमस का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे और उन्होंने कोट्टायम में अपनी अंतिम सांस ली। थॉमस के परिवार में उनकी पत्नी केजे जोसम्मा, बेटे मनोज सनी, सानिल सनी और बेटी सोनिया सनी हैं। इस पूर्व निशानेबाज ने 1993 से 2012 तक भारतीय निशानेबाजों का मार्गदर्शन किया। वह खेल के इतिहास में कई महत्वपूर्ण अवसरों के प्रत्यक्ष गवाह रहे थे। उन्हें 2001 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह 2004 में एथेंस ओलंपिक के दौरान कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे, जहां राज्यवर्धन सिंह राठौड़ पुरुषों की डबल ट्रैप में रजत के साथ निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। लेकिन उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण पल इसके चार साल बाद बीजिंग में आया जब अभिनव बिंद्रा पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। बिंद्रा ने थॉमस को हमेशा बहुत सम्मान दिया। (अनंत ज्ञान)

नारायण की गेंदबाजी ने अंतर किया पैदा : अनुकूल रॉय

एजेंसी, नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स के बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय ने स्वीकार किया कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को उनकी टीम मुश्किल में थी लेकिन अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने मैच का रुख मेहमान टीम के पक्ष में मोड़ दिया। नाइट राइडर्स के 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम सलामी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी (62 रन) और कप्तान अक्षर पटेल (43 रन) के बीच चौथे विकेट की 76 रन की साझेदारी की बदौलत तीन विकेट पर 136 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन नारायण (29 रन पर तीन विकेट) ने अपने लगातार ओवरों में इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स (01) को भी आउट करके मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 146 रन कर दिया और अंततः टीम नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी।

अनुकूल ने मैच के बाद प्रेस कॉफ्रेंस में कहा, ''दिल्ली की टीम काफी सकारात्मक बल्लेबाजी कर रही थी जिससे मुकाबला थोड़ा उनके पक्ष में मुड़ गया था। ऐसा लग रहा था कि हम मुश्किल में घिर रहे हैं लेकिन नारायण ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की और विकेट चटकाकर हमें वापसी दिलाई और अंततः हम मैच जीतने में सफल रहे।'' बड़े स्कोर वाले मैच में अनुकूल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 27 रन देकर एक विकेट चटकाया और मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे इस स्पिनर ने कहा कि वह मौके का फायदा उठाने के लिए तैयार थे।

अनुकूल ने कहा, ''मुझे कल (सोमवार को) अभ्यास सत्र के दौरान पता चला कि मैं खेल रहा हूं। कोलकाता में भी हम इसी तरह के विकेट पर खेलते हैं इसलिए मुझे पता था कि यहां कैसी गेंदबाजी करनी है।'' उन्होंने कहा, ''जब मौका नहीं मिल रहा था तब भी मैं चीजों को नजरअंदाज नहीं कर रहा था। अभ्यास सत्र के दौरान मैं ट्रेनिंग, दौड़ने, गेंदबाजी, बल्लेबाजी सभी चीजों का काफी अच्छी तरह अभ्यास कर रहा था और मौका मिलने का इंतजार कर रहा था। अगर आप अभ्यास नहीं करते हैं और मानसिक रूप से तैयार नहीं रहते हैं तो मौका मिलने पर इसका फायदा नहीं उठा पाते। (अनंत ज्ञान)

सितंबर में अपनी खुद की टी20 लीग शुरू करेगा क्रिकेट कीनिया

अनंत ज्ञान, नैरोबी। एक समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट देशों में सबसे मजबूत रहे कीनिया इस खेल को अपने देश में फिर से नया जीवन देने के लिए सितंबर में अपनी फ्रेंचाइजी आधारित लीग सीकेटी20 शुरू करेगा। कीनिया की टीम को एक समय काफी मजबूत माना जाता था और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन भी किया था, जिसमें 2003 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना भी शामिल था। लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिन्हें दुनिया भर से कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है।

क्रिकेट कीनिया और दुबई/भारत स्थित कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कैनेडी ओबुया ने कहा, ''यह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी।'' कीनिया की तरफ से 90 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, '''किसी भी मैच के लिए एक टीम को चार विदेशी खिलाड़ियों को ही अंतिम एकादश में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी। बाकी सभी खिलाड़ी स्थानीय होंगे।'' (अनंत ज्ञान)

महिला हॉकी : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सही संयोजन तैयार करने उतरेगा भारत

एजेंसी, पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारेगी और रक्षण से जुड़ी कुछ कमजोरियों को ठीक करने की कोशिश करेगी। यह श्रृंखला जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह इसके लिए अपने कोर ग्रुप की पहचान करने की उम्मीद कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम से लगातार दो हार के साथ दौरे की शुरुआत करने के बाद भारत दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने के लिए बेताब होगा।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरेंद्र सिंह ने कहा, ''पहले दो मैच में अधिकतर खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला है और अब हम खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयोजन आजमाएंगे। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि इसी तरह हम उन खिलाड़ियों की पहचान करेंगे जो यूरोप में आगामी प्रो लीग मैचों में खेल सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले नई खिलाड़ियों को कम से कम 35 मैच खेलने चाहिए। ऐसे टूर्नामेंटों की तैयारी करते समय हम यही लक्ष्य ध्यान में रखते हैं। '' ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत शुरुआती मैच में 3-5 से और दूसरे मैच में 2-3 से हार गया था। इन नतीजों के बावजूद हरेंद्र टीम के प्रयासों से खुश दिखे। कोच ने कहा, ''दोनों मैचों में हमने कुछ आसान गोल खाए हैं जो निराशाजनक थे, लेकिन इसके अलावा हमने कडी चुनौती पेश की। यह टेस्ट श्रृंखला है और इसमें जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करना होता है।''हरेंद्र ने कहा, 'हमारी टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो पहली बार विदेश दौरे पर आए हैं। मैं युवा खिलाड़ियों को मौका दे रहा हूं ताकि वह भविष्य के लिए तैयार रहें।' सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम को अब गुरुवार, शनिवार और रविवार को अगले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।(अनंत ज्ञान)

आईपीएल | एचपीसीए के स्टेडियम में होने वाले तीन मैचों को लेकर फैंस में खासा क्रेज

धर्मशाला में अब ऑफलाइन टिकटों की मारामारी

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

भारत में क्रिकेट सिर्फ खेल ही नहीं, बल्कि एक जुनून है। आईपीएल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आईपीएल के मौजूदा सीजन में हिमाचल प्रदेश का धर्मशाला भी चर्चा में है, जहां इस बार तीन बड़े मुकाबले खेले जाने हैं। इन मैचों के लिए जब ऑफलाइन टिकट काउंटर खोला गया तो वहां भारी भीड़ देखने को मिली। टिकट पाने के लिए लोगों में काफी मारामारी देखी गई।

एचपीसीए के खूबसूरत मैदान में होने वाले तीन मैचों को देखने के लिए युवा फैंस दूर-दूर से धर्मशाला पहुंच रहे हैं। उनमें 4 मई को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) वर्सेज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर खासा क्रेज है। यहां भारी संख्या में टिकट पाने के लिए लोग पहुंच रहे हैं, वहीं भारी संख्या में पर्यटक भी स्टेडियम को देखने के लिए आ रहे हैं। हालांकि मैचों में सुरक्षा व तैयारियों को लेकर एचपीसीए द्वारा अब पर्यटकों के लिए स्टेडियम के भीतर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया उसके बाद भी पर्यटक लगातार स्टेडियम का रुख कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 8 मई को होने वाले पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल मैच की ऑफलाइन टिकटों की बिक्री बुधवार को शुरू हो गई। काउंटर पर क्रिकेट प्रेमियों को 1500 रुपये में सस्ता टिकट मिल रहा है।

वीरवार को भी टिकट बिक्री जारी रहेगी। इस बार पिछली बार के मुकाबले 300 रुपए कम दाम में सबसे सस्ता टिकट मिल रहा है। स्टेडियम में केवल एक ही स्टैंड लगाया गया है, जबकि पिछले साल सबसे सस्ते टिकट के चार स्टैंड उपलब्ध थे। धर्मशाला पहुंचे जब कुछ क्रिकेट प्रेमियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में ऐसा स्टेडियम कहीं नहीं है। जो मजा यहां लाइव मैच देखने में आता है, वो कहीं नहीं आता है। पंजाब किंग्स का यह होम ग्राउंड है और इस बार टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, जिससे फैंस को बहुत उम्मीदें हैं। एक युवक ने बताया कि हर बार जब धर्मशाला में मैच होता है, तो वह दोस्तों के साथ टिकट लेकर जरूर पहुंचता है, क्योंकि यह अनुभव यादगार होता है। धर्मशाला में तीन मैच 4, 8 और 11 मई को होने जा रहे हैं। टूरिज्म इंडस्ट्री को भी बूस्ट मिलने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

ड्रोन से रखी जाएगी भीड़ पर नजर

क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले मैचों के आयोजन के लिए एचपीसीए और स्थानीय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। धर्मशाला की एडीएम शिल्पी बेक्टा ने बताया कि आईपीएल मैचों के दौरान ड्रोन की मदद से भीड़ पर नजर रखी जाएगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। 4 मई को धर्मशाला में पहला आईपीएल मैच होगा और उसी दिन पूरे देशभर में नीट की परीक्षा भी आयोजित की जा रही है। ऐसे में छात्रों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा।

गाबा पर तीसरे टेस्ट में मौका न मिलने पर किया था संन्यास का ऐलान : अश्विन

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के पूर्व आफ स्पिनर आर अश्विन ने अपने सौवें टेस्ट के बाद संन्यास लेने का सोचा था लेकिन आस्ट्रेलिया दौरे के बीच में यह फैसला इसलिए लिया ताकि अंतिम एकादश में उनकी जगह को लेकर 'पूरा सर्कल' फिर से नहीं दोहराया जाए। चेन्नई सुपर किंग्स के नए पॉडकास्ट में अश्विन ने चेन्नई टीम के साथी खिलाड़ी माइक हस्सी से कहा कि उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में टीम में जगह नहीं मिलने के बाद संन्यास का फैसला कर लिया था । उस मैच में अश्विन की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खेलने का मौका मिला।

अश्विन ने एडीलेड में दूसरा टेस्ट खेला लेकिन गाबा पर तीसरे टेस्ट में उन्हें मौका नहीं दिया गया जिसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान किया । अश्विन ने कहा ,'' ईमानदारी से कहूं तो मैं अपने सौवें टेस्ट (मार्च 2024 में धर्मशाला में) के बाद संन्यास लेना चाहता था । फिर मैने सोचा कि घरेलू सत्र में एक मौका और लेते हैं क्योंकि मैं अच्छा खेल रहा था, विकेट ले रहा था, रन बना रहा था ।''

उन्होंने कहा ,'' मैने सोचा कि चेन्नई टेस्ट (बांग्लादेश के खिलाफ) के बाद संन्यास लूंगा लेकिन फिर मैने छह विकेट लिये और शतक बनाया । अच्छा प्रदर्शन करते हुए छोड़ना बहुत मुश्किल होता है ।'' अश्विन ने कहा ,'' मैं फिर खेलता गया और फिर हम न्यूजीलैंड से हार गए । फिर मैने सोचा कि चलो आस्ट्रेलिया दौरे पर देखते हैं कि प्रदर्शन कैसा रहता है । आस्ट्रेलिया दौरे पर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा था ।'' उन्होंने कहा ,'' फिर जब पर्थ टेस्ट में जगह नहीं मिली तो मैने सोचा कि यह पूरा सर्कल फिर नहीं दोहराना है। (अनंत ज्ञान)